फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 106 प्रभात जयपुर, मंगलवार 17 नवम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT


जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



He Conquered An Empire and...

Alexander noticed that the horse was frightened by its own shadow. He turned it towards the sun, calmed it

Before the Khans and Kapoors

They embodied a new kind of femininity, independent, expressive, and unafraid of judgment

सोनिया गांधी के ''बुक लॉन्च'' पर, अशोक गहलोत की उपस्थिति ने सबको चौंकाया

अशोक गहलोत ने मु.मंत्री पद पर रहते हुए, सोनिया गांधी पर खुली बगावत का नेतृत्व किया था

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। राहुल गांधी ने कहा था कि यह कहना गलत है कि सोनिया गांधी अंतर्मुखी (इन्ट्रोवर्ट) तथा कम बोलने वाली थीं और मिलनसार स्वभाव की नहीं थीं। राहुल गांधी ने यह बात किताब में वर्णित राजीव गांधी व सोनिया गांधी के आत्मीय संबंधों के संदर्भ में कही थी।

उनका कहना था कि सोनिया गांधी एक्स्ट्रोवर्ट, मौज-मस्ती पसंद करने वाली और मिलनसार थीं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या के बाद ही वह पहले की तुलना में अधिक शांत और कम बोलने वाली हो गईं।

- इस बुक लॉन्च के अवसर पर, हालांकि, इंडिया ब्लॉक के कई मु.मंत्री सपत्नीक उपस्थित थे। जैसे उमर अब्दुल्ला व उनकी पत्नी निधि राजदान, उमर के पिता फारूख अब्दुल्ला, झारखंड के मु.मंत्री हेमन्त सोरेन व उनकी पत्नी, यू.पी. के पूर्व मु.मंत्री अखिलेश यादव व उनकी पत्नी डिम्पल तथा पंजाब के पूर्व मु.मंत्री अमरिंदर सिंह आदि।
- सोनिया गांधी ने अखिलेश यावद व उनकी पत्नी को सबसे ज्यादा महत्व दिया और सारे समय दोनों को अपने नज़दीक ही बिठाए रखा।

सोनिया गांधी ने स्वीकार किया कि वे भारत में एक्सैप्टबिलिटी और अपनापन ढूंढ रही थीं और यह उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण था।

उनका पूरा सफर और एक्सैप्ट किए जाने की उनकी चाहत ही उनकी जिंदगी और किताब, दोनों का सार है।

दिलचस्प बात यह है कि सोमवार 16 नवंबर को हुए सोनिया गांधी की आत्मकथा के अधिकारिक लॉन्च समारोह में, विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्रियों में उमर अब्दुल्ला अपनी पत्नी निधि और पिता फारूक अब्दुल्ला के साथ मौजूद थे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी के साथ और अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल के साथ सोनिया गांधी के बगल में बैठे थे,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'दो सप्ताह में न्यू सांगानेर रोड का अतिक्रमण हटाएं'

जयपुर 16 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जेडीए और नगर निगम को कहा है कि वे दो सप्ताह में सोडाला से गुर्जर की थड़ी स्थित न्यू सांगानेर रोड के अतिक्रमण हटाकर अदालत में पालना रिपोर्ट पेश करें। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने जेडीए आयुक्त, सचिव और नगर निगम आयुक्त को व्यक्तिगत

- हाई कोर्ट ने जेडीए को पालना रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए।

रूप से 7 दिसंबर को हाजिर होकर जवाब देने को कहा है। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में कुछ प्रभावितों की ओर से पक्षकार बनने के प्रार्थना पत्रों को खारिज कर दिया है, हालांकि अदालत ने इन्हें इंटरवीनर के तौर पर अदालत में पक्ष रखने की छूट दी है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश सुरेश चन्द्र रावत की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान, जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुडी ने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अमिताभ बच्चन ने कहा, ''बच गए''

बच्चन ने सोशल मीडिया पर, एक संक्षिप्त टिप्पणी में सोमवार को कहा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 नवंबर। महानायक अमिताभ बच्चन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय संदेश साझा करते हुए लिखा, ''बच गए।'' यह संदेश उन खबरों के बीच आया है, जिनमें कहा गया है कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े दो कथित हमलावरों को अमिताभ बच्चन पर हमले की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

अभिनेता ने अपनी इस पोस्ट के बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया और न ही सीधे तौर पर कथित धमकी का जिक्र किया। हालांकि, उनकी यह टिप्पणी दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा तीन दिन पहले दो कथित हमलावरों को गिरफ्तार किए जाने के बाद आई है। खबरों के अनुसार, ये दोनों दिल्ली के एक कारोबारी और अमिताभ बच्चन को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे।

- हालांकि, बच्चन ने इस टिप्पणी के आगे कुछ नहीं लिखा, पर जैसा कि विदित ही है, दो ''शूटर'', जिनका लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से सीधा संबंध बताया जाता है, को तीन दिन पहले, दिल्ली पुलिस के स्पैशल सैल ने गिरफ्तार किया है।
- इन शूटर्स को अमिताभ बच्चन व दिल्ली के बिज़नैस मैन को निशाना बनाने की जिम्मेवारी सौंपी थी, तथाकथित लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने।

ये गिरफ्तारियां 13 नवंबर को की गई थीं। आरोपियों की पहचान विकास ठाकुर के रूप में हुई है, जिसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया, जबकि दीपक को मुंबई से गिरफ्तार किया गया।

ओझा ने कहा, ''पूछताछ के दौरान दीपक ने कथित तौर पर खुलासा किया कि उसे मुंबई में बॉलीवुड के एक मशहूर अभिनेता पर गोली चलाने का निर्देश दिया गया था।'' खबर में पुलिस की जांच के हवाले से बताया गया है कि निशाने पर वह अभिनेता था, जिसने कथित तौर पर 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर टिप्पणी की थी। यह निर्देश लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक गैंगस्टर की ओर से दिए गए थे, जिसके बारे में माना जाता है कि वह विदेश में बैठकर गिरोह चला रहा है।

राम मंदिर की यात्रा के प्लान से फिर मुद्दे को सैंटर स्टेज दिलवाया

अखिलेश की प्रस्तावित यात्रा के विरोध में अयोध्या का संत समुदाय, मु.मंत्री योगी व अन्य राम भक्त संगठित हुए

- श्रीनंद झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 16 नवंबर। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अनजाने में ही हिंदुत्व की बहस को फिर से हवा दे दी है। उन्होंने घोषणा की है कि वे अपनी पत्नी डिंपल के साथ 12 दिसंबर को अयोध्या मंदिर जाएंगे। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले की गई इस घोषणा के बाद राजनीतिक और धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। अयोध्या के करीब 400 संतों और साधुओं ने इस दौरे का विरोध किया है। उन्होंने मांग की है कि यादव पहले अपने पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल के दौरान 1990 में कारसेवकों पर हुई पुलिस गोलीबारी के लिए माफी मांगें।

मणिराम छावनी में हुई एक बैठक में संतों ने संकल्प लिया कि जब तक यादव गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिवारों और संत समाज से माफी नहीं मांगते, तब तक उन्हें अयोध्या की

- ''जब तक अखिलेश, अपने पिता मुलायम सिंह व उनकी सरकार के राम भक्तों पर गोली चलाने व संतों पर लाठी चार्ज के दुष्कर्म की माफी नहीं मांगते, अखिलेश को ''पंचकोसी'' सीमा में नहीं घुसने दिया जाएगा।''
- अखिलेश भी अयोध्या के राम मंदिर में ''चंदा चोरी'' के मुद्दे को बार-बार उठाते रहे हैं।

पारंपरिक पांच कोसी पवित्र सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। श्रीराम मंदिर धार्मिक कमेटी के स्वामी राजकुमार दास जैसे संतों ने प्रस्तावित दर्शन को विशुद्ध धार्मिक यात्रा के बजाय, राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा है कि माफी मांगे जाने तक विरोध जारी रहेगा।

समाजवादी पार्टी के लिए, यह दौरा हिंदुत्व की सोच को कम करने, अपने पारंपरिक पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) बेस से आगे बढ़ने और यह संदेश देने की कोशिश है कि भगवान राम सभी के हैं। यादव ने इसके जवाब में कहा है कि ''भगवान सबके हैं।'' उन्होंने वादा किया है कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो अयोध्या को ''सनातन तीर्थयात्रा की वैश्विक राजधानी'' बनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर के प्रबंधन में पारदर्शिता लाई जाएगी और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा।

तथापि, उत्तर प्रदेश की राजनीति पर नजर रखने वाले जानकारों का मानना है कि अखिलेश का यह कदम उलटा भी पड़ सकता है। इस फैसले का राजनीतिक असर तुरंत और तीखे रूप

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अमेरिका ने एक और एयरक्राफ्ट कैरियर मिडिल ईस्ट भेजा

वाशिंगटन (अमेरिका), 16 नवंबर। संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच, अपना तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) भेजा है। इसके साथ ही, मिडिल

- अमेरिका के दो एयरक्राफ्ट कैरियर पहले ही यहां तैनात हैं।

ईस्ट में अमेरिका के तीन एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप तैनात हो गए हैं। इससे मिडिल ईस्ट में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी और मजबूत हो गई है।

एक्सिओस, सीबीएस न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, रूजवेल्ट रविवार को अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड के क्षेत्र में पहुंचा। संयुक्त राज्य अमेरिका के दो एयरक्राफ्ट कैरियर इस क्षेत्र में पहले से काम कर रहे थे। अब थियोडोर रूजवेल्ट के पहुंचने से इनकी संख्या तीन हो गई है। एयरक्राफ्ट कैरियर समुद्र में बड़े सैन्य अड्डे की तरह होता है। इससे लड़ाकू विमान उड़ान भर सकते हैं और सैन्य अभियान चलाए जा सकते हैं। इसके

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

सोनिया गांधी ने अपने ''बुक लॉन्च'' उत्सव में राहुल गांधी की विशेष बढ़ाई की

उन्होंने कहा, राहुल अपनी बात बड़ी मजबूती व वेबाक तरीके से पेश करते हैं, उनके राजनीतिक विश्लेषण, राजनीतिक मुद्दों पर सोच की गहराई, वाकई काबिले तारीफ है

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 16 नवंबर। सोनिया गांधी की बहुप्रतीक्षित किताब, ''बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव'', प्रकाशित होने के बाद से ही सुर्खियां बटोर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ उनकी लव स्टोरी, भारतीय खानपान के साथ उनकी शुरुआती मुश्किलों से लेकर जीवन में झेले गए उनके व्यक्तिगत दुख, पारिवारिक रिश्ते और राजनीति में उनके सफर तक, इस किताब ने पाठकों को चर्चा के काफी विषय दिए हैं।

आज, सोमवार 16 नवंबर को सोनिया गांधी नई दिल्ली में अपने संस्मरण के औपचारिक विमोचन समारोह में शामिल हुईं। इससे कुछ दिन पहले ही, प्रकाशक ने इस किताब के कुछ अंश मीडिया के लिए जारी कर दिये थे।

- सोनिया गांधी की किताब का अधिकृत लोकार्पण (फॉर्मल लॉन्च), बहुत की स्नेहपूर्ण आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिसमें कोई राजनीतिक बात या मुद्दा नहीं उठाया गया। हालांकि, पिछले दिनों, सोनिया गांधी की किताब काफी कुछ ''विवादास्पद और राजनीतिक कटुता का छौंक लिए हुए भी रही है।''

जहां इस संस्मरण से जुड़े राजनीतिक खुलासों और विवादों ने काफी ध्यान खींचा है, वहीं इस किताब को तैयार करने के पीछे परिवार से जुड़ी एक दिल को छू लेने वाली कहानी भी है।

दरअसल, सोनिया गांधी के बच्चों, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी मां की जीवन कहानी को शब्दों में ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

किताब के आभार वाले हिस्से में सोनिया गांधी ने बताया है कि उनके बच्चों ने लेखन के दौरान किस तरह उनकी मदद की।

उन्होंने लिखा है, ''मैं राहुल और प्रियंका की दिल से आभारी हूं, जिनका लगातार मिलने वाला प्यार और देखभाल हर कदम पर मेरा सहारा रहे हैं।'' उन्होंने आगे बताया कि दोनों ने किताब लिखने में भी उनकी सहायता की।

सोनिया बताती हैं कि राहुल ने अपने राजनीतिक विश्लेषण और विचारों से योगदान दिया, जो उनके लिए काफी उपयोगी साबित हुए। हालांकि, कई बार राहुल अपनी बात बहुत जोर देकर रखते थे।

सोनिया लिखती हैं, ''राहुल के राजनीतिक विश्लेषण और विचार, भले ही कभी-कभी बहुत जोर देकर रखे गए हों, लेकिन हमेशा सटीक और रचनात्मक होते थे।'' उन्होंने आगे कहा कि परिवार के आपसी रिश्तों को लेकर राहुल की टिप्पणियां भी उतनी ही उपयोगी थीं।

वहीं, प्रियंका ने एक अलग तरीके से अपनी मां की मदद की।

अपनी बेटी को ''खुद भी एक बहुत अच्छी लेखिका'' बताते हुए, सोनिया ने कई ऐसे अंशों को लिखने और बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने का श्रेय प्रियंका को दिया है, जिन्हें लिखना उनके लिए विशेष रूप से कठिन था।

इनमें उनके जीवन की कुछ सबसे दर्दनाक यादें भी शामिल थीं, जिनके बारे में सोनिया स्वीकार करती हैं कि उनका दिमाग बंद हो गया था।

लेकिन इस पारिवारिक प्रयास में केवल राहुल और प्रियंका ही शामिल नहीं थे।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'सन्नी देओल की ''सूर्या'' फिल्म बिना प्रमाण पत्र के कहीं नहीं दिखाएं'

जयपुर, 16 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने सन्नी देओल अभिनीत फिल्म ''सूर्या-अंत से आरंभ तक'' को सिनेमैटोग्राफ एक्ट के तहत प्रमाण पत्र जारी होने से पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित किसी भी मंच पर

- इंडियन मैडिकल एसोसिएशन की याचिका पर हाई कोर्ट ने आदेश दिया।

प्रदर्शित नहीं करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में फिल्म के निर्माता को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता प्रियांशी कट्टा ने अदालत को बताया कि ''सूर्या-अंत से आरंभ तक'' फिल्म 20 नवंबर को रिलीज होने जा रही है, जिसे प्री-रिलीज आधार पर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। याचिका में कहा गया कि इस फिल्म में चिकित्सकों की मानहानि की गई है और उनका

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

चीन ने पूर्णतय बैटरी से संचालित हवाई जहाज बनाया व उड़ाया

यह विमान 19 यात्रियों को लेकर 57 मिनट उड़ा और 60.4 किलोमीटर की यात्रा पूरी की

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। चीन ने इलेक्ट्रिक परिवहन के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। उसने बैटरी से चलने वाले 19 सीटों के यात्री विमान की पहली मानव-संचालित उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। इसे इलेक्ट्रिक एविएशन के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति माना जा रहा है। सीई-25ए विमान की यह टैस्ट फ्लाइट भविष्य में इलैक्ट्रिक-पावर्ड रीजनल एयर ट्रैवल का रास्ता खोल सकती है, हालांकि इसके कमर्शियल ऑपरेशन में अभी कुछ समय लगेगा।

दस टन वजनी इस विमान ने 14 नवंबर को शानदोंग प्रांत में उड़ान भरी। इसमें दो पायलट और एक उड़ान परीक्षण इंजीनियर सवार थे। कमर्शियल एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन ऑफ चाइना (सीओएमएसी/कोमैक) ने बैटरी निर्माता सीएटीएल, शंघाई जियाओतोंग विश्वविद्यालय और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इसे विकसित किया है। यह एयरक्राफ्ट एविएशन सैक्टर में इलेक्ट्रिक व्हीकल और बैटरी टैक्नॉलजी में चीन की ताकत को एविएशन में बदलने की कोशिश को दिखाता है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, कोमैक के हवाले से बताया गया कि परीक्षण के दौरान विमान ने सामान्य रूप से काम किया और उसके सभी परफॉरमैंस इंडिकेटर्स उम्मीदों के अनुरूप रहे। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बताया कि उड़ान कुल 57 मिनट और 46 सेकंड तक चली। विमान 16 मिनट और 38 सेकंड तक हवा में रहा और इस दौरान उसने 60.4 किलोमीटर की दूरी तय की।

सीई-25ए को अधिकतम 19 यात्रियों को ले जाने और लगभग 400 किलोमीटर तक उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका अधिकतम उड़ान भरने का वजन 10 टन, सामान्य उड़ान गति 300 किलोमीटर प्रति घंटा और उड़ान की

- चीन ने इस उड़ान से अपनी बैटरी बनाने की टैक्नॉलजी की जानी मानी श्रेष्ठता को पूरी तरह स्थापित किया तथा इस श्रेष्ठता का उपयोग नागरिक उड्डयन में भी करके विश्व को अचंभित किया।
- हालांकि, अभी इस टैक्नॉलजी को कमर्शियल तरीके से उपयोग में लाने में समय लगेगा, पर, इस टैक्नॉलजी के विकास की यात्रा में यह मील का पत्थर है।
- यह जरूर माना जा रहा है कि इस नई टैक्नॉलजी से चलने वाले हवाई जहाज लंबी-लंबी हवाई यात्रा नहीं कर पाएंगे। पर, यह उम्मीद है कि यह नई टैक्नॉलजी हवाई यात्रा की कीमत में काफी कमी लाएगी।

ऊंचाई 2,400 मीटर है। इसलिए इसका मुख्य उद्देश्य लंबी दूरी की हवाई यात्रा के बजाय, कम दूरी की रीजनल कनैक्टिविटी को बढ़ावा देना है।

इस एयरक्राफ्ट की सबसे खास बात इसकी इलेक्ट्रिक प्रोपैल्शन प्रणाली है। परंपरागत यात्री विमान जैट या टर्बोप्रॉप इंजन से चलते हैं, इसके विपरीत, सीई-25ए में पंखों के साथ कई विशेष नलिकाकार पंखे (डक्टेड फैन) लगाए गए हैं। ये पंखे इलेक्ट्रिक मोटरों से चलते हैं, जिन्हें विमान में लगी बैटरी से बिजली मिलती है।

इसमें कई जगहों पर लगाए गए पंखों और मोटरों की व्यवस्था को पारंपरिक इंजन प्रणाली के विकल्प के रूप में विकसित किया गया है। हालांकि, ऊर्जा की बचत, संचालन की लागत और उड़ान के प्रदर्शन के मामले में इसके वास्तविक फायदे क्या होंगे, यह आगे होने वाले परीक्षणों से ही स्पष्ट हो सकेगा।

इस ताजा उड़ान से पहले भी विमान के विकास की दिशा में कई चरण पूरे किए जा चुके हैं। इस विमान ने 2 फरवरी, 2026 को अपनी पहली स्वचालित और बिना पायलट वाली उड़ान पूरी की थी। इसके बाद, बिना चालक दल के 19 परीक्षण उड़ानें भी की गईं। चौदह नवंबर का परीक्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, क्योंकि इसमें विमान ने चालक दल के साथ उड़ान भरने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की।

यह परियोजना सड़क परिवहन से आगे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में भी अपनी लीडरशिप बढ़ाने की चीन की महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। कोमैक की विमान निर्माण क्षमता, सीएटीएल की बैटरी तकनीक और शैक्षिणक अनुसंधान को एक साथ लाकर, यह पहल एविएशन सैक्टर की सबसे बड़ी टैक्नोलॉजिकल चुनौतियों में से एक का समाधान खोजने की कोशिश करती है। यह चुनौती है, पैसैंजर मार्केट की सेवा के लिए काफी बड़ी बैटरी से चलने वाले एयरक्राफ्ट बनाना।

हालांकि, इस सफल उड़ान को व्यावसायिक सेवा के लिए विमान की पूरी तैयारी नहीं समझना चाहिए। सीई-25ए को चीन के सीसीएआर-25 ''ट्रांसपोर्ट कैटेगरी एयरवर्थनैस रैगुलेशन'' के तहत विकसित किया जा रहा है। चीन के नागरिक उड्डयन प्रशासन ने इसके टाइप सर्टिफिकेट यानी विमान के डिज़ाइन और सुरक्षा मानकों की आधिकारिक मंजूरी के लिए दिए गए आवेदन को स्वीकार कर लिया है, जो अप्रूवल प्रोसैस में एक मील का पत्थर है।

किराया देकर यात्रा करने वाले यात्रियों को ले जाने से पहले इस विमान को अभी बड़े पैमाने पर टैस्टिंग से गुजरना होगा और रैगुलेटर की सुरक्षा तथा प्रदर्शन संबंधी शर्तों को पूरा करना होगा। बैटरी का वजन, उसमें ऊर्जा संग्रह करने की क्षमता, उड़ान की दूरी और

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'ग्यारह साल बाद दहेज की मांग उचित नहीं लगती'

जयपुर, 16 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना से जुड़े 11 साल पुराने मामले को रद्द करते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन में होने वाले छोटे-मोटे झगड़े, चिड़चिड़ापन और आपसी नाखुशी हर बार कानूनी रूप से क्रूरता की श्रेणी में नहीं आते हैं। अदालत ने

- हाई कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवादों में दहेज प्रताड़ना की धारा को हथियार बनाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

माना कि वैवाहिक विवादों में अस्पष्ट आरोप लगाकर कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया जा रहा है। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश उदयपुर निवासी व्यक्ति की ओर से दायर याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि शादी के 11 साल बीत जाने के बाद अचानक दहेज की मांग को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराना संभव प्रतीत नहीं होता है। रिकॉर्ड पर ऐसा कोई सहायक तथ्य या सबूत मौजूद नहीं था, जो दहेज की मांग

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

उस मनुष्य से गरीब कोई नहीं, जिसके पास केवल धन है। –कहावत

एसआईआर का अर्थ, हजारों करोड़ व्यर्थ

23 सितंबर, 2026 को इंडियन एक्सप्रेस में चुनाव आयोग के दो आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार मुख्य चुनाव आयुक्त के निर्णय और उनकी कार्य प्रणाली पर आपत्ति किए जाने का समाचार प्रकाशित हुआ । इस रिपोर्ट में विस्तार से यह खुलासा किया गया था कि किन-किन बिंदुओं पर आयुक्तों ने आपक्तियां व्यक्त की थीं, किंतु इसके बाद भी मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा आदेश जारी कर दिए गए। इसके बाद लगातार विपक्षी दलों एवं सिविल सोसाइटी संगठनों द्वारा देश के विभिन्न भागों में आंदोलन प्रारंभ हुए। इसमें कई गैर राजनैतिक हस्तियां भी शामिल हुईं। कॉकरोच जनता पार्टी ने एस आई आर निरस्त करने और ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग की। यह आंदोलन शीघ्र ही इतना बढ गया कि सरकार ने बौखला कर दिल्ली में सभी प्रकार के प्रदर्शनों पर रोक लगा दी और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लगा दी। दिल्ली में प्रदर्शन को रोकने के लिए लगभग 50000 पुलिस कर्मी और विभिन्न अर्ध सैनिक बलों को तैनात कर दिया गया।

बढते आंदोलन एवं तीव्र विरोध को देखते हुए गत 50 दिनों में चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर संबंधी अपने कई निर्णयों को वापस ले लिया गया। एक प्रकार से चुनाव आयोग ने बैकफुट पर जा कर कई यू टर्न ले लिए। यू टर्न लेने का यह सिलसिला अभी तक जारी है।

यह उल्लेखनीय है कि एस आई आर के कारण लगभग 13 करोड मतदाताओं के वोट कट गए। इनमें 2.89 करोड तो उत्तर प्रदेश में थे।इसी बीच, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव भी हो गए। जून 2025 से, जब से एस आई आर प्रारंभ हुआ, तब से इस पर हजारों करोड रुपए खर्च हो चुके हैं। इस पर खर्चा केवल चुनाव आयोग और सरकारों द्वारा ही हुईनहीं किया गया अपितु लाखों, करोडों प्रवासी मजदूरों द्वारा भी खर्च किया गया जो अपना काम छोड कर बंगाल और बिहार गए। इसके कारण उन्हें अत्यंत परेशानी और प्रताडना का भी सामना करना पडा। इन लोगों से अपनी भारतीय नागरिकता सिद्ध करने के लिए अनेक प्रकार के दस्तावेज मांगे गए, जिन्हें बनवाने के लिए अनेक सरकारी कार्यालयों के कई बार चक्कर लगाने पडे। इस बीच, कुछ राज्यों में चुनाव भी हो गए और इन्हीं कटी हुई मतदाता सूचियों के आधार पर भाजपा और समर्थित दलों की सरकारें भी बन गईं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी निरंतर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी का आरोप, प्रमाण सहित, लगाते रहे किंतु उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। वे आयोग से पूछे जा रहे अनेक प्रश्नों का उत्तर देने के लिए सामने नहीं आये । वे एक प्रकार से अहंकार में ही डूबे रहे और मनमाने आदेश जारी करते रहे। यह बताना प्रासंगिक होगा कि 2023 में सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त को किसी भी आपराधिक कार्यवाही से आजीवन बचाने के लिए उन्हें पूर्ण सुरक्षा दे दी। इसका अर्थ यह हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त गणेश कुमार द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय के लिए उनके विरुद्ध जीवन भर कोई भी कार्रवाई कानूनी रूप से नहीं हो सकती एवं न हीं उन्हें किसी प्रकार की कोई सजा दी जा सकती है। यह सर्वविदित है कि उन्हें सत्ताधारी दल का पूर्ण संरक्षण प्राप्त था। सत्ताधारी दल के कई नेता खुलकर चुनाव आयोग के निर्णय का समर्थन कर रहे थे।

अब जबकि, चुनाव आयोग अपने सभी निर्णय,एक एक कर, यू टर्न लेकर बदल रहा है तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ये सारे निर्णय पहले लिए ही क्यों गए थे? इससे पहले कि हम इस प्रश्न पर विचार करें, पाठकों के लिए यह जानना उपयुक्त होगा कि अब तक चुनाव आयोग कौन कौन से 'यू टर्न' ले चुका है?

सबसे बडा यू टर्न, मतदाता के माता पिता/ दादा - दादी की पुराने एस आई आर से 'मैपिंग' की अनिवार्यता को समाप्त करने का था। नाम जुडवाने के लिए एन्यूमरेशन फॉर्म के साथ में अपने परिवार के माता-पिता और दादा दादी का नाम पुरानी एस आई आर में होने की जो अनिवार्यता रखी गई थी, उसे समाप्त कर दिया गया। मतदाता सूचियों में नाम अंकित करने में यही बात सबसे बडी अडचन सिद्ध हो रही थी। इसी के कारण लाखों व्यक्ति नाम जुडवाने से वंचित रहे। इनमें से कोई तो ऐसे प्रबुद्ध व्यक्ति तक थे जो वर्षों से किसी स्थान पर अपना मत दे रहे थे, किंतु केवल इस मैपिंग के अभाव के कारण उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड पाया। अब इस निर्णय को वापस ले लिया गया है ।

दूसरा बडा 'यू टर्न' मतदाता सूचियों को मशीन रीडेबल फॉरमेट में उपलब्ध कराने से संबंधित है। अब आयोग मतदाता सूचियां "मशीन रीडेबल फॉरमेट" में उपलब्ध कराएगा। इसका अर्थ यह हुआ कि कोई भी व्यक्ति, अन्य किसी भी व्यक्ति का नाम किसी बूथ की मतदाता सूची में है अथवा नहीं, यह देख सकेगा। अब तक चुनाव आयोग इस बात पर अडा हुआ था कि वह "मशीन रीडेबल फॉरमैट" में सूचियां उपलब्ध नहीं कराएगा जिसके कारण यह पता नहीं चल पाता था कि किस मतदान केंद्र पर कितने लोगों के नाम कटे या कितने लोगों के नाम जुड गए ?

इंडियन एक्सप्रेस के 23 सितंबर के खुलासे के बाद पहली प्रेस विज्ञिप्त में 28 सितंबर को चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया था कि जो भी व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में जुडवाना चाहे वह फार्म 6 भर कर जुडवा सकता है। इस हेतु विभिन्न राज्यों में नाम जुडवाने की अंतिम तिथि को बढा दिया गया। इसके बाद कई लोगों ने नाम जुडवाने की कार्रवाई प्रारंभ की। इसमें भी एक समस्या यह आई कि फॉर्म 6 में यह घोषणा करनी होती है कि वह व्यक्ति पहली बार वोटर बन रहा है, जबकि वास्तविकता में वह व्यक्ति कई वर्षों से मतदाता सूची में था । इस प्रकार उससे मजबूरन गलत शपथ पत्र बनवाया जा रहा था और उसे दण्ड का भागी बनाया जा रहा था। चुनाव आयोग अडा हुआ था कि वह फॉर्म 6 के माध्यम से ही सूचि में नाम जोडेगा। इसका बहुत विरोध हुआ और मीडिया में इसे प्रमुखता से उठाया गया। महाराष्ट्र के सीईओ ने इस बारे में फॉर्म 6 को संशोधित करने की बात चुनाव आयोग से कही। अब, चुनाव आयोग ने पुन: नाम जुडवाने के लिए फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया समाप्त कर दी है। अत: अब आसानी से वे लोग नाम जुडवा पाएंगे जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे और काट दिए गए।

एस आई आर पर हजारों करोड रुपए का निरर्थक व्यय और लाखों, करोड़ों लोगों को हुई परेशानी की भरपाई कौन और कैसे करेगा? क्या सत्ताधारी दल के हाथों की कठपुतली बनकर काम करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को स्वयं इस्तीफा नहीं देना चाहिए? उन्हें अब तक कानून द्वारा दी गई सुरक्षा को भी पुनः वापस नहीं लिया जाना चाहिए? उनके कृत्य एक प्रकार से अपराध की श्रेणी में आते हैं जिसके लिए जिम्मेदार ठहरा कर सजा देनी ही होगी।

चुनाव आयोग ने 28 जुलाई , 2026 को एक आदेश जारी कर की महानिदेशक (आई टी) की रिपोर्टिंग उप चुनाव आयुक्त से हटा कर सीधे चुनाव आयोग को कर दी थी। अब इस आदेश को निरस्त करके पुन:उन्हें उपायुक्त के अधीन किया गया है।

चुनाव आयोग की ओर से भाजपा के प्रवक्ता बार-बार यह कह रहे थे कि जिन व्यक्तियों के नाम कटे हैं वे ए (अब्सेंट), एस (शिफ्टेड), डी (डेड), डी (डुप्लीकेट) श्रेणी के हैं।

अब, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जो मार्च में संभावित हैं, से पहले सब कटे हुए नामों को पुन: जोडने का अभियान आयोग द्वारा चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी ने कई महीने पहले ही यह बता दिया था कि जिन लोगों के नाम काटे हैं उनमें से 1. 27 करोड हिंदू हैं। उन्होंने अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं का आव्हान किया था कि प्रत्येक बूथ पर 200 नाम जुडवाएं । यह तो माना जा सकता है कि जिनके नाम गलत रूप से कट गए हैं उन्हें वापस जुडवाने का प्रयास करें किन्तु उसके लिए कोई लक्ष्य दिया जाय, यह अजीब लगता है ।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में यह उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव आगामी तीन-चार महीने में होने हैं। उत्तर प्रदेश का राजनीतिक दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। इसी राज्य के कारण भाजपा गत लोकसभा चुनाव में अपने स्तर पर पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में असफल रही थी। उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले एस आई आर संबंधी अधिकांश आदेश वापस लिया जाना इस बात का संकेत है कि पहले जानबूझकर लोगों के नाम काटे गए थे और अब स्वयं चुनाव आयोग अभियान चला करके लोगों के नाम जोडने के लिए शिविर लगा रहा है और हर प्रकार की शिथिलता दे रहा है। कितनी विचित्र बात है कि जो चुनाव आयोग ने पहले तो शुद्धिकरण के नाम पर मतदाता सूचियों को अशुद्ध किया और अब फिर से कटे नामों को जोडकर, अशुद्ध हो गई मतदाता सूचियां को पुन: शुद्ध करने की बात कर रहा है। पहले तो किसी मतदाता सूची को अशुद्ध करें, एवं फिर उसका शुद्धिकरण करें, यह केवल सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं तो और क्या कहा जाएगा? अच्छा तो यह होता कि आयोग, एस आई आर को निरस्त करके जून 2025 से पूर्व की मतदाता सूचियों को बहाल कर देता। इससे एस आई आर में लाखों सरकारी कर्मचारियों को लगाने के कारण शिक्षा और स्वास्थ्य में जो काम बुरी तरह प्रभावित हुआ, वह नहीं होता। यदि सभी कटे हुए नाम को जोडना ही था तो यह सब परेशानी लोगों के लिए क्यों पैदा की गई और हजारों करोड क्यों व्यर्थ किये गये? इससे यह भी सिद्ध होता है कि सिविल सोसाइटी संगठन और विपक्ष ज्ञानेश कुमार पर जो आरोप लगा रहे थे, वे बिल्कुल सही थे।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आना अभी शेष है और एस आई आर को औपचारिक रूप से निरस्त करने की घोषणा करना भी शेष है । वैसे भी, जितने नाम कटे, उन्हें जोड़ने के लिए तो स्वयं चुनाव आयोग अभियान चला रहा है। ऐसा तो हर बार चुनाव के समय पहले भी होता ही था।

एस आई आर पर हजारों करोड रुपए का निरर्थक व्यय और लाखों, करोडों लोगों को हुई परेशानी की भरपाई कौन और कैसे करेगा? क्या सत्ताधारी दल के हाथों की कठपुतली बनकर काम करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को स्वयं इस्तीफा नहीं देना चाहिए? उन्हें अब तक कानून द्वारा दी गई सुरक्षा को भी पुन: वापस नहीं लिया जाना चाहिए? उनके कृत्य एक प्रकार से अपराध की श्रेणी में आते हैं जिसके लिए जिम्मेदार ठहरा कर सजा देनी ही होगी । शायद इसीलिए विपक्षी दलों और "पीपुल अगेंस्ट एस आई आर" द्वारा आंदोलन जारी रखने का निर्णय किया गया है।

सरकारी अधिकारियों पर राजकोष को थोडी बहुत भी क्षित पहुंचाने के लिए उन पर अनुशासनिक कार्रवाई करके दंडित किया जाता है। क्या संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के मुखिया ज्ञानेश कुमार को इसी आधार पर दंडित नहीं किया जाना चाहिए? इसी आशंका के चलते, पहले ही भारत सरकार ने कानून में बदलाव करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचने के लिए उन्हें आजीवन सुरक्षा कवच दे दिया गया है। अब इसे भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

उपरोक्त विवेचन से यह तो स्पष्ट ही है कि जिस एस आई आर का बहुत गुणगान किया गया, अब वह सब केवल "ढाक के तीन पात" की तरह सिद्ध हो रहा है।

संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि चुनाव आयोग ने एस आई आर के नाम पर बहुत क्रूर मजाक देश के साथ किया। इसका खामियाजा यह देश अभी तक भुगत रहा है। एस आई आर को हजारों करोड बेकार करने वाली कवायद कहना उपयुक्त होगा जिसने करोडों भारतीय नागरिकों पर सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित होने की तलवार लटका दी।

-अतिथि सम्पादक,
राजेन्द्र भाणावत
(पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी)

सांगानेर की तर्ज पर बसा विश्व का पहला वास्तु आधारित शहर "जयपुर"

जयपुर स्थापना के 299 वर्ष : तीन सदियों का गुलाबी सफर



डॉ. गोरधन लाल शर्मा

राजस्थान की राजधानी जयपुर केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारतीय स्थापत्य कला, वास्तुशास्त्र, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, दूरदर्शी नगर नियोजन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत उदाहरण है। अरावली की पहाड़ियों के आंचल में बसा यह गुलाबी नगर अपनी विशिष्ट पहचान के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। वर्ष 1727 में महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय द्वारा स्थापित जयपुर अपनी स्थापना के 299 वर्ष पूरे कर रहा है। लेकिन जयपुर के इस गौरवशाली नगरीय इतिहास की जड़ें केवल 1727 तक सीमित नहीं हैं। इसके पीछे लगभग दो शताब्दी पहले विकसित हुई सांगानेर की एक समृद्ध नगरीय परंपरा भी दिखाई देती है।

सांगानेर : जयपुर की नगरीय परिकल्पना का ऐतिहासिक आधार-जयपुर से लगभग 16 किलोमीटर दक्षिण में स्थित सांगानेर आज अपने विश्वप्रसिद्ध हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग उद्योग, जैन मंदिरों, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। लेकिन सांगानेर का महत्त्व केवल एक औद्योगिक अथवा धार्मिक कस्बे के रूप में नहीं है। इसका अपना एक विशिष्ट ऐतिहासिक और नगरीय विकास क्रम रहा है।

ऐतिहासिक संदर्भों के अनुसार, कछवाहा राजवंश के शासक पृथ्वीराज के पुत्र सांगा जी ने 16वीं शताब्दी के प्रारंभ में सांगानेर को नए नगर के रूप में विकसित किया। प्रचलित ऐतिहासिक मान्यता के अनुसार इसका नाम उनके नाम पर सांगानेर पड़ा। वर्ष 1526 का समय इस नगर के विकास के संदर्भ में विशेष महत्त्व रखता है।

सांगानेर उस समय एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और व्यावसायिक दृष्टि से विकसित नगर था। इसकी अपनी परकोटा व्यवस्था थी। नगर में प्रवेश के लिए अलग-अलग दिशाओं में दरवाजे बनाए गए थे। नगर की सुरक्षा, आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर इसकी संरचना विकसित की गई थी। यहां दरवाजों के साथ त्रिपोलिया, चौपड़, बाजार और सार्वजनिक गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थानों की व्यवस्था थी।

सांगानेर के पुराने स्वरूप के अवशेष आज भी उसके गौरवशाली अतीत की कहानी कहते हैं। मालपुरा गेट, आमेर गेट, चाकसू गेट और अन्य पुराने प्रवेश मार्गों के अवशेष इस ऐतिहासिक विरासत की याद दिलाते हैं। दौसा गेट और सांभर गेट जैसे पुराने द्वारों के अवशेष अथवा उनके लुप्त होते स्वरूप के साथ स्थानीय इतिहास की अनेक स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। ये केवल आवागमन के रास्ते नहीं थे, बल्कि नगर की पहचान, सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था के प्रतीक थे। इस प्रकार सांगानेर में परकोटे, दरवाजों, चौपड़, बाजारों और त्रिपोलिया के माध्यम से एक ऐसी नगरीय व्यवस्था विकसित हो चुकी थी, जिसमें सुरक्षा, व्यापार, सामाजिक जीवन और सार्वजनिक स्थानों का समन्वय दिखाई देता था।

सांगानेर से जयपुर तक : दो शताब्दियों की नगरीय यात्रा- सांगानेर की इस ऐतिहासिक नगरीय परंपरा के लगभग दो सौ वर्ष बाद कछवाहा शासक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने 1727 में एक नए और भव्य नगर की परिकल्पना की। आमेर की पहाड़ियों में स्थित तत्कालीन राजधानी को बढ़ती जनसंख्या, जल की उपलब्धता और प्रशासनिक आवश्यकताओं के कारण एक नए स्थान पर विकसित करने की आवश्यकता महसूस हुई। सवाई जयसिंह केवल एक शासक नहीं, बल्कि गणित, ज्योतिष, खगोल विज्ञान, स्थापत्य और विज्ञान में गहरी रुचि रखने वाले दूरदर्शी व्यक्तित्व थे। उन्होंने एक ऐसे नगर की कल्पना की, जो आने वाली कई शताब्दियों की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। इस महान परिकल्पना को साकार करने में वास्तुकार एवं नगर नियोजक विद्याधर भट्टाचार्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

यहां सांगानेर और जयपुर की नगरीय संरचना के बीच एक रोचक ऐतिहासिक साम्य दिखाई देता है। सांगानेर में पहले से विकसित परकोटा, प्रवेश द्वार, चौपड़, बाजार और त्रिपोलिया जैसी व्यवस्थाएं जयपुर की नगरीय परिकल्पना के साथ तुलना का आधार प्रस्तुत करती हैं। यह कहना अधिक उचित होगा कि सांगानेर की पुरानी नगरीय परंपरा और जयपुर की व्यापक नगर योजना राजस्थान में विकसित शहरी स्थापत्य की एक महत्त्वपूर्ण निरंतरता को दर्शाती हैं।

वास्तुशास्त्र और वैज्ञानिक नगर नियोजन का अद्भुत उदाहरण

जयपुर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका निर्माण किसी प्राकृतिक रूप से विकसित बस्ती की तरह अनियोजित ढंग से नहीं हुआ, बल्कि एक सुविचारित योजना के अंतर्गत किया गया। वास्तुशास्त्र और शिल्पशास्त्र के सिद्धांतों के आधार पर नगर को चौकड़ियों में विभाजित किया गया। मुख्य सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं। बाजारों, आवासीय क्षेत्रों, मंदिरों, राजमहल और सार्वजनिक स्थलों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए।

नगर के प्रमुख मार्गों को चौड़ा रखा गया तथा बाजारों में दुकानों और भवनों के अग्रभागों में एकरूपता का विशेष ध्यान रखा गया। चौपड़ की व्यवस्था ने सार्वजनिक जीवन को एक विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया। बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ केवल यातायात के केंद्र नहीं थीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक गतिविधियों के प्रमुख स्थल भी थीं। जयपुर का परकोटा और उसके विशाल प्रवेश द्वार नगर की सुरक्षा के साथ-साथ स्थापत्य सौंदर्य के भी प्रतीक बने। नगर की योजना में नौ चौकड़ियों की अवधारणा, दिशाओं का संतुलन, व्यापारिक मार्गों का निर्धारण और सार्वजनिक स्थानों की व्यवस्था उस समय के भारतीय नगर नियोजन की उच्च परिपक्वता को प्रदर्शित करती है।

गुलाबी रंग ने दी विश्वव्यापी पहचान-जयपुर की पहचान गुलाबी नगर के रूप में 1876 में और अधिक स्थापित हुई, जब महाराजा सवाई रामसिंह द्वितीय ने प्रिंस ऑफ वेल्स के स्वागत में नगर के भवनों को गुलाबी रंग से रंगवाया। भारतीय परंपरा में गुलाबी रंग आतिथ्य, सौहार्द और स्वागत का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद गुलाबी रंग जयपुर की स्थापत्य पहचान का अभिन्न हिस्सा बन गया।

आज हवा महल, सिटी पैलेस, जंतर-मंतर, त्रिपोलिया गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़ और ऐतिहासिक बाजारों की इमारतें इस विरासत को जीवंत बनाए हुए हैं। जयपुर की इसी विशिष्ट नगर योजना और स्थापत्य महत्त्व को वैश्विक मान्यता तब मिली, जब वर्ष 2019 में यूनेस्को ने जयपुर के परकोटा क्षेत्र को विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित किया। यूनेस्को ने इसे दक्षिण एशिया में स्वदेशी नगर नियोजन और निर्माण कला का असाधारण उदाहरण माना। यह सम्मान केवल जयपुर के भवनों अथवा स्मारकों का नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा, वास्तुशास्त्र और वैज्ञानिक नगर नियोजन की वैश्विक स्वीकृति है।

विरासत का सम्मान, भविष्य का संकल्प -जयपुर के 299 वर्षों का यह सफर हमें केवल अतीत की गौरवगाथा नहीं सुनाता, बल्कि भविष्य के लिए भी अनेक संदेश देता है। सांगानेर की ऐतिहासिक नगरीय व्यवस्था से लेकर सवाई जयसिंह की दूरदर्शी नगर योजना और आज के आधुनिक महानगर तक जयपुर ने विकास के अनेक चरण देखे हैं।


आज आवश्यकता है कि जयपुर के साथ-साथ सांगानेर की ऐतिहासिक विरासत का भी संरक्षण किया जाए। उसके पुराने दरवाजों, परकोटे, चौपड़, बाजारों और पारंपरिक स्थापत्य का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण हो। सांगानेर को केवल औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि जयपुर की ऐतिहासिक नगरीय परंपरा के एक महत्त्वपूर्ण अध्याय के रूप में भी स्थापित किया जाए। तीन सदियों का यह गुलाबी सफर वास्तव में भारतीय प्रतिभा, परंपरा और दूरदर्शिता की कहानी है। सांगानेर की ऐतिहासिक विरासत और जयपुर की विश्वविख्यात नगर योजना को एक साथ देखने पर राजस्थान की नगरीय सभ्यता की एक विशिष्ट तस्वीर उभरती है।

जयपुर की पहचान केवल उसकी गुलाबी इमारतों में नहीं, बल्कि उस विचार में है जिसने लगभग तीन शताब्दियों पहले एक आदर्श नगर का सपना देखा और उसे धरातल पर साकार किया। सांगानेर उस ऐतिहासिक यात्रा की पुरानी कड़ी है और जयपुर उसका विश्वविख्यात विस्तार। यही है जयपुर का गौरव, यही उसकी विरासत और यही उसके भविष्य की प्रेरणा। (...शेष)

–डॉ. गोरधन लाल शर्मा,
लेखक, समाजशास्त्री एवं
वरिष्ठ अधिकारी।

डिग्री नहीं, दृष्टि भी जरूरी: आज के विद्यार्थी कल के समाज का निर्माण करेंगे

विशेष आलेख – 17 नवंबर - अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस



डॉ. लीलाधर दोचानिया

शिक्षा मनुष्य के जीवन का वह प्रकाश है, जो उसे अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान, विवेक और समझ की ओर ले जाता है। लेकिन क्या शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छी डिग्री प्राप्त करना, बड़ी नौकरी हासिल करना और अधिक धन कमाना है? निश्चित रूप से नहीं। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य एक ऐसे मनुष्य का निर्माण करना है, जो स्वयं के जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो।

आज का विद्यार्थी केवल अपने परिवार की आशाओं का केंद्र नहीं है, बल्कि वह आने वाले कल की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक व्यवस्था का निर्माता भी है। उसके विचार, व्यवहार, संस्कार और निर्णय ही भविष्य के समाज की दिशा तय करेंगे। इसलिए विद्यार्थी जीवन को केवल परीक्षा और परिणाम तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए।

वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। आज विद्यार्थी घर बैठे दुनिया के किसी भी कोने की जानकारी प्राप्त कर सकता है। यह निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन तकनीकी ज्ञान के साथ विवेक का होना भी उतना ही आवश्यक है। जानकारी प्राप्त करना आसान हो गया है, मगर सही और गलत जानकारी में अंतर करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में विद्यार्थी को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि तार्किक सोच, निर्णय लेने की क्षमता और मानवीय संवेदनाओं का भी विकास करना होगा। याद रखना चाहिए कि बड़ी डिग्री किसी व्यक्ति को योग्य बना सकती है, लेकिन उसका व्यवहार ही उसे सम्मान दिलाता है। ज्ञान का वास्तविक मूल्य तभी है, जब उसका उपयोग मानवता के हित में किया जाए। आज का विद्यार्थी अनेक प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं से गुजर रहा है। अच्छे अंक, प्रतिष्ठित संस्थान, रोजगार और सफल करियर की दौड़ में कई बार मानसिक दबाव भी बढ़ जाता है। अभिभावकों की अपेक्षाएँ और सामाजिक तुलना विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती हैं। विद्यार्थियों की तुलना करने के बजाय उनकी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का प्रयास होना चाहिए। असफलता को जीवन का अंत नहीं, बल्कि अनुभव और सुधार का अवसर समझना चाहिए। सफलता केवल मंजिल तक पहुँचने में नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने में भी छिपी होती है।

आज मोबाइल फोन विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। इसके माध्यम से शिक्षा, ज्ञान, समाचार और रचनात्मक गतिविधियों तक आसानी से पहुँचा जा सकता है। लेकिन इसका अनियंत्रित उपयोग समय, एकाग्रता और अध्ययन की आदत को प्रभावित कर सकता है। पुस्तकों से मित्रता जीवन की सबसे मूल्यवान आदतों में से एक है। शिक्षा के साथ संस्कारों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। माता-पिता, शिक्षक और समाज मिलकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। विद्यार्थी को बड़ों का सम्मान, छोटों के प्रति स्नेह, महिलाओं के प्रति आदर, जरूरतमंदों की सहायता और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। अच्छा नागरिक वही है, जो अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी समझे। जो समाज में सद्भाव बनाए रखे, पर्यावरण की रक्षा करे और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करे।

विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन की दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं। इसी प्रकार अभिभावकों को बच्चों पर अपनी अपेक्षाएँ थोपने के बजाय उनकी रुचियों और क्षमताओं को समझना चाहिए। बच्चों की बात सुनना, उनकी समस्याओं को समझना और कठिन समय में उनका आत्मविश्वास बढ़ाना परिवार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बच्चों को केवल यह बताना पर्याप्त नहीं कि उन्हें जीवन में क्या बनना है, बल्कि यह भी समझाना जरूरी है कि उन्हें कैसा इंसान बनना है। आज आवश्यकता है कि युवा आधुनिक शिक्षा और तकनीकी कौशल के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस हमें यह विचार करने का अवसर देता है कि विद्यार्थी केवल कल के नागरिक नहीं, बल्कि आज भी समाज के सक्रिय और महत्वपूर्ण हिस्से हैं। उनकी जिज्ञासा, ऊर्जा, रचनात्मकता और नए विचार समाज को आगे बढ़ाने की शक्ति रखते हैं।

आज प्रत्येक विद्यार्थी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने ज्ञान को अहंकार नहीं, विनम्रता का आधार बनाएगा। अपनी सफलता को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं समझेगा, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को भी याद रखेगा। वह मेहनत करेगा, असफलताओं से सीखेगा, अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करेगा तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

अंतत: हमें यह समझना होगा कि किसी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि केवल ऊँची इमारतों, बड़ी अर्थव्यवस्था और आधुनिक तकनीक से नहीं मापी जाती, बल्कि वहाँ के नागरिकों के चरित्र, विचारों और मानवीय मूल्यों से भी तय होती है।

डिग्री हमें रोजगार दिला सकती है, ज्ञान हमें योग्य बना सकता है, लेकिन हमारी दृष्टि, संस्कार और चरित्र ही हमें एक बेहतर इंसान बनाते हैं। इसलिए आज के विद्यार्थी को केवल सफल होने का सपना नहीं देखना चाहिए, बल्कि ऐसा सफल व्यक्ति बनने का संकल्प लेना चाहिए, जिसकी सफलता से परिवार को गर्व, समाज को प्रेरणा और राष्ट्र को नई दिशा मिले।

क्योंकि आज की कक्षा में बैठा विद्यार्थी ही कल के भारत का नेतृत्व करेगा। हमें ऐसे युवा चाहिए, जिनके हाथों में आधुनिक तकनीक हो, मस्तिष्क में ज्ञान हो, हृदय में संवेदना हो और जीवन में राष्ट्रहित का संकल्प हो। यही शिक्षा की सार्थकता है और यही एक सशक्त, समृद्ध एवं संवेदनशील भारत की सच्ची नींव है।

डॉ. लीलाधर दोचानिया
डिप्टी डायरेक्टर
(सेवानिवृत्त), राजस्थान सरकार

राशिफल मंगलवार 17 नवम्बर, 2026



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत-2083, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 4:35 तक, वृद्धि योग प्रात: 7:54 तक, विष्टि करण सायं 5:13 तक, चन्द्रमा दिन 3:30 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति- सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मकर, मंगल-सिंह, बुध-तुला, गुरू-सिंह, शुक्र-कन्या, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

रवियोग रात्रि 4:45 से आरम्भ होगा। भद्रा सायं 5:13 तक रहेगी। आज दुर्गाष्टमी, गोपाष्टमी, भौमाष्टमी है। पंचक दिन 3:30 से आरम्भ होंगे। आज से अष्टानिका महापर्व आरम्भ होगा।

श्रेष्ठ चौघड़िया- चर 9:12 से 10:52 तक, लाभ-अमृत 10:52 से 1:32 तक, शुभ 2:52 से 4:11 तक।

राहुकाल- 3:00 से 4:30 तक, सूर्योदय 6:52, सूर्यास्त 5:31



मेष
अपने व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



सिंह
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



धनु
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



वृष
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



कन्या
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आज च

'जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं'

जोन उपायुक्त एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों को प्रतिदिन शहर का निरीक्षण कर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजने के निर्देश

जयपुर। स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सोमवार को जयपुर के समस्त जोन उपायुक्तों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहर में विभिन्न स्थानों पर बने कचरा पॉइंट्स एवं सफाई व्यवस्था में सामने आ रही लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की स्वच्छता के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- कचरा पॉइंट्स पर जताई नाराजगी, कॉलोनियों, सब्जी मंडियों एवं बाजारों में भी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश



शासन सचिव रवि जैन ने जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सोमवार को जयपुर के समस्त जोन उपायुक्तों की बैठक ली।

जैन ने सभी जोन उपायुक्तों एवं मुख्य सफाई निरीक्षकों को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से फील्ड में उतरकर अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लें।उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की पालना में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शासन सचिव ने कहा कि आवासीय कॉलोनियों, आंतरिक मार्गों, सब्जी मंडियों, बाजारों एवं अन्य व्यस्त क्षेत्रों में भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कचरा संग्रहण एवं निस्तारण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ ही चिन्हित कचरा पॉइंट्स को समाप्त करने तथा दोबारा कचरा एकत्रित नहीं होने देने के निर्देश दिए।

उन्होंने दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं रखने पर भी सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे प्रतिष्ठानों के विरुद्ध अधिकाधिक चालान जारी करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा, अतिरिक निदेशक डीएलबी डॉ अशोक कुमार, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम नरेन्द्र कुमार बंसल, मुख्य अभियंता प्रदीप गर्ग सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

कैफे संचालक पर जानलेवा हमले का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। वैशाली नगर थाना पुलिस ने कैफे संचालक पर लोहे के पाइपों से जानलेवा हमला करने के मामले में एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद रसीद उर्फ अलतमस के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से वारदात में शामिल अन्य लोगों और घटना से जुड़े तथ्यों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

हर्ष वर्धन ने 6 नवंबर को वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनके चाचा मयंक गोपालिया वैशाली नगर में ओवन द बेकरी नाम से कैफे संचालित करते हैं। 30 अक्टूबर को कैफे पर काम करने वाली शबाना खान का परिचित शाहरुख अपने अन्य साथियों के साथ वहां आया था। इस दौरान शाहरुख ने मयंक गोपालिया को जान से मारने की धमकी दी थी।

एकांतवास में अपने कार्यकाल का आकलन करें गहलोत : अरुण चतुर्वेदी

युवाओं के साथ किए धोखे पर गहलोत को होना चाहिए पछतावा : चतुर्वेदी

जयपुर। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें एकांतवास में जाकर अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों और लिए गए निर्णयों का आकलन करना चाहिए। उन्हें अपने कर्मों पर पछतावा होना चहिए, क्योंकि उन्होंने प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा किया है।

- 'कांग्रेस में ही अशोक गहलोत की प्रासंगिकता और सम्मान समाप्त'

डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि अशोक गहलोत को अब कांग्रेस पार्टी ने भी पूरी तरह नकार दिया है। कांग्रेस में गहलोत की बातचीत समाप्त हो चुकी है और पार्टी में उनका सम्मान भी पहले जैसा नहीं रहा है। यही कारण है कि गहलोत मीडिया में बयानबाजी कर स्वयं को राजनीति में प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि जिस तरह शहरी क्षेत्रों में जनता ने भाजपा को समर्थन दिया, उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंचायत चुनाव परिणामों में पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश के अधिकांश जिला परिषद एवं पंचायत समितियों में भाजपा की जीत होगी। अरुण चतुर्वेदी ने जिला प्रमुख, प्रधान एवं अन्य पदों पर पार्टी के निर्णय को लेकर कहा कि भाजपा एक सक्रिय और लोकतांत्रिक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। पार्टी नेतृत्व जिस भी कार्यकर्ता के नाम पर सहमति बनाएगा, सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर उसे जिताने का काम करेंगे।

प्रदेश के विकास की मंशा से शुरू किए प्रयास ला रहे हैं रंग : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान सौर ऊर्जा स्थापना एवं अक्षय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। इतना ही नहीं, राजस्थान के जयपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगम (डिस्कॉम) भी लाभ की स्थिति में आ गए हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों का शुभ करने के उद्देश्य से जो कदम उठाए हैं, उनसे प्रदेश को यह लाभ प्राप्त हुआ है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नियत और कुशल नेतृत्व के चलते आए आज ये सुखद परिणाम प्राप्त हुए है।

- प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बिजली कंपनियों को पहुंचा दिया था गर्त में, भजनलाल सरकार घाटे से निकालकर लाई मुनाफे में: मदन राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महज 34 माह के अल्प कार्यकाल में बिजली उत्पादन और आपूर्ति व्यवस्था को घाटे से निकालकर बेहतर बनाया है। अजमेर डिस्कॉम ने 1875.82 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है, वहीं जयपुर डिस्कॉम पहली बार 931 करोड़ रुपए के लाभ में आया है। इसके साथ ही बिजली कंपनियों के संचयी घाटे में भी लगभग 8,725 करोड़ रुपए की कमी आई है। कांग्रेस शासनकाल में बिजली के लिए तरसने वाले राजस्थानवासियों को भाजपा सरकार ने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए न केवल पर्याप्त बिजली उपलब्ध करवाई, बल्कि 2,000 करोड़ रुपए की बिजली का विक्रय भी किया। कांग्रेस की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली कंपनियां लगातार घाटे में जा रही थी, हालात यहां तक पहुंच गए थे कि उधार की बिजली ली जा रही है, उसे चुकाने के लिए ऋण लिया जा रहा था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि किसानों के दर्द को वही लोग समझ सकते हैं, जो स्वयं किसान के रूप में जमीन से जुड़े हों और उनकी समस्याओं से परिचित हों। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों की उस पीड़ा को समझा, जिसके चलते उन्हें बिजली का इंतजार करते हुए रात-रातभर खेतों में जागकर रहना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 28 जिलों में किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध करवाने का निर्णय धरातल पर लागू करवाया। इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है और साथ ही 1,246 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत भी हुई है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2023 को बिजली क्षेत्र का कुल घाटा 92,069 करोड़ रुपए था, जो 31 दिसंबर 2023 तक बढ़कर 98,634 करोड़ रुपए हो गया था।

बाल सुधार गृह में जयपुर पुलिस का निरीक्षण

जयपुर। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल एवं स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश के निर्देशन में जयपुर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में कमिश्नरेट की सीएसटी टीम और पुलिस थाना ट्रांसपोर्ट नगर द्वारा सोमवार को राजापार्क के सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम को 20 ग्राम गांजा, 4 मोबाइल फोन एवं 4 चार्जिंग एडेप्टर मिले। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश ने बताया कि बाल सुधार गृह में औचक निरीक्षण के दौरान सीएसटी टीम एवं थाना ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। इस दौरान 20 ग्राम गांजा,2 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 2 कीपैड मोबाइल फोन तथा 4 चार्जिंग एडेप्टर सहित अन्य सामग्री मिली। अन्य सामग्री के संबंध में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस द्वारा आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

जयपुर में डाला छठ श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

जयपुर। लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व डाला छठ सोमवार को उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। इसी के साथ छठी मैया को समर्पित करीब 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत भी पूर्ण हुआ। व्रतियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद घर पहुंचकर परिजनों के साथ पारण किया। इस अवसर पर गलता जी तीर्थ में मेले जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। राजधानी में बिहार, झारखंड और पूर्वांचल की संस्कृति, लोकगीतों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली।

- गलता जी तीर्थ पर उमड़ा जनसैलाब, शहर में करीब 150 स्थानों पर हुआ छठ महापर्व का आयोजन

सोमवार तड़के से ही गलता जी तीर्थ सहित छठ पूजा के लिए बनाए गए कृत्रिम जलाशयों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। सूर्योदय से पहले ही पूजा स्थलों पर छठी मैया के पारंपरिक लोकगीत गूंजने लगे। जैसे ही सूर्य की पहली किरण दिखाई दी, महिला व्रतियों ने पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा छठी मैया की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान के सुखी जीवन की कामना की। रविवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करने के बाद सोमवार सुबह उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया गया।

बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित ने बताया कि जयपुर में गलता जी तीर्थ के अलावा आमेर स्थित मावठा, शास्त्री नगर के किशन बाग, 52 फुट हनुमान मंदिर के सामने, लालसोट धाम, आगरा रोड, ब्रह्मपुरी, प्रताप नगर, रॉयल सिटी माचवा, विश्वकर्मा, बड़ोदिया बस्ती और मुरलीपुरा सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा का आयोजन किया गया।

जयपुर डिज़ाइन फेस्टिवल के पहले दिन शिक्षा, सस्टेनेबिलिटी पर मंथन

जयपुर। जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष को समर्पित तीन दिवसीय जयपुर डिज़ाइन फेस्टिवल का सोमवार को जवाहर कला केंद्र में भव्य आगाज हुआ। एसोसिएशन ऑफ डिज़ाइनर्स ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर की ओर से राजस्थान टूरिज्म और जवाहर कला केंद्र के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह की शुरुआत द प्रियरंग प्रोजेक्ट की विशेष प्रस्तुति गणेश वंदना : महागणपतिम से हुई। जयपुर की पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक रचनात्मक सोच के संगम को दर्शाती इस फ्यूजन प्रस्तुति को निर्देशक दीप्ती कोठरी ने कोरियोग्राफ किया। इसमें नन्ही बच्चियों परिधि कनोडिया, काव्या शाह और स्वरा कोठारी ने कथक की मनभावन प्रस्तुति दी।

- फिल्ममेकिंग, स्टोरीटेलिंग और कलर डिज़ाइन की कार्यशालाओं में प्रतिभागियों ने सीखी रचनात्मकता की



तीन दिवसीय जयपुर डिज़ाइन फेस्टिवल का सोमवार को जवाहर कला केंद्र में भव्य आगाज हुआ।

विभिन्न विषयों पर संवाद और कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इसमें विशेषज्ञों, डिजाइनर्स, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों ने भाग लिया। फेस्टिवल के पहले दिन कला एवं डिजाइन प्रदर्शनी भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही।

जहां जयपुर के 300 साल के खूबसूरत डिज़ाइन और आर्ट सफ़र को याद में रखते हुए जयपुर से जुड़ी कलाकृतियाँ, डिज़ाइंस और ब्रांडस प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण दो फ़ोरम चर्चाएं रही, जहां एजुकेशन बाय डिज़ाइन फोरम में इस बात पर चर्चा हुई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिज़ाइन की डीन लोलिता दत्ता के संचालन में आयोजित इस सत्र में बेनेत्त यूनिवर्सिटी की डीन डॉ. मनीषा मोहन, डिजाइनर एवं शिक्षाविद जिनान के.बी, पूर्व सीबीएसई शिक्षा अधिकारी संदीप सेठी और आइआइटी बॉम्बे के आइडीसी स्कूल ऑफ डिज़ाइन के प्रोफेसर फनी टेटाली ने अपने विचार साझा किए।

तीन हजार 736 वाहन चालकों के चालान काटे

जयपुर। राजधानी जयपुर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जयपुर यातायात पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान एक ही दिन में कुल 3 हजार 736 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इनमें सबसे अधिक कार्रवाई नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ की गई। पुलिस ने ऐसे 2 हजार 744 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रवीण नायक नूनावत के अनुसार 16 नवंबर को शहर में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सघन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 3 हजार 736 वाहनों के विरुद्ध चालान काटे गए। इनमें 2 हजार 744 वाहन नो-पार्किंग जोन में खड़े पाए गए, जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों पर अवैध पार्किंग के कारण यातायात बाधित होता है।

अनुसंधान एवं अभियोजन में मार्गदर्शक बनेगी "विधि दर्पण" पुस्तिका

जयपुर। अनुसंधान अधिकारियों को कानूनी प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस ने नवाचार करते हुए 'विधि दर्पण' पुस्तिका प्रकाशित की है। अनुसंधान एवं अभियोजन को अधिक प्रभावी, विधिसम्मत और न्यायिक अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए तैयार इस पुस्तिका में उच्चतम न्यायालय एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण चयनित निर्णयों को संकलित किया गया है।पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में सोमवार को पुस्तिका के प्रथम अंक का विमोचन किया। शर्मा ने कहा कि यह पुस्तिका पुलिस अधिकारियों के लिए अनुसंधान, साक्ष्य संकलन और अभियोजन प्रक्रिया में एक उपयोगी संदर्भ सामग्री साबित होगी। पुस्तिका को चार प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है। प्रथम भाग में उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय रखे गए हैं। इनमें गिरफ्तारी के आधार लिखित में देना अनिवार्य होने, अग्रिम अनुसंधान के लिए मजिस्ट्रेट की अनुमति अनिवार्य, दीवानी विवाद और छल के अपराध तथा पहचान का साक्ष्य एवं शिनाख्त परेड जैसे विषय शामिल हैं।

- डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने प्रथम अंक का विमोचन किया

इसके द्वितीय भाग में राजस्थान उच्च न्यायालय के अनुसंधान में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा और अवरोधन के सुरक्षा उपाय एवं एफआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों का संकलन है। तृतीय भाग में एक अनुसंधान अधिकारी के लिए उपयोगी आठ आधारभूत एवं स्मरणीय निर्णय दिए गए हैं।

इसके साथ ही, पुस्तिका में नवीन एवं प्राचीन कानूनों की समतुल्य धाराओं की सारणी के साथ दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय न्याय संहिता की महत्वपूर्ण धाराओं का भी उल्लेख किया गया है। इसमें पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, सीआईडी-सीबी महानिरीक्षक पुलिस व पुस्तिका प्रधान संपादक के. बी. वंदना और उप महानिरीक्षक पुलिस (अपराध शाखा) राशि डोगरा डूडी के विशेष आलेख भी प्रकाशित किए गए हैं। इस पुस्तिका का हर तीन माह में प्रकाशन किया जाएगा।

सार-समाचार

राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन-181 का निरीक्षण



जयपुर। शासन सचिव, पर्यटन विभाग शुचि त्यागी ने सोमवार को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन-181 कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन, देवस्थान तथा कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग से संबंधित दर्ज परिवेदनाओं एवं उनके निस्तारण की वास्तविक स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। त्यागी ने कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर आमजन द्वारा दर्ज करवाई गई परिवेदनाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कुछ प्रकरणों का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित परिवादियों से दूरभाष पर संवाद किया तथा उनकी समस्याओं के संबंध में बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मचकुंड मंदिर की मरम्मत से जुड़े प्रकरण, वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के आवेदनों तथा पर्यटन विभाग के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल से संबंधित शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयावधि में निस्तारित किया जाए।

प्रलेस के राज्य सम्मेलन में शिक्षा और सामाजिक समानता पर विमर्श

जयपुर। प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) राजस्थान का राज्य सम्मेलन शनिवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के देरासभागार में संपन्न हुआ। सम्मेलन के वैचारिक सत्र का विषय 'ज्योतिबा फुले : सामाजिक परिवर्तन, सावित्रीबाई फुले : संघर्ष एवं शैक्षिक क्रांति' था। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सुखदेव सिंह सिरसा मुख्य अतिथि थे। सम्मेलन में शिक्षा, सामाजिक समानता, जातिगत भेदभाव और स्त्री मुक्ति के सवालों पर विचार व्यक्त किए गए। दूसरे सत्र में सर्वसम्मति से प्रसिद्ध कथाकार डॉ. सत्यनारायण को प्रदेश अध्यक्ष तथा लेखक एवं व्यंग्यकार फ़ारूक़ अफ़रीदी को प्रदेश महासचिव निर्वाचित किया गया। सुप्रसिद्ध साहित्यकार और आदिवासी जीवन के अध्येता हरिराम मीणा ने ज्योतिबा फुले के योगदान पर बोलते हुए कहा कि फुले के समय जैसी परिस्थितियां थीं, वैसी ही विकट स्थितियां आज भी दिखाई दे रही हैं। सत्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. अनीता भारती ने सावित्रीबाई फुले के संघर्ष और शैक्षिक क्रांति पर कहा कि वे शिक्षा को शेरनी का दूध मानती थीं। मात्र सत्रह वर्ष की उम्र में जनवरी 1848 में उन्होंने बालिकाओं के लिए पहला स्कूल शुरू किया। सामाजिक विरोध और अपमान के बावजूद वे अपने अभियान से पीछे नहीं हटीं। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को अभिव्यक्ति की ताकत और आत्मविश्वास दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ आलोचक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने कहा कि सम्मेलन में व्यक्त विचार औपचारिक वक्तव्य नहीं, बल्कि आज के दौर की जरूरी चिंताएं हैं।

पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर लेंगे पूरा फीडबैक

जयपुर। कांग्रेस पार्टी के सभी जिला प्रभारी आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं, प्रत्येक जिला प्रभारी से पंचायत राज संस्था के चुनाव के बारे में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी पूरा फीडबैक लेंगे। प्रत्येक जिले के प्रत्येक वार्ड मेंबर और प्रत्येक पंचायत समिति के प्रत्येक वार्ड मेंबर के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत के कितने चांस हैं, मतदान का प्रतिशत, मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों इत्यादि सभी विषयों को लेकर जिला प्रभारी से विस्तार से जानकारी हासिल की जाएगी। पार्टी के सभी जिला प्रभारी से प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व ने चुनाव संबंधी संपूर्ण रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लाने को कहा है।

मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की घटनाओं पर चिकित्सा मंत्री सख्त

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की बढ़ती घटनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों के साथ रैगिंग, दुर्व्यवहार और किसी भी प्रकार का मानसिक अथवा शारीरिक उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और दोषी विद्यार्थियों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले संस्थान के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

- रैगिंग रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति की सख्ती से पालना के निर्देश
- कॉलेज प्रशासन की जिम्मेदारी तय होगी, लापरवाही मिलने पर होगी कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज शिक्षा और संस्कार के केंद्र हैं। यहां विद्यार्थियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना संस्थान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा कनिष्ठ विद्यार्थियों को प्रताड़ित करना, उन पर अनुचित दबाव बनाना, देर रात तक जगाना, जबरन गतिविधियां करवाना अथवा किसी भी प्रकार से अपमानित करना गंभीर अनुशासनहीनता है। ऐसी घटनाओं को किसी भी स्तर पर नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेजों में जारी एंटी रैगिंग एक्शन प्लान की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। कॉलेज प्रशासन रैगिंग की प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई करे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए कि रैगिंग संबंधी शिकायतों की जांच के दौरान पीड़ित विद्यार्थियों की पहचान एवं परिवारों की जानकारी गोपनीय रखी जाए। शिकायतकर्ताओं को डराने-धमकाने अथवा शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई हो।

मर्यादाओं में रहकर निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करें: देवनानी

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि उनका मीडिया से 55 सालों का संबंध है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को मर्यादाओं में रहकर निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करनी चाहिए। पत्रकारिता लोकतंत्र की शक्ति है। संसद और विधानसभाओं में लिए गए निर्णयों का दस्तावेजीकरण संवैधानिक इतिहास का निर्माण करता है, वहीं पत्रकारिता उन निर्णयों के पीछे के विचारों, परिस्थितियों और जनभावनाओं को समाज के सामने सुरक्षित रखती है।

- स्पीकर देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति का भी सम्मान, संवैधानिक संस्थाओं के प्रति श्रद्धा बनी रहनी चाहिए

पत्रकारिता लोकतंत्र के वर्तमान का चित्रण करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए समय का प्रमाण भी प्रस्तुत करती है। देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति का भी सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के प्रति श्रद्धा बनी रहनी चाहिए।



देवनानी ने राजस्थान पत्रकार परिषद के दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह में सहभागिता की।

स्पीकर वासुदेव देवनानी सोमवार को यहां विद्याधर नगर में राजस्थान पत्रकार परिषद के दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह को शुभारम्भ किया। देवनानी ने वरिष्ठ पत्रकारों का साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। देवनानी ने कहा कि कलम की ताकत का वास्तविक परिचय उसके प्रभाव से मिलता है। एक समाचार किसी उपेक्षित गांव की समस्या को शासन तक पहुंचा सकता है, किसी पीडित के मन में न्याय की उम्मीद जगा सकता है और किसी सकारात्मक प्रयास को देशव्यापी पहचान दिला सकता है। पत्रकारिता की सार्थकता जनहित के प्रश्नों को प्रभावी ढंग से सामने लाने और समाज को सही दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करने में निहित है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता आंदोलन पत्रकारिता के योगदान के बिना अधूरा है। राजा राममोहन राय, बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी और गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे महान व्यक्तित्वों ने पत्रकारिता को राष्ट्रीय जागरण, जनचेतना और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। उनके विचार और लेखन आज भी पत्रकारिता की मूल प्रेरणा बने हुए हैं। देवनानी ने कहा कि संसदीय पत्रकारिता लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नागरिकों के निकट लाती है।

सदन में होने वाली बहस, विधेयकों की भावना, जनप्रतिनिधियों के विचार और जनहित में लिए गए निर्णय जब पत्रकारिता के माध्यम से जनता तक पहुंचते हैं, तब संसदीय विमर्श व्यापक सामाजिक संवाद का हिस्सा बनता है। संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान, उनकी कार्यप्रणाली की समझ और लोकतांत्रिक उत्तरदायित्वों के प्रति जागरुकता बढ़ाने में पत्रकारिता की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

बदमाशों ने युवक का अपहरण करने का प्रयास किया, विरोध करने पर बुजुर्ग की हत्या की

मेडिकल बोर्ड से वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराया, घटना को लेकर मृतक के पुत्र ने तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया

- गुस्साए ग्रामीणों ने थार गाड़ी में सवार बदमाशों से मारपीट की, ग्रामीणों की भीड़ देख बदमाश अपनी गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए
- ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया, वहीं मेडिकल बोर्ड से वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराया

नदबई, (निसं)। नदबई क्षेत्र के गांव अखैगढ़ में सोमवार देर शाम थार गाड़ी सवार बदमाशों ने एक युवक का अपहरण करने का प्रयास किया। युवक के शोर मचाने पर समीपवर्ती खेत पर कार्य कर रहे युवक के परिजनों ने गाड़ी रोकते हुए विरोध किया तो गाड़ी सवार बदमाशों ने युवक के बडे दादा धारा जाटव पुत्र से मारपीट के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। परिजनों ने घायल वृद्ध धारा जाटव को खेडली चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में गंभीर स्थिति में रैफर होने पर भरतपुर जिला चिकित्सालय में वृद्ध की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। वहीं, मेडिकल बोर्ड से वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना को लेकर मृतक के पुत्र विजय सिंह ने तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।

पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मृतक वृद्ध का पोता टिंकल उर्फ अनिकेत जाटव अपने घर पर कार्य कर रहा। इसी दौरान खेडली थाना क्षेत्र के गांव लाटकी निवासी मनीष मीणा पुत्र मोहनसिंह, नरेन्द्र मीणा पुत्र रतनलाल व गौरव पुत्र पुष्कर सिंह ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थार गाड़ी में सवार होकर युवक का अपहरण करने का प्रयास किया। युवक के शोर मचाने पर समीपवर्ती खेत में कार्य कर रहे युवक के परिजनों ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान गाड़ी सवार बदमाशों ने युवक के दादा धारा जाटव से मारपीट की। वहीं, ग्रामीणों की भीड़ देख गाड़ी को छोडकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने घायल वृद्ध को चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में रैफर होने के बाद जिला चिकित्सालय में वृद्ध की मौत हो गई पुलिस ने जांच पड़ताल कर भरतपुर जिला चिकित्सालय में मेडीकल बोर्ड से वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराया।

पीछा किया तो गाड़ी छोड़कर बदमाश फरार:- सूत्रों की मानें तो युवक के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने गाड़ी का पीछा किया। इस दौरान थार गाड़ी ने रास्ते में एक बाइक को टक्कर मार दी, जिसके चलते एक युवक घायल हो गए। लगातार दो घटना देख, गुस्साए ग्रामीणों ने थार गाड़ी में सवार बदमाशों से जमकर मारपीट की। ग्रामीणों की भीड़ देख, बदमाश अपनी गाड़ी को छोडकर फरार हो गए। बाद में खेडली पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया।

अपहरण के मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा

- आरोपियों के अन्य साथियों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है

जोधपुर, (कासं)। शहर के भदवासिया सब्जी मंडी से एक मजदूर के अपहरण के मामले में महामंदिर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के अन्य साथियों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है। घटना पांच अक्टूबर की है।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि परिवादी मोडाराम हुड्डा ने पुलिस में रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि उसका बड़ा भाई ओमप्रकाश भदवासिया सब्जी मंडी में मजदूरी करता है। पांच अक्टूबर की रात करीब 12.05 बजे वह दुकान के सामने मौजूद था। इसी दौरान एक काले रंग की गाड़ी में सवार होकर आए लोगों ने उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया और अपहरण कर ले गए। गाड़ी को शैतान सिंह नगर निवासी गोपाल पुत्र सीताराम चला रहा था। उसके साथ नरेश पुत्र माणकराम, जीवन पुत्र उर्जाराम और एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई ओमप्रकाश की आरोपियों के साथ पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते उसके भाई की जान को खतरा होने की आशंका जताई गई। महामंदिर पुलिस के अनुसार प्रकरण में डेढ़ माह बाद अब तीन आरोपियों हुड्डों की ढाणी शैतान नगर लोहावट निवासी जीवणराम पुत्र उर्जाराम जाट, गोपाल पुत्र सिरधाराम एवं नारूराम उर्फ नरेश पुत्र माणकराम को गिरफ्तार किया गया है।

महिला से दुष्कर्म के आरोपियों की तलाश जारी

पीड़िता की हालत बिगड़ने पर परिवार जनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया

करौली, (निसं)। एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों और पीड़ित महिला के परिजनों ने एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित महिला के पति ने महिला थाने पर 5-6 जनों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक जने को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एक गांव की एक महिला के साथ रविवार को प्रात: ही जंगल में 5-6 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का पीड़ित महिला के पति ने महिला थाने पर मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि प्रात: ही परिजनों ने घटना की सूचना दी।

सूचना मिलने पर कोतवाली थाना अधिकारी विनोद सांवरिया मय पुलिस जाप्ता के मौके पर पहुंचे, जहां पर ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ रखा था, जिसको कस्टडी में लिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाकी आरोपियों की तलाश के लिए भारी पुलिस दल भेजा गया, जहां पहाड़ी की झाड़ियों में अन्य आरोपी की छिपे होने की जानकारी दी गई, जिनकी तलाश कराई गई, लेकिन कोई नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मैं खुद भी मौके पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए विष्णु चंद्र जाटव के बताए अनुसार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उधर पीड़ित महिला की हालत बिगड़ने पर परिवार जनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां पीड़ित महिला का उपचार जारी है।

अजमेर : टोंकावास सरपंच चुनाव को लेकर न्यायालय में याचिका दायर

- चुनाव में धांधली, मतपेटियों से छेड़छाड़ और मतगणना में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए चुनाव परिणाम निरस्त करने की मांग

अजमेर, (निसं)। टोंकावास ग्राम पंचायत में गत 24 अक्टूबर को हुए सरपंच पद के चुनाव को लेकर कथित अनियमितताओं का मामला न्यायालय पहुंच गया है। चुनाव में धांधली, मतपेटियों से छेड़छाड़ और मतगणना में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए चुनाव परिणाम निरस्त करने की मांग की गई है। सरपंच पद के प्रत्याशी रहे कन्हैया लाल और मूलचंद ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-5, अजमेर के समक्ष चुनाव याचिका दायर की है। इसमें विजयी प्रत्याशी रामदेव सहित अन्य प्रत्याशियों, निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि मतदान के बाद मतपेटियां रखने वाले कक्ष को नियमानुसार बंद नहीं किया गया था। खिड़की में तीन स्थानों पर छेद पाए गए तथा बिना पूर्व सूचना के मतपेटियों को दूसरे स्थान पर ले जाया गया। परिसर के खुले कमरे से निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर वाले खाली मतपत्र, एक प्रत्याशी के पक्ष में मुहर लगे मतपत्र और शराब के खाली पव्वे मिलने का भी दावा किया गया है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, इस घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है। मतगणना के दौरान भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। याचिका में कहा गया है कि प्रत्याशियों को मतपत्र नहीं दिखाए गए और सीसीटीवी फुटेज तथा वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने से इनकार किया गया। आरोप है कि खारिज किए जाने योग्य तथा अन्य प्रत्याशियों के मतों को विजयी प्रत्याशी के खाते में जोड़कर 500 मत प्राप्त होना दर्शाया गया।

याचिकाकर्ताओं ने चुनाव परिणाम को अवैध घोषित कर निरस्त करने, मतपेटियों की दोबारा जांच, पुनर्मतगणना अथवा नए सिरे से चुनाव कराने तथा स्ट्रांग रूम और मतगणना दिवस के सीसीटीवी फुटेज न्यायालय में पेश कराने की मांग की है। इस मामले में अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं पंचायत राज समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जैपाल ने कहा कि कथित चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि न सोयेंगे, न सोने देंगे। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विवेक पराशर के नेतृत्व में जितेश धनवानी, मयंक शर्मा और श्रुति वैष्णव पैरवी कर रहे हैं। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख निर्धारित की है।

तीन युवक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने तीन युवकों को चाकू के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किए। उदयमंदिर पुलिस थाने के एएसआई श्यामलाल ने रेलवे स्टेशन के बाहर संदिग्ध युवक को पकड़ा। उसके तलाशी में धारदार चाकू मिला। इस पर आरोपी घोसियों का मदरसा के पास मेड़ती गेट के बाहर रहने वाले नदीम उर्फ टोनी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह एएसआई नेमीचंद ने रेलवे स्टेशन के बाहर से साजता सिणधरी बालोतरा निवासी थानाराम जाट को संदेह के आधार पर पकड़ा। तलाशी में उसके पास से चाकू बरामद हुआ। जबकि सदर बाजार पुलिस थाने के एएसआई प्रकाशचंद जवाहर खाना रोड घासमंडी एरिया में गश्त करते हुए संदिग्ध युवक को पकड़ा। उसके पास में चाकू मिलने पर आरोपी नागौरी गेट रोड निवासी साजिद हुसैन को गिरफ्तार किया गया।

सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, एक घायल

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट के बनाड़ और सूरसागर एरिया में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक इसमें घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने शवों को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मेघवालों का बास सालवांकलां डांगियावास निवासी राकेश पुत्र कानाराम मेघवाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई दलपत बाइक लेकर रिंग रोड पुल से निकल रहा था। तब किसी वाहन चालक ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई दलपत बुरी तरह घायल हो गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया, मगर उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। बनाड़ पुलिस अब अज्ञात वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

दूसरी तरफ सूरसागर पुलिस के अनुसार महाराणा प्रताप कॉलोनी, बाइपास सूरसागर निवासी समंदरसिंह पुत्र गुमान सिंह और जसवंत सिंह की तरफ से संयुक्त रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई उम्मेद सिंह एवं भवानी सिंह बाइक लेकर तिंवरी रोड इंद्रोका से निकल रहे थे। तब बोलेरो कैंपर का चालक सागर नाम का शख्स आया और उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई उम्मेद सिंह घायल हो गया, वहीं बाइक के पीछे बैठा भवानी सिंह की मौत हो गई। सूरसागर पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन को सुपुर्द किया। उम्मेद सिंह का अस्पताल में उपचार जारी है। जांच एएसआई सुरताराम की तरफ से की जा रही है।

अनूपगढ़ क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास टाइमर लगे दो बम मिले

- एक बम डिफ्यूज था, वहीं बम निरोधक दस्ते ने अनूपगढ़-सूरतगढ़ पैसेंजर ट्रेन के गुजरने के बाद दूसरे बम को डिफ्यूज किया
- अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर गांव 50 जीबी के पास तीन नवंबर की रात को भी विस्फोट हुआ था

अनूपगढ़, (निसं)। यहां रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक से 10 से 20 मीटर दूर खाली जगह पर टाइमर लगे दो बम मिले। सूचना पर श्रीगंगानगर से एफएसएल और बीडीएस की टीम मौके पर पहुंची और बीकानेर से डॉग स्क्वाड को भी बुलाया गया। बीडीएस की टीम की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मौके पर टाइमर लगा हुआ बम है। जिसमें से एक डिफ्यूज था। बम निरोधक दस्ते ने अनूपगढ़-सूरतगढ़ पैसेंजर ट्रेन के गुजरने के बाद दूसरे बम को डिफ्यूज किया।

गौरतलब है कि अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर गांव 50 जीबी के पास 3 नवंबर की रात को विस्फोट हुआ था। इससे रेलवे ट्रैक के नीचे लगे दो स्लीपर टूट गए थे। आसपास के कई स्लीपरों के लॉक भी टूटे थे और पटरियों के बीच गहरा गड्ढा बन गया था। धमाके से आधे घंटे पहले ही पैसेंजर ट्रेन वहां से गुजरी थी।

मामले में राजस्थान एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड ने पंजाब के गुरुदासपुर से एक महिला महकदीप कौर और उसके साथी देवेंद्र को गुरदासपुर से 14 नवंबर को गिरफ्तार किया था। जांच अधिकारी आईपीएस नितिन चौधरी दोनों आरोपियों को घटनास्थल से 7 किमी पहले रेलवे ट्रैक पर लेकर पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि वे 12-13 अक्टूबर को दूसरी बार इस क्षेत्र में आए थे और उस दौरान यहां आईईडी लगाया था। आरोपियों को रामसिंहपुर स्टेशन से 300 मीटर पहले पीर की मजार के पास लेकर पहुंचे थे। यहां रेलवे ट्रैक से 10 से 20 मीटर दूर खाली जगह पर टाइमर दो बम मिले। इनमें एक डिफ्यूज था। वहीं, दूसरा बॉक्स पैक था। इस मामले में पंजाब से गिरफ्तार महकदीप कौर और देवेंद्र सिंह को कोर्ट में पेश करने के बाद 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच में महिला के सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे एजेंट के संपर्क में आने और उनके निर्देश पर वारदात को अंजाम देने की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने इससे पहले भी दो बार ब्लास्ट को अंजाम देने का प्रयास किया था, लेकिन वे सफल नहीं हो सके थे। अब पुलिस आरोपियों के मोबाइल, कॉल डिटेल, सोशल मीडिया संपर्क और पैसों के लेनदेन की जांच कर रही है।

उदयपुर में दिन का पारा तीन डिग्री गिरा

उदयपुर, (कास)। लेकसिटी उदयपुर में पिछले सात दिनों में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 9 नवंबर को अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस था, जो 16 नवंबर को घटकर 29.8 डिग्री सेल्सियस रह गया। इस तरह सात दिनों में दिन का पारा 3.9 डिग्री सेल्सियस नीचे आया है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी 1.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम के आंकड़ों के अनुसार 10 नवंबर को अधिकतम तापमान सात दिनों में सबसे ज्यादा 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद तापमान में गिरावट आई। रात के तापमान में भी लगातार ठंड का असर दिखाई दे रहा है। 9 नवंबर को न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस था जो 13 नवंबर को सात दिनों के सबसे निचले स्तर 13 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. आर.एस. देवड़ा के अनुसार उदयपुर मे आने वाले दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही हिमालय से चलने वाली ठंडी हवा रात के तापमान में कमी करेगी। उन्होंने बातया कि पिछले सात दिनों के आंकड़े बताते हैं कि उदयपुर में दिन का अधिकतम तापमान अब भी 31 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है जबकि रात का न्यूनतम तापमान 13 से 16 डिग्री के बीच रहा। दिन में धूप के कारण गर्मी का अहसास हो रहा है। वहीं सुबह और रात के समय हल्की ठंडक महसूस होने लगी है।

युवक का शव मिला


सीकर, (निसं)। जिले में न्यू नवलगढ़ पुलिया के नीचे सोमवार को युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को एसके अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। हालांकि, अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान कर रही है और ये पता लगा रही है कि आखिर युवक की मौत कैसे हुई।

कोतवाली पुलिस स्टेशन के ड्यूटी ऑफिसर हैड कॉन्स्टेबल कल्याण सिंह सिंहासन ने बताया कि आज पूर्व पार्षद बलराम की ओर से सूचना दी गई कि नई नवलगढ़ पुलिया के नीचे एक युवक की डेड बॉडी पड़ी है। सूचना पर मैं टीम के साथ मौके पर पहुँचा। इस दौरान जब आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह युवक पुलिया के आसपास ही घूमता रहता था।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने करौली क्षेत्र में मतदान केन्द्रों का दौरा किया

- स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

करौली, (निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत सोमवार को जिला राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलैक्टर) अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बीजलपुर, सलेमपुर एवं आदर्श मतदान केन्द्र कुडगाँव का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं, मतदान प्रक्रिया एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ईनायती, निशाना, डाबरा और जीरोता में भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान कार्मिकों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष,शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।



राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखना सभी मतदान कार्मिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान कार्मिको एवं मतदाताओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की यथास्थिति को जाना। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने और मतदान सुनिश्चित करने को कहा।पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को मतदान के दौरान सतर्कता बरतने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा मतदान दलों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान संबन्धित निर्वाचन कार्मिक एवं मतदाता उपस्थित रहे।

सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व सामान चोरी

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में दिनदहाड़े बाइक सवार दो अज्ञात चोरों द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर मकान में एक टीवी व नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार थाना इलाके के रायपुरा स्थित गोवर्धन धाम कॉलोनी के राजनगर में 15 नवम्बर को दिनदहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर मकान में रखी एक टीवी व नकदी चोरी कर ले गये। मामले में सामने आया कि मकान मालिक निजी बैंक में कलेक्शन का काम करता है जो बैंक के काम से कोटा से बाहर गया हुआ था और परिवार के अन्य सदस्य दीपावली की छुट्टियों में बाहर गये हुए थे। मकान पर कोई नहीं था। मकान मालिक काम खत्म करके रविवार रात्रि को घर पहुंचा तो मकान में चोरी का पता चला। पीड़ित ने मकान में चोरी का पता लगने पर इसकी रिपोर्ट उद्योग नगर थाने में दर्ज कराई। मामले में घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटैज में चोरी की घटना भी सामने आई है। उद्योग नगर थानाधिकारी आनंद यादव ने बताया कि रायपुरा स्थित गोवर्धन धाम कॉलोनी के राजनगर में एक मकान में चोरी का मामला सामने आया है। मकान मालिक नंदलाल गुर्जर ने मकान में टीवी व नकदी चोरी होने की रिपोर्ट दी है। थानाधिकारी ने बताया कि नंदलाल गुर्जर घटना के समय बैंक के काम से कोटा से बाहर गये थे और परिवार के अन्य सदस्य बाहर गये हुए थे, चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटैज भी सामने आया है। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज सीसीटीवी फुटैज के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

बूंदी महोत्सव 27 नवंबर से

बूंदी, (निसं)।पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के तत्वावधान में 27 से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक बूंदी महोत्सव में इस बार राजस्थानी लोक संस्कृति की अनूठी छटा देखने को मिलेगी। महोत्सव के दूसरे दिन 28 नवंबर को नवल सागर पार्क में आयोजित होने वाली सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या में प्रख्यात राजस्थानी गायिका सीमा मिश्रा अपने दल के साथ सुरों का जादू बिखेरेंगी। प्रशंसकों के बीच मरू कोकिला के नाम से मशहूर सीमा मिश्रा की मधुर आवाज बूंदी की फिजाओं में राजस्थानी लोकगीतों, पारंपरिक धुनों और भक्ति संगीत का रस घोलेंगी।

भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2026-27/15783 - 96 दिनांक :- 05/11/2026

अल्पकालीन ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 57/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से एजेंसियों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 01 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत राषि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://bhda.rajasthan.gov.in/home/dptHome, http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://sppp.raj.nic.in portal, http://eproc.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

UBN No. : WAQ2627SLRC00138

सचिव
भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

राज.संवाद/सी/26/13272

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील-लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक :- MEW/2026-27/659 दिनांक :- 03/11/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 12/2026-27

नगर निगम अजमेर द्वारा निर्माण कार्यों में उपयोग में आने वाली निर्माण सामग्री की जांच हेतु ज्मेजपदह न्नपचउमदज सप्लाई कार्य के वास्तविक आपूर्तिकर्ता / नगर निगम अजमेर में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

विवरण	दिनांक
निविदा जारी करने की तिथि	Date 03.11.2026 को 06.00 PM तक
निविदा प्रकाशन की तिथि	Date 04.11.2026
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि	Date 05.11.2026 को 11.00 AM से 16.11.2026 को 06.00 PM तक
Technical निविदा खोलने की तिथि व समय	Date 17.11.2026 को 11.00 AM तक
Financial निविदा खोलने की तिथि	सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा।

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

NIB No. : ANN2627A0130
UBN No. : ANN2627SLOB00156

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम अजमेर

राज.संवाद/सी/26/13279

कार्यालय अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड बून्दी

क्रमांक/अ.अ./जनस्वा/खबू/2020-27/4072-85 दिनांकः 27.10.2026

NIT NO-30/2026-27
(NIB Code PHE2627A3235)
NOTICE INVITING TENDERS THROUGH E-PROCUREMENT SYSTEM

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न कार्य की निविदायें ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउन लोड की जा सकती है। निर्धारित शुल्क, विस्तृत शर्तों तथा अन्य आवश्यक जानकारी हेतु विस्तृत निविदा www.dipr.rajasthan.gov.in, www.rajwater.gov.in तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैः-

UBN No.	Availability of tender documents on Web Site	Date & time for online submission of Tender.	Date for physically submission of copy of E-Grass Challan of EMD, RISL, TF & Other Document	Date & Time for bid opening
PHE2627 WSRC06797, PHE2627 WSRC06798	02.11.2026 (10:00 AM) to 17.11.2026 (Upto 6.00 PM.)	02.11.2026 (10:00 AM) to 17.11.2026 (Upto 6.00 PM.)	18.11.2026 at 1.00PM	18.11.2026 at 3.00 PM

(मस्तराम मीणा)
अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी
विभाग खण्ड-बून्दी, मो. नं.-9784887709

DIPR/C/18394/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा.अभि. विभाग जिला खण्ड फलोदी
E-mail: eephedphalodi@yahoo.com, Phone No. 02925-223448

क्रमांकः-अअ/जिख / निविदा/2026-27/2118-2134 दिनांकः 4/11/26

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 34/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु जन स्वा. अभि. विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत अनुबन्धकों से निर्धारित प्रपत्र में ई. प्रोक्यूरमेंट प्रकिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

निविदा में कुल कार्य की संख्या	1
निविदा की कूल लागत	Rs. 39.77 Lacs
निविदा की धरोहर राशि	अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत या नियमानुसार
ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक	05.11.2026 सुबह 10.00 बजे से 20.11.2026 को सुबह 11.30 बजे तक
ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की दिनांक	05.11.2026 सुबह 10.00 बजे से 20.11.2026 को सुबह 11.30 बजे तक
फर्म द्वारा निविदा प्रपत्र के अनुसार आवश्यक दस्तावेज (Hard Copy) जमा करवाने की तिथि	20.11.2026 को दोपहर 01.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा फार्म खोलने की दिनांक	20.11.2026 दोपहर 01.30 बजे

निविदा से संबंधित विवरण समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in मे देखा जा सकता है ।
इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवष्यक है।

(नफीस अहमद खान)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग
जिला खण्ड फलोदी

DIPR/C/18305/2026

जयपुर में शुरू हुई रोबोटिक-असिस्टेड नी रिप्लेसमेंट सर्जरी

जयपुर। जयपुर में हड्डियों और जोड़ों के उपचार को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल्स ने रोबोटिक-असिस्टेड नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की सुविधा शुरू की है। इस नई सुविधा का उद्घाटन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) जयपुर में किया गया। इससे जयपुर सहित राजस्थान के मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण की उन्नत तकनीक का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। अपोलो हॉस्पिटल्स की जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संगीता रेड्डी ने कहा कि रोबोटिक तकनीक सर्जरी के दौरान आसपास के ऊतकों को अनावश्यक नुकसान से बचाने और प्रक्रिया में सटीकता बढ़ाने में मदद करती है। इससे रक्तस्राव कम होने, शुरुआती दिनों में मरीज की गतिविधियों में सुधार और तेजी से रिकवरी में सहायता मिल सकती है। डॉ. संगीता रेड्डी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य आधुनिक तकनीक को देश के हर कोने तक पहुंचाने में है। उन्नत सर्जिकल सुविधाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इस पहल से मरीजों को इलाज के बेहतर विकल्पों की जानकारी और निर्णय लेने में मदद मिलेगी।अपोलो स्पेक्ट्रा के सीनियर रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. मुजाहिद सलीम ने बताया कि करीब 38 वर्षों के अनुभव के साथ उनका मानना है कि रोबोटिक सिस्टम सर्जन की योजना और ऑपरेशन के दौरान सटीकता बढ़ाने में सहायक है।

''रालसा फॉर रोड सेफ्टी कैंपेन 2.0'' का शुभारंभ

यात्री बसों, सिटी बसों एवं मिनी बसों का सघन निरीक्षण

- डीएलएसए मेट्रो-, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं जिला प्रशासन की संयुक्त प्रवर्तन टीम द्वारा आज सघन जांच अभियान चलाया गया
- अभियान 2 माह की अवधि 16 से 15 जनवरी तक संचालित किया जाएगा

जयपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा आमजन की सड़क सुरक्षा और यात्री वाहनों में वैधानिक सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज से 2 माह के विशेष राज्यव्यापी अभियान ''रालसा फॉर रोड सेफ्टी कैंपेन'' का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 2 माह की अवधि 16 से 15 जनवरी तक संचालित किया जाएगा।



जयपुर महानगर द्वितीय क्षेत्र के 14 नंबर रोड एरिया पर सघन जांच अभियान चलाया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय पल्लवी शर्मा ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मोबाइल मजिस्ट्रेट विजय कुमार सिरोहीवाल, परिवहन विभाग यातायात पुलिस एवं जिला प्रशासन की संयुक्त प्रवर्तन टीम द्वारा जयपुर महानगर द्वितीय क्षेत्र के 14 नंबर रोड एरिया पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान स्लीपर कोच, लग्जरी यात्री बसों के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में संचालित सिटी बसों और मिनी बसों का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया।

संयुक्त टीम द्वारा वैधानिक दस्तावेज एवं फिटनेस, वाहनों के वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्रों की जांच की गई। सुरक्षा उपकरण एवं आपातकालीन व्यवस्था, बसों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता व कार्यशीलता, आपातकालीन निकास द्वार की सुगमता तथा किसी भी प्रकार के अनधिकृत ढांचागत बदलाव की जांच की गई। स्पीड गवर्नर की जांच, सिटी एवं मिनी बसों में निर्धारित गति नियंत्रक उपकरण लगे होने और उनके सुचारू रूप से कार्य करने का भौतिक सत्यापन किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिन वाहनों में गंभीर सुरक्षा खामियां या वैधानिक दस्तावेजों का उल्लंघन पाया गया, उनके विरुद्ध परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा नियमानुसार चालान एवं जब्ती की कार्यवाही की गई। वहीं, जिन बसों में शिकायत पेटी या हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित नहीं था, उनके संचालकों को निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से इनकी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सख्त निर्देश प्रदान किए गए।

पल्लवी शर्मा ने जानकारी दी कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी बस ऑपरेटरों एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए सभी वैधानिक मानकों की पालना सुनिश्चित करें। साथ ही, आमजन से भी आग्रह किया गया है कि बस संचालन, चालक-परिचालक के व्यवहार या सुरक्षा मानकों से संबंधित किसी भी शिकायत अथवा समस्या के समाधान हेतु प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 9928900900 पर नि:संकोच संपर्क करें।


सार-समाचार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से संवाद कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया



जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के चतुर्थ चरण के तहत सोमवार को जयपुर जिले की चार पंचायत समितियों बस्सी, तूंगा, जमवारामगढ़ एवं आंधी की 140 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, मतदान दलों की व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की स्थिति जानी तथा मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के लिए पहुंचे मतदाताओं से भी सीधा संवाद किया और मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने मतदाताओं की निर्भीक एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं के गठन में प्रत्येक मत की महत्वपूर्ण भूमिका है।

7.56 ग्राम स्मैक के साथ 55 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार



जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट के दक्षिण जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7.56 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 55 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अशोक राजोरिया (55) निवासी चाकसू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7.56 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

मोबाइल हैक कर बैंक खातों और तीन क्रेडिट कार्ड से 2.95 लाख रुपए की ठगी

जयपुर। जयपुर के जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर उसके और उसकी पत्नी के बैंक खातों से रकम निकाल ली। इसके साथ ही तीन अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 2 लाख 95 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि सैनी कॉलोनी सब्जी मंडी जयसिंहपुरा खोर निवासी प्रताप चंद बिस्वास (45) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 14 नवंबर को उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया गया। इसके बाद बदमाशों ने फोन-पे से जुड़े उनके और उनकी पत्नी के बैंक खातों से रुपए निकाल लिए।पीड़ित के आईसीआईसीआई बैंक खाते से 15 हजार रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 95 हजार रुपए निकाल लिए गए। वहीं, आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 65 हजार रुपए, एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया गया।पीड़ित के अनुसार आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से 16 बार 10-10 हजार रुपए और एक बार 5 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया। इस तरह बैंक खातों और तीन क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कुल 2 लाख 95 हजार रुपए की साइबर ठगी को अंजाम दिया गया।जयसिंहपुरा खोर थानाधिकारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ई-रिक्शा से आए बदमाशों ने दिनदहाड़े घर से गैस सिलेंडर चुराया

जयपुर। महेश नगर थाना इलाके में ई-रिक्शा से आए बदमाशों ने दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाकर एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। बदमाशों ने पहले पैदल घूमकर घर की रेकी की और फिर दीवार फांदकर अंदर घुस गए। पोर्च में रखा गैस सिलेंडर उठाकर ई-रिक्शा में रखकर फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार महेश नगर के नरेन्द्र नगर निवासी रामकेश मीना (65) के घर चोरी की वारदात हुई। 14 नवंबर को दोपहर में वह परिवार सहित किसी काम से घर से बाहर गए थे। पीछे से बदमाशों ने सूने मकान को निशाना बनाया। दीवार फांदकर घर में घुसे चोर पोर्च में रखा एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। देर शाम परिवार के वापस लौटने पर सिलेंडर गायब मिला, जिसके बाद चोरी का पता चला। वहीं घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दोनों बदमाशों की करतूत कैद हो गई। फुटेज में सामने आया कि दोनों बदमाश ई-रिक्शा से मौके पर पहुंचे और पैदल घूमकर घर की रेकी की। इसके बाद उन्होंने दीवार पर रखे गमलों को एक तरफ किया और दीवार फांदकर घर में प्रवेश कर गए। बदमाशों ने पोर्च में रखा गैस सिलेंडर उठाकर दीवार पर रखा और बाहर निकलकर उसे ई-रिक्शा में रख लिया। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने और उनकी तलाश में जुटी है।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1.10 लाख रुपए की ठगी

जयपुर। राजधानी में साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब साइबर ठगों ने फर्जी कस्टमर केयर के जरिए एक व्यक्ति को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1.10 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। आरोपी ने पीड़ित से एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड नंबर डायल करवाए। इसके बाद दोनों कार्ड से रकम निकाल ली। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने महेश नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस के अनुसार जयसिंहपुरा खोर निवासी कमलेश (39) के मोबाइल पर एक युवक ने कॉल किया। उसने खुद को क्रेडिट कार्ड कंपनी के कस्टमर केयर का अधिकारी बताया और बातचीत के दौरान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। आरोपी की बातों में आकर पीड़ित ने एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड नंबर डायल कर दिए। इसके बाद ठग ने एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से 9 हजार रुपए और आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से करीब 1 लाख 1 हजार रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। इसके बाद रविवार को महेश नगर थाने पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की पहचान करने और ठगी की रकम के ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारी जुटाने में लगी है।

जूली ने प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की

- जूली ने करौली में अंजनी पहाड़ के नीचे सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की

जयपुर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने करौली में अंजनी पहाड़ के नीचे सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार के दावों की वास्तविकता सामने लाती है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है और महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता के कारण ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल भाषणों और दावों का विषय नहीं, बल्कि सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी है, लेकिन प्रदेश में इस दिशा में ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। जूली ने कहा कि वर्ष 2026 में जनवरी से सितंबर के बीच प्रदेश में दुष्कर्म के 4,146 मामले दर्ज होना बेहद गंभीर विषय है। मीडिया में सामने आए सितंबर माह के आंकड़ों के मुताबिक बालिग महिलाओं से दुष्कर्म के 287 और नाबालिगों से दुष्कर्म के 151 मामले दर्ज हुए। वहीं पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अक्टूबर माह में भी बालिग महिलाओं से दुष्कर्म के 244 मामले दर्ज किए गए। ये आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर सरकार के सामने कितनी बड़ी चुनौती है। सरकार को इन घटनाओं पर गंभीरता से आत्ममंथन करना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद से ही कानून व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से मेल नहीं खाती। प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध की घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। सरकार को केवल घटनाओं के बाद बयान जारी करने या जांच के आदेश देने तक सीमित रहने के बजाय अपराधों की रोकथाम, पुलिस की जवाबदेही, त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान किया

जयपुर। जयपुर नगर निगम के वार्ड नंबर 72 में पार्षद कार्यालय का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इंद्रा नगर, झालाना डूंगरी स्थित प्रयाग पब्लिक स्कूल के सामने नवनिर्मित पार्षद कार्यालय का उद्घाटन राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र बगरू के प्रभारी राजेंद्र अडवाणा, महारानी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर निमाली सिंह, प्रोफेसर सी.बी. आदव एवं रवि जोशी सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की। सभी अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में पार्षद कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए उन्हें साफा एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

जयपुर में संविधान रक्षा मार्च की तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस, पीसीसी में बैठक आज

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आयोजित हो रही बैठक में ''वोट बचाओ देश बचाओ'' अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर होगी विस्तार से चर्चा, बैठक में पार्टी के जिला प्रभारी को बुलाया

जयपुर। एक तरफ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एसआईआर को लेकर एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा सोमवार को खटखटा दिया है तो दूसरी तरफ राजस्थान में भी कांग्रेस पार्टी वोट बचाओ और देश बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए जोर-जोर से जुट गई है आगामी 26 नवंबर को जयपुर में संविधान रक्षा मार्च का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति का दावा किया जा रहा है, इस संविधान रक्षा मार्च को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के रणनीतिकार पार्टी के नेताओं की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित कर रहे हैं, इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों की एक बड़ी बैठक आयोजित हो रही है जिसमें मतदाता सूचियों से गलत प्रकार से मतदाताओं के हटाए गए नाम के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए जोर-जोर से जुट गई है आगामी 26 नवंबर को जयपुर में संविधान रक्षा मार्च का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति का दावा किया जा रहा है, इस संविधान रक्षा मार्च को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के रणनीतिकार पार्टी के नेताओं की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित कर रहे हैं, इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों की एक बड़ी बैठक आयोजित हो रही है जिसमें मतदाता सूचियों से गलत प्रकार से मतदाताओं के हटाए गए नाम के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत वोट रक्षक नियुक्त करने तथा आगामी संविधान रक्षा मार्च जैसे बड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी और आवश्यक निर्णय भी लिए जाएंगे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में पार्टी के सभी जिला प्रभारी को भी बुलाया गया है

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी में बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देश में वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत अब वोट रक्षक अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर वोटर लिस्ट से हटाए गए मतों का सत्यापन करने के लिए वोट रक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और इन जमीनी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित होना है, वोट बचाओ देश बचाओ चौपालों का आयोजन मंडल स्तर व ग्राम स्तर पर किया जाएगा।

साथ ही 26 नवंबर को जयपुर में संविधान रक्षा मार्च आयोजित होगा। इन सभी कार्यक्रमों को लेकर आज की बैठक में विस्तार से चर्चा होगी बैठक में वोट रक्षक अभियान के साथ ही हाल ही में प्रदेश में संपन्न हुए पंचायती राज संस्थाओं के मतदान के पश्चात फीडबैक लिया जाकर पंचायत समितियां और जिला परिषद चुनाव हेतु चर्चा की जाएगी।

''राज कृति'' पुस्तक ने राजस्थान की महिला कलाकारों और उनकी जीवंत कला को नई पहचान दी

जयपुर/नई दिल्ली। राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान अक्सर उसके किलों, वस्त्रों, लोक संगीत और शिल्प से जानी जाती है। किंतु इस समृद्ध विरासत के पीछे वे महिलाएँ भी हैं, जिनका जीवन, कौशल और कहानियाँ राज्य की पहचान का अभिन्न अंग हैं। इन्हीं कहानियों को सामने लाती है पुस्तक 'राज कृति - द स्पिरिट ऑफ़ राजीविका वीमेन इन कलर', जिसकी लेखिका सुनेहा गिरि, आईएएस, निदेशक, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, एवं राजीविका की पूर्व राज्य मिशन निदेशक हैं।



पुस्तक पर आधारित चर्चा 'ए कन्वर्सेशन बियॉन्ड द पेजेज़' का आयोजन हुआ।

हाल ही में मुख्यमंत्री, राजस्थान द्वारा विमोचित 'राज कृति' राज्य की पाँच विशिष्ट चित्रकला परंपराओं - राजस्थानी लघु चित्रकला, पिछवाई, बनी-ठनी, मांडना और कावड़ - को राजीविका के स्वयं सहायता समूहों की उन महिला कलाकारों के माध्यम से प्रस्तुत करती है, जिन्होंने अपनी पारंपरिक कला को पहचान, सम्मान और आजीविका का साधन बनाया है। पुस्तक पर आधारित चर्चा 'ए कन्वर्सेशन बियॉन्ड द पेजेज़' का आयोजन द बॉलरूम, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली में मुख्य अतिथि वी. श्रीनिवास, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में स्मृति सरन, सदस्य, डाक सेवा बोर्ड, भारत सरकार, सम्मानित अतिथि तथा रोहित कुमार, प्रमुख आवासीय आयुक्त, राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बाइक सवार बदमाशों ने युवक को थप्पड़ मारकर लूटा आईफोन

जयपुर। राजधानी में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसका आईफोन लूट लिया। बदमाश बाइक पर सवार होकर आए और युवक को थप्पड़ मारकर उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित ने शिप्रापथ थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एएसआई भागीरथ मल ने बताया कि मानसरोवर निवासी 30 वर्षीय युवक शनिवार सुबह शिप्रापथ स्थित एमआरएफ टायर शोरूम के पास से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। दोनों ने युवक के साथ मारपीट की। एक बदमाश ने उसे थप्पड़ मारा और हाथ से आईफोन छीन लिया। वारदात के बाद दोनों बदमाश बाइक पर बैठकर भागने लगे।

एसआईआर पर राजनीति उचित नहीं : अलका गुर्जर

जयपुर। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा की पंजाब सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता किसी राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का विषय है। चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के प्रयासों को राजनीतिक विवाद का मुद्दा बनाने के बजाय इसमें रचनात्मक सहयोग करना चाहिए।

डॉ. गुर्जर ने कहा कि जो व्यक्ति भारतीय नागरिक नहीं है और कानून के अनुसार मतदान का पात्र नहीं है, उसका नाम मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए। वहीं किसी भारतीय पात्र नागरिक को केवल संदेह, दस्तावेजों की कमी या प्रशासनिक त्रुटि के आधार पर उसके मताधिकार से वंचित करना भी स्वीकार्य नहीं है। कानून का शासन और लोकतंत्र की वास्तविक भावना यही है कि अपात्र व्यक्ति को अनुचित लाभ नहीं मिले और प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार सुरक्षित रहे।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर ही चुनावी जनादेश की विश्वसनीयता टिकी होती है। यदि किसी व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है तो उसका विरोध करने के बजाय उसे बेहतर बनाने के सुझाव दिए जाने चाहिए।

जनता अब राजनीतिक दलों से आरोप-प्रत्यारोप के बजाय जिम्मेदार और सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा करती है।डॉ. गुर्जर ने कहा कि एसआईआर को किसी राजनीतिक दल की जीत या हार से जोड़कर देखना उचित नहीं है। इस प्रक्रिया का मूल्यांकन तथ्यों, कानून और उसके वास्तविक परिणामों के आधार पर होना चाहिए। जहां भी अनियमितता सामने आए, उसकी निष्पक्ष जांच हो और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

सहकारी बैंकों में बैंकिंग सेवाओं का आधुनिकीकरण कर डिजिटल सेवाओं का विस्तार करें : समित शर्मा

- सहकारी बैंकों में इंटरनेट, मोबाइल, व्हाट्सएप एवं डोरस्टेप बैंकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित करने पर जोर
- तकनीकी उन्नयन एवं डिजिटल बैंकिंग के लिए एडवाइजरी ग्रुप का होगा गठन

जयपुर। सहकारी बैंकों की बैंकिंग सेवाओं को आधुनिक, तकनीकी रूप से सक्षम एवं ग्राहक केंद्रित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को शीर्ष सहकारी बैंक में शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नाबार्ड के प्रतिनिधियों, सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, शीर्ष सहकारी बैंक एवं केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों तथा विभिन्न आईटी सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की।

बैठक में डॉ. समित शर्मा ने कहा कि वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य में सहकारी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत एवं वाणिज्यिक बैंकों की तर्ज पर आधुनिक डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं से सुसज्जित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों में इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, व्हाट्सएप बैंकिंग, डोरस्टेप बैंकिंग सहित विभिन्न आधुनिक ई-चैनल सेवाओं का विस्तार किया जाए, ताकि ग्राहकों को घर बैठे ही बेहतर एवं सुगम बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।डॉ. शर्मा ने शीर्ष सहकारी बैंक, केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही बैंकिंग सेवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उनके तकनीकी उन्नयन, आधुनिकीकरण तथा सूचना प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को समय की मांग के अनुरूप विकसित करते हुए किसानों एवं आमजन को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में राजफेड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी ने बैंकिंग प्रणाली में डेटा सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राहकों की वित्तीय एवं व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए बैंकिंग प्रणाली को तकनीकी रूप से मजबूत एवं साइबर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षित बनाया जाना चाहिए, ताकि डेटा के दुरुपयोग एवं साइबर जोखिमों की संभावनाओं को रोका जा सके।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक आर.एस. चुंडावत ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं के आधुनिकीकरण से किसानों को घर बैठे ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी। डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से किसान अपने खातों में जमा राशि एवं लेन-देन की जानकारी तत्काल प्राप्त कर सकेंगे। इससे बैंकिंग कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा वित्तीय अनियमितताओं एवं गबन जैसी घटनाओं की संभावनाओं को कम करने में मदद मिलेगी।

प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों एवं अस्पतालों में मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण की व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं संक्रमणमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना चिकित्सा संस्थानों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।खींवसर ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों, जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से पेस्ट कंट्रोल करवाया जाए तथा चूहों एवं अन्य कीटों की रोकथाम के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

ARBiT
it happens here...



Honouring Courage and Knowledge: International Students' Day


International Students' Day, observed annually on November 17, honours the courage, resilience, and contributions of students worldwide. It traces its origins to 1939, when students in Czechoslovakia protested against Nazi occupation, many paying the ultimate price for their activism. Today, the day serves as a reminder of the vital role students play in shaping societies, promoting education, and advocating for justice and equality. Universities, organizations, and communities celebrate through discussions, cultural events, and campaigns highlighting student rights, global education challenges, and the importance of academic freedom. It inspires youth to continue striving for knowledge and positive change.

राष्ट्रदूत
TUESDAY
17 November 2026
A-B

#JEWISH BOLLYWOOD WOMEN

Before the Khans and Kapoors

They embodied a new kind of femininity, independent, expressive, and unafraid of judgment



Long before dynasties like the Kapoor family and the era of superstar Khans defined Hindi cinema, an unexpected group of pioneers dominated the Indian film industry, Jewish women, many of whom broke social barriers and redefined stardom in early Bollywood.

A Community Arrives in India

Many of these actresses came from the Baghdadi Jews, a community that migrated to India in the 18th century. Settling primarily in cities like Mumbai (then Bombay) and Kolkata, they became known for their education, cosmopolitan outlook, and familiarity with Western culture. At a time when conservative social norms discouraged "respectable" Indian women from acting in films, these Jewish women stepped into the spotlight. Their willingness to perform in public made them central to the growth of early Indian cinema.

Reinventing Identity for the Screen

To appeal to wider audiences, many of these actresses adopted Hindi screen names. For instance, Ruby Myers became Sulochana, while Esther Victoria Abraham took on the name Pramila.

These new identities helped them integrate into the cultural fabric of Indian cinema, even as they retained distinct personal histories shaped by migration and minority identity.

Breaking Barriers and Setting Records

In an era when acting was considered taboo for many Indian women, these actresses were trailblazers. They were not only visible but immensely successful, some among the highest-paid stars of their time. They brought confidence, modernity, and boldness to the screen, often portraying characters that pushed social boundaries. Their presence helped normalize the idea of women in cinema and opened doors for future generations of Indian actresses.

The Rise of the "Vamp"

Many Jewish actresses became especially famous for playing vamps, characters that were glamorous, rebellious, and morally ambiguous. These roles, considered daring and unconventional, required a level of boldness that mainstream society often frowned upon. Yet, it was precisely this edginess that made them iconic. They embodied a new kind of femininity, independent, expressive, and unafraid of judgment, challenging traditional expectations of women in Indian society.

A Fading Legacy

As Indian cinema evolved and more Indian women began entering the industry, the dominance of Jewish actresses gradually declined. By the mid-20th century, many of these pioneers had faded from the spotlight.

Tragically, despite their immense contributions, several of them were largely forgotten. Some faced financial hardship and lived their later years in loneliness and poverty, a stark contrast to the fame and success they once enjoyed.

Remembering the Forgotten Pioneers

The story of these Jewish women is a vital yet often overlooked chapter in the history of Bollywood. They were not just performers but cultural bridge-builders who helped shape the identity of Indian cinema in its formative years. Before the Khans, before the Kapoors, there were these fearless women, outsiders who became stars, who challenged norms, and who left behind a legacy that still echoes, even if it is not always remembered.





He Conquered An Empire and Lost It In A Lifetime

In 332 BC, Alexander entered Egypt, where Persian rule had become unpopular among some Egyptians. He was welcomed and presented himself as a restorer of Egyptian traditions. He founded Alexandria and visited the oracle of Amun at Siwa Oasis.



● Kshema Jatuhkarna

Alexander the Great spent barely a decade building one of the largest empires the ancient world had ever seen. From Macedonia, his armies swept through Greece, defeated the Persian Empire, entered Egypt, crossed Central Asia, and reached the Indus Valley. Yet, when Alexander died at just 32, the empire he had created began to collapse almost immediately.

His story is one of ambition, military genius, loyalty, betrayal, and tragedy. And at the centre of the final chapter was Roxana, the woman who believed that protecting her unborn son could preserve Alexander's dynasty.

Alexander was born in 356 BC, the son of King Philip II of Macedon and Olympias. Philip had transformed Macedon into a formidable military power and made his son heir to a kingdom already preparing for expansion into Asia.


But Alexander's mother surrounded his birth with an even greater sense of destiny. According to later traditions, Olympias dreamed that a thunderbolt struck her womb and that flames spread across the land. Alexander would eventually encourage associations between himself and divine figures, particularly Zeus-Ammon in Egypt.

> The Persian king Darius III commanded a vast multinational empire, but Alexander repeatedly demonstrated that battlefield numbers were not everything. At Issus in 333 BC, Alexander personally led the attack towards Darius's position. His cavalry broke through the Persian formation, forcing Darius to flee.

One of the earliest stories demonstrating Alexander's extraordinary confidence involved a horse named Bucephalus. When the animal was brought to Philip's court, it was considered wild and impossible to tame. Alexander noticed that the horse was frightened by its own shadow. He turned it towards the sun, calmed it, and mounted it.

Philip was so impressed that, according to Plutarch, he told his son to find a kingdom large enough for his ambitions. Bucephalus became Alexander's famous companion and accompanied him through much of his Asian campaign.

Alexander was also educated by one of antiquity's greatest philosophers: Aristotle. Under Aristotle, he studied philosophy, medicine, literature, logic, ethics, and natural science. Alexander developed a particular admiration for Greek literature and reportedly knew passages of Homer by heart.



#ALEXANDER THE GREAT



But education alone would not make him a conqueror. His father had created a powerful Macedonian army, and Alexander inherited both its soldiers and its military system.

When Philip II was assassinated in 336 BC, Alexander became king.

He immediately faced resistance. The Greek city of Thebes rebelled, believing Macedonian control could be challenged. Alexander responded with overwhelming force. The city was destroyed, its population enslaved, and only the house of the poet Pindar was traditionally said to have been spared.

With Greece subdued, Alexander turned towards the enormous Persian Empire.

The Persian king Darius III commanded a vast multinational empire, but Alexander repeatedly demonstrated that battlefield numbers were not everything. At Issus in 333 BC, Alexander personally led the attack towards Darius's position. His cavalry broke through the Persian formation, forcing Darius to flee.

The Persian king abandoned his family on the battlefield. Alexander captured Darius's mother, wife, and children but treated them with unusual respect.

Darius attempted negotiations. He offered money, territory, and eventually marriage alliances and recognition of Alexander's authority over parts of the Persian world. Alexander refused. His objective was no longer to simply revenge for Persia's invasion of Greece. He wanted the Persian Empire itself.

In 332 BC, Alexander entered Egypt, where Persian rule had become unpopular among some Egyptians. He was welcomed and presented himself as a restorer of Egyptian traditions. He founded Alexandria and visited the oracle of Amun at Siwa Oasis.

There, according to ancient accounts, Alexander was associated with the god Amun, whom Greeks identified with Zeus. Later artistic representations sometimes showed Alexander with the horns of Ammon. Then came the decisive confrontation.

In 331 BC, Alexander met Darius again at Gaugamela. Darius had assembled an enormous army containing infantry, cavalry, chariots, and other forces from across his empire. Alexander was heavily outnumbered.

Once again, however, Alexander used movement and deception. His forces drew Persian troops away from the centre, creating an opening. Alexander then led a concentrated attack towards Darius and his royal guard.

Darius fled. The Persian army collapsed. Alexander captured enormous quantities of treasure, but Darius escaped eastward. Alexander pursued him, hoping to end the Persian resistance permanently. He never got the chance.

> He left no mature successor capable of immediately controlling his enormous empire. His wife Roxana was pregnant. According to ancient sources, Alexander's generals asked who should inherit the empire, and the famous answer was associated with "the strongest" rather than a clearly designated heir.

Darius was betrayed by his own followers, who bound him and abandoned him after mortally wounding him. When Alexander discovered the Persian king dying, ancient sources describe a striking reaction. Rather than celebrating, Alexander reportedly mourned him and ordered that Darius receive a royal burial. With Darius dead, Alexander became the undisputed ruler of the Persian Empire.

But ruling Persia created new problems. Alexander began adopting aspects of Persian court culture and incorporated Persian nobles into his administration. Some Macedonians resented these changes. The tensions eventually became violent. Alexander killed his longtime companion Cleitus the Black during a drunken confrontation after Cleitus criticized his adoption of Persian customs.

The empire continued expanding. Alexander moved through Central Asia and eventually reached the Indian subcontinent. His soldiers had been campaigning for years. At the Hyphasis River, modern-day Beas, they finally refused to advance farther east.

Alexander wanted to continue, but his exhausted army demanded to return home.

He eventually agreed.

By then, however, Alexander's empire stretched across an extraordinary portion of the known world. But its ruler was still only a young man.

In 324 BC, Alexander suffered another devastating personal loss when Hephaestion, his closest companion, died. Alexander reportedly entered deep mourning, and enormous ceremonies followed.

Yet, he continued planning new campaigns. Arabia was apparently next on his list. Then, in 323 BC, Alexander died in Babylon at the age of 32.

His exact cause of death remains uncertain. Ancient accounts describe a prolonged illness involving fever and worsening weakness, while later stories proposed poisoning. Modern historians generally regard the poisoning story as unproven.

But Alexander's greatest problem came after his death.

He left no mature successor capable of immediately controlling his enormous empire. His wife Roxana was pregnant. According to ancient sources, Alexander's generals asked who should inherit the empire, and the famous answer was associated with "the strongest" rather than a clearly designated heir. Alexander's generals soon fought one another in a series of conflicts known as the Wars of the Diadochi. Roxana understood what was at stake.

Alexander had other wives, including Stateira, daughter of Darius III. Ancient sources say that Roxana arranged for Stateira and her sister Drypteis to be killed, removing potential rivals to her unborn child. Roxana later gave birth to Alexander IV, the son of Alexander the Great. For a moment, it seemed she had protected the dynasty. But the empire was already breaking apart.

Alexander's generals divided territories among themselves. Macedonian power fragmented into competing kingdoms. The empire Alexander had built in less than thirteen years could not remain politically unified without him.

Roxana's position became increasingly dangerous.

Cassander, one of the leading Macedonian commanders, eventually captured Roxana and her young son Alexander IV. Around 310 or 309 BC, both were killed in secret on Cassander's orders.

The boy who had been born as the potential heir to Alexander's empire never inherited it.

Roxana, who had tried to eliminate rivals so that her son could survive, ultimately met the same fate she had feared for him.

Alexander had conquered an empire stretching from Greece to Egypt and deep into Asia. But he never solved the question that would determine its future: who could hold it together after him?


Within decades, his empire had fractured into competing successor kingdoms. Alexander conquered the world he knew. But he could not conquer time, death, or the ambitions of the men who survived him.

His greatest victory was the creation of an enormous empire. His greatest tragedy was that he died before creating a system capable of keeping it united.

rajeshsharma1049@gmail.com




THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott



ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



लालसोट के मंडावरी क्षेत्र में अवैध खनन रोकने पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला

हमले में सहायक वनपाल सहित चार कर्मचारी घायल, वनरक्षक मोहनलाल के सिर में 15 टांके आए

लालसोट, (निसं)। अवैध खनन और पत्थरों के परिवहन पर कार्रवाई करना वन विभाग की टीम को भारी पड़ गया। मंडावरी थाना क्षेत्र में अवैध पत्थरों से भरी पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोकने पहुंची वन विभाग की टीम पर बाइक सवार बदमाशों ने लोहे की सब्बल से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने वनकर्मियों को ट्रैक्टर से कुचलने का भी प्रयास किया। हमले में सहायक वनपाल सहित चार कर्मचारी घायल हो गए। हमलावर कार्रवाई के दौरान जब्त की गई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित पांचों वाहन लेकर फरार हो गए। घटना ने वन विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

- हमलावर कार्रवाई के दौरान जब्त की गई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित पांचों वाहन लेकर फरार हो गए
- आरोपियों ने वनकर्मियों के सिर पर लोहे की सब्बल से वार किए और ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की

जानकारी के अनुसार 15 नवंबर की शाम वनरक्षक मोहनलाल रैगर, हरौती बैरवा, वनमित्र रमेश चंद गुर्जर सहित वन विभाग की टीम सरकारी वाहन से गश्त कर रही थी। इसी दौरान खेड़ला खुर्द से खानपुर की ओर अवैध पत्थरों से भरी पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आती दिखाई दीं। टीम ने घेराबंदी कर वाहनों को रुकवाया और चालकों से पत्थर परिवहन के वैध दस्तावेज, रवन्ना एवं टीपी मांगी। दस्तावेज नहीं मिलने पर जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी गई। वन विभाग की टीम जब कार्रवाई कर रही थी, तभी बाइक पर सवार 3-4 युवक मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक कैलाश उर्फ भंडारी मीना और उसके भाई गजब्बी मीना ने ट्रैक्टर में रखी लोहे की सब्बल निकालकर वनकर्मियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने वनकर्मियों के सिर पर वार किए और उन्हें ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वनकर्मियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। हमले में सहायक वनपाल उम्मेद सिंह के सिर में चोट आई, जबकि वनरक्षक मोहनलाल रैगर के सिर में गंभीर चोट लगने से 15 टांके आए। अन्य कर्मचारियों के हाथ, पैर और कमर में भी चोटें आईं। घायल कर्मचारियों को लालसोट के राजकीय जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। वन विभाग की टीम पर हमले के बाद आरोपी जब्त किए गए ट्रैक्टर सहित सभी पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर फरार हो गए।

सहायक वनपाल उम्मेद सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने डिवांचली खुर्द निवासी कैलाश उर्फ भंडारी मीना, गजब्बी मीना, महेंद्र उर्फ कालू मीना, पाटी हमीरपुरा निवासी गिरधारी मीना, बच्चू मीना और रामराज मीना सहित 3-4 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसमें हत्या के प्रयास से संबंधित धारा भी शामिल है। वन विभाग के अनुसार मुख्य आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी अवैध खनन और राजकार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर मंडावरी थाने में परिवाद एवं मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। वन विभाग ने ताजा घटनाक्रम का वीडियो साक्ष्य भी पुलिस को सौंपा है। मामले की जांच थानाधिकारी जगदीश प्रसाद शर्मा कर रहे हैं।

तीर्थराज पुष्कर आने वाले समय में नये स्वरूप में दिखाई देगा

- राज्य सरकार पुष्कर के पौराणिक विरासत को सहेजते हुए इसे आधुनिक रूप में विकसित करने की दिशा में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर, पुष्कर सरोवर के घाटों एवं परिक्रमा मार्ग के विकास के मेगा प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन से तीर्थराज पुष्कर आने वाले समय में नव्य, भव्य व दिव्य स्वरूप में दिखाई देगा। राज्य सरकार पुष्कर के पौराणिक विरासत को सहेजते हुए इसे आधुनिक रूप में विकसित करने की दिशा में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर, पुष्कर सरोवर के घाटों एवं परिक्रमा मार्ग के विकास के मेगा प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है। वहीं, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सड़क विकास से लेकर अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

पुष्कर और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने के लिए लगभग 42 करोड़ रुपये से अधिक के सड़क निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य करवाए गए हैं। इनमें पुष्कर-बड़ी घाटी सड़क, सुरजकुंड योजना, मोतीसर मार्ग, सावित्री मंदिर मार्ग और शहर के विभिन्न मार्गों के विकास के कार्य शामिल हैं। इसके अलावा 80 लाख रुपये की लागत से पुष्कर सरोवर के निकट उच्चस्तरीय पुल की मरम्मत और 1 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से भव्य स्वागत द्वार का निर्माण भी करवाया गया है। सावित्री माता मंदिर क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 50 करोड़ रुपये के कार्य की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। साथ ही, पुष्कर को क्लीन एंड ग्रीन इको सिटी के रूप में विकसित किए जाने के लिए डीपीआर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

हर वर्ष की भांति इस बार भी पुष्कर धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और ग्रामीण जीवन के विविध रंगों से देश-दुनिया को रूबरू करवाने के लिए तैयार है। आगामी 17 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले मेले में विदेशी पर्यटकों की सहभागिता वाली खेल प्रतियोगिताएं, फूड एंड क्राफ्ट फेस्टिवल, ऊंट एवं घोड़ा नृत्य, लोक संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहेंगी। 20 नवम्बर को शिल्पग्राम में फूड एंड क्राफ्ट फेस्टिवल का उद्घाटन होगा।

पुष्कर में 4 करोड़ 93 लाख की लागत से सूरजकुंड योजना (चरण-1) में जीएसबी स्तर तक आंतरिक सड़क निर्माण कार्य, 3 करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक लागत के साथ पुष्कर मेला मैदान रोड से मोतीसर तक, 2 करोड़ 39 लाख रुपये से अधिक की लागत से मोतीसर से सूरजकुंड योजना रोड तक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य किए गए हैं। पुष्कर के सर्वांगीण विकास के तहत स्थानीय निवासियों के लिए भी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

छबड़ा के बापचा में पंचायत चुनाव की रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने

- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, वाहनों में तोड़फोड़ और हमले के आरोप लगाए, अलग-अलग नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई

छबड़ा, (निसं)। पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच चुनावी रंजिश का मामला बापचा थाना क्षेत्र में सामने आया है। बीती रात आश्रम बस्ती में शुरू हुआ विवाद बापचा फाटक तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, वाहनों में तोड़फोड़ और हमले के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

बापचा निवासी गणेशराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 15 नवंबर की रात करीब 10 बजे वह अपने साथियों के साथ चुनाव प्रचार कर गांव बापचा लौट रहे थे। इस दौरान आश्रम बस्ती में उदमसिंह बंजारा के मकान के पास पीपलखेड़ी निवासी लाखन गुर्जर, छोटू गुर्जर, ओम गुर्जर, धन्ना गुर्जर और महेंद्र गुर्जर सहित 30-40 लोग तीन-चार वाहनों में पहुंचे। आरोपियों ने उनसे लेकर सवाल करते हुए लाठी-भाटों से मारपीट शुरू कर दी तथा उनकी गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। रिपोर्ट में जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। विवाद के दौरान भगदड़ मच गई और इसी बीच ओम गुर्जर किसी अज्ञात वाहन से टकराकर गिर गया। आरोप लगाया कि वह और उसके साथी वहां से बचकर निकले तो बापचा फाटक पर दोबारा उन्हें रोककर विवाद किया गया। इस दौरान सरपंच प्रत्याशी बृजेश लोधा के भी मौके पर पहुंचकर विवाद में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से लाखन गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि रात करीब 10 बजे सरपंच प्रत्याशी बृजेश लोधा का फोन आया था। उन्होंने आश्रम बस्ती में चिल्लू उर्फ नरेंद्र और उसके साथियों द्वारा भवानी बंजारा व उनके भाई छोटू को वाहन से रोकने की जानकारी दी। इसके बाद लाखन गुर्जर और बृजेश लोधा मौके पर पहुंचे तथा समझाइश कर उन्हें रवाना किया। रिपोर्ट में बताया गया कि बाद में लाखन के पिता और ताऊ के लड़के ओम को भी घर जाने के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि उसके पिता और ओम पैदल जा रहे थे, तभी पीछे से चिल्लू उर्फ नरेंद्र ने अपनी स्कॉर्पियो से उन्हें टक्कर मार दी। रिपोर्ट में जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने का आरोप लगाया गया है। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें लाखन और बृजेश अपनी गाड़ी से उपचार के लिए छबड़ा अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से चिकित्सकों ने दोनों को कोटा रेफर कर दिया।

पहले पक्ष की रिपोर्ट में लाखन गुर्जर, छोटू गुर्जर, ओम गुर्जर, धन्ना गुर्जर, महेंद्र गुर्जर और बृजेश लोधा के नाम शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष की रिपोर्ट में चिल्लू उर्फ नरेंद्र, यशपाल, निखिल, तपेंद्र और लक्की उर्फ अभिनव के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया गया है। छबड़ा पहुंचे जिला कलैक्टर बालमुकुंद असावा ने मामले को लेकर कहा कि पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है। मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा।

'पाकिस्तान से आरडीएक्स आने से पहले ही रची गई थी ब्लास्ट की साजिश'

- श्रीगंगानगर जिले में रेलवे ट्रैक ब्लास्ट मामले में एटीएस ने एक और बड़ा खुलासा किया
- एटीएस के एडीजीपी दिनेश एमएन ने करीब एक माह की जांच के बाद इस घटनाक्रम से जुड़े अहम तथ्य सामने रखे


श्रीगंगानगर, (निसं)। सीमावर्ती श्रीगंगानगर जिले में रेलवे ट्रैक पर विस्फोट और ड्रोन के जरिए आरडीएक्स व विदेशी हथियारों की खेप पहुंचाने के मामलों के बीच एक अहम खुलासा हुआ है। रेलवे ट्रैक को उड़ाने की साजिश आरडीएक्स की खेप बरामद होने से पहले ही तैयार कर ली गई थी। एटीएस के एडीजीपी दिनेश एमएन ने करीब एक माह की जांच के बाद इस घटनाक्रम से जुड़े अहम तथ्य सामने रखे हैं। जांच एजेंसियां अब दोनों मामलों के पीछे सक्रिय सीमा पार के नेटवर्क और स्थानीय मददगारों की भूमिका की पड़ताल कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार रावला क्षेत्र में ड्रोन के जरिए गिराए गए तीन पैकेटों से साढ़े सात किलो आरडीएक्स और विदेशी हथियारों की बरामदगी के मामले में जांच का दायरा पंजाब तक पहुंच गया है। इस मामले के कथित मास्टरमाइंड पंजाब के फिरोजपुर जिले के अलीके निवासी कुलवंत सिंह उर्फ सुक्खा से राजस्थान एटीएस पूछताछ करेगी। आरोपी को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। एटीएस के एडीजीपी दिनेश एमएन के अनुसार, कुलवंत उर्फ सुक्खा के पाकिस्तान में बैठे हैंडलर उमर चाचा और शहजाद भट्टी से कथित संपर्क सामने आए हैं। जांच एजेंसियां उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास करेंगी कि रावला क्षेत्र में आरडीएक्स और विदेशी हथियारों की खेप पहुंचाने में उसकी क्या भूमिका थी तथा सीमा पार से संचालित नेटवर्क में स्थानीय स्तर पर कौन-कौन लोग जुड़े हुए थे।

गौरतलब है कि मामला 12 अक्टूबर की रात का है। रावला क्षेत्र की 12 केएनडी ग्राम पंचायत के चक 4 केएनएम स्थित एक खेत में ड्रोन के जरिए तीन पैकेट गिराए गए थे। इन पैकेटों से करीब साढ़े सात किलो आरडीएक्स और विदेशी हथियार बरामद हुए थे। इसके बाद एएनटीएफ और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बरामदगी की थी। इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियां सीमा पार से संचालित हथियार और विस्फोटक तस्करी के नेटवर्क की जांच में जुट गई थीं। अब रेलवे ट्रैक ब्लास्ट की साजिश और आरडीएक्स खेप के मामले के बीच सामने आए समयक्रम को देखते हुए जांच एजेंसियां इनके संभावित आपसी संबंधों की भी पड़ताल कर रही हैं।

एटीएस की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर रेलवे ट्रैक ब्लास्ट की योजना आरडीएक्स खेप की बरामदगी से पहले तैयार होने का खुलासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जांच एजेंसियों के सामने अब यह पता लगाने की चुनौती है कि दोनों घटनाओं के पीछे एक ही नेटवर्क सक्रिय था या अलग-अलग मॉड्यूल काम कर रहे थे। हालांकि एटीएस के दिनेश एमएन ने इस पहलू को साफ करते हुए बताया कि रेलवे ट्रैक ब्लास्ट की पटकथा पहले लिखी जा चुकी थी जबकि आरडीएक्स की खेप 12 अक्टूबर को पाक ड्रोन से आई थी।

खेतड़ी के ग्राम विजयनगर में मतदान के दौरान खूनी संघर्ष, मारपीट में घायल पूर्व सरपंच की मौत



पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी

- घायल पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी ने जयपुर ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम
- विजयनगर में दो पक्षों के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदला, करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी भी घायल, पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया

खेतड़ी, (निसं)। बबाई पंचायत समिति क्षेत्र की नवनिर्मित विजयनगर ग्राम पंचायत में सोमवार को पंचायती राज चुनाव के दौरान दो पक्षों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मतदान के दौरान हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी की मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया था, लेकिन जयपुर ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना में करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी भी घायल हो गए। चुनाव के दौरान हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन जनों को हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयनगर ग्राम पंचायत में मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की पर्चियां बनाने के लिए लगाए गए बूथ पर दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। शुरूआत में कहासुनी के रूप में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। इस दौरान पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जयपुर रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वहीं मारपीट में घायल करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालात को देखते हुए विजयनगर में भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मारपीट में शामिल अन्य लोगों की भूमिका और विवाद के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। मृतक के शव को नीमकाथाना जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर खेतड़ी के पूर्व विधायक एवं पूर्व ऊर्जा तथा जलदाय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी करीब साढ़े सात बजे नीमकाथाना जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों की कुशलक्षेम पूछी और घटना की जानकारी ली। इस दौरान प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि खेतड़ी में कानून व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो चुकी है। चुनाव के दौरान इस तरह की हिंसक घटना होना गंभीर चिंता का विषय है।

पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी का परिवार लंबे समय से ग्राम पंचायत की राजनीति में सक्रिय रहा है। लक्ष्मीनारायण सैनी स्वयं एक बार ग्राम पंचायत के सरपंच रह चुके थे। उनकी पत्नी नाथी देवी भी एक बार सरपंच पद पर निर्वाचित हुई थीं। वहीं उनकी पुत्रवधू सुमन सैनी भी पूर्व में सरपंच रह चुकी हैं और इस बार पुन: सरपंच पद की प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थीं। मतदान के दौरान हुई इस घटना ने परिवार की चुनावी खुशियों को मातम में बदल दिया।

गौरतलब है कि नई पंचायत के गठन के बाद विजयनगर ग्राम पंचायत में पहली बार चुनाव के तहत मतदान प्रक्रिया आयोजित की जा रही थी। पहली बार पंचायत चुनाव होने के चलते ग्रामीणों में खासा उत्साह था, लेकिन मतदान के दौरान हुए खूनी संघर्ष और पूर्व सरपंच की मौत से पूरे गांव में शोक और तनाव का माहौल बन गया। पुलिस प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

विदेशी महिला के साथ अभद्रता

उदयपुर, (निसं)। विदेशी महिला के साथ अभद्रता करने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर सूरजपोल थानाधिकारी कमलेन्द्रसिंह के नेतृत्व में एएसआई ओमवरीसिंह मय टीम ने गत दिनों विदेशी पर्यटक के साथ अभद्रता करने वाले ऑटो चालक आफताब उर्फ गबरू पुत्र अबरार खान निवासी दिवानशाह कॉलोनी हॉल राजपुताना रिसोर्ट सेक्टर 11 को गिरफ्तार किया। 16 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति टाउनहॉल गार्ड में आए दिन अश्लील गाने गाकर आमजन और पर्यटकों को परेशान करता है।

ड्यूटी से लौट रहे दो गार्डों को बंधक बनाकर पीटा

बीकानेर, (निसं)। जिले के बज्जू थाना इलाके में दो गार्डों को बंधक बनाकर पीटने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी मिली है कि बीकमपुर पावर ग्रिड में ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे दो सुरक्षा गार्डों को वहां के अन्य गार्डों ने कथित तौर पर बंधक बनाकर पीटा। परिवार ने घटना के सीसीटीवी फुटेज होने का दावा किया। एसपी को परिवाद देने के बाद बज्जू पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

थानाधिकारी चंद्रजीतसिंह भाटी ने बताया कि बीकमपुर निवासी नत्थूराम भाट ने परिवाद दिया है। इसमें बताया गया कि उनका पुत्र चैनाराम और छोटे भाई का पुत्र जीवणराम पावर ग्रिड में सीजी पावर एसआईएस कंपनी के सुरक्षा गार्ड थे। परिवाद के मुताबिक, 9 नवंबर को दोनों ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे, लेकिन तय समय पर नहीं पहुंचे। परिजन उन्हें तलाशते हुए पावर ग्रिड पहुंचे, जहां दोनों युवक ग्रिड के गार्डों के कब्जे में मिले। नत्थूराम ने आरोप लगाया कि दोनों को करीब एक घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया और पीटा गया। परिजनों ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया और घर ले गए। मारपीट में दोनों को चोटें आईं। परिवादी ने आरोप लगाया कि सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद बज्जू थाने में पहले दिए गए लिखित परिवाद पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके उलट, उनके पुत्र और भतीजे को ही थाने में गिरफ्तार कर रखा गया। इसके बाद 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक बीकानेर को डाक से परिवाद भेजकर कार्रवाई की मांग की गई।पुलिस ने परिवाद के आधार पर मामला दर्ज किया है। जांच सहायक उपनिरीक्षक झंवरलाल को सौंपी गई है।

एटीएम कार्ड बदलकर 19 हजार की धोखाधड़ी

- एटीएम पर रुपए निकालने पहुंचे एक व्यक्ति से दो युवकों ने ठगी की

अजमेर, (निसं)। शहर में एटीएम के जरिए धोखाधड़ी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सावित्री गर्ल्स स्कूल के सामने स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम का सामने आया है। यहां रुपए निकालने पहुंचे एक व्यक्ति को दो युवकों ने झांसे में लेकर 19 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जुगलकिशोर शर्मा सावित्री गर्ल्स स्कूल के सामने स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पर रुपए निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां दो युवक आए। युवकों ने जुगल किशोर शर्मा से कहा कि उनका एटीएम कार्ड ठीक से काम नहीं कर रहा है और उसे चेक करने की बात कही। युवकों की बातों में आकर उन्होंने एटीएम कार्ड से संबंधित प्रक्रिया की जांच की। इसी दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर धोखाधड़ी करते हुए दो बार में उनके खाते से रुपए निकाल लिए। पहली बार में 9 हजार रुपए और दूसरी बार में 10 हजार रुपए निकाले गए। इस तरह कुल 19 हजार रुपए की राशि की धोखाधड़ी कर ली गई।

कुछ समय बाद खाते से रुपए निकलने की जानकारी मिलने पर जुगल किशोर शर्मा को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई मनीराम कर रहे हैं। पुलिस एटीएम पर हुई वारदात के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ ही आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

विराटनगर में दो जगह चोरी हुई

पावटा, (निसं)। विराटनगर थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातें हुई। एक ओर इंदर सिंह की ढाणी में लगे बिजली ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी कर लिया गया, वहीं दूसरी ओर बलाईयों की ढाणी में एक मकान के अंदर खड़ी बाइक को चोर पार कर ले गए। सरपंच प्रतिनिधि राजू सैन ने बताया कि बीती रात चोरों ने इंदर सिंह की ढाणी में लगे सिंगल फेज एवं थ्री फेज बिजली ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाया। चोर ट्रांसफार्मरों को खोलकर उनमें से कीमती सामान निकाल ले गए और खाली खोल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। वहीं, दूसरी वारदात कुछ दूरी पर स्थित बलाईयों की ढाणी में हुई, जहां चोर एक मकान के अंदर खड़ी बाइक को चोरी कर ले गए।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : ऊर्जा मंत्री

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पंचायती राज, समसा, सार्वजनिक निर्माण विभाग और पीएचईडी आदि विभागों के अधिकारियों की बैठक ली

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को सर्किट हाउस में पंचायती राज, समसा, सार्वजनिक निर्माण विभाग और पीएचईडी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। बैठक में क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, सड़कों के निर्माण, स्वच्छता अभियानों और पेयजल योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। मंत्री नागर ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की हीला-हवाली या अनावश्यक फाइलें अटकाने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम में कोताही बरतने वाले लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए चार्जशीट जारी की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे पूरी तैयारी के साथ बैठकों में आएं और जिस योजना के लिए उनकी ड्यूटी लगी है, उसकी पूरी जानकारी रखें। प्रस्ताव भेजने से पहले मैन्युअल रूप से उनकी जांच सुनिश्चित की जाए। केवल फाइलें घुमाने और मामूली आपत्तियां लगाकर चिट्ठियां भेजने की परिपाटी को तुरंत बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी इंजीनियर के प्रस्ताव पर कोई बाबू आपत्ति लगाता है, तो यह सीधे तौर पर उस इंजीनियर की योग्यता पर सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने चेताया कि यदि प्रस्ताव भेजने या उसे पूर्ण करने में देरी हुई, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को चार्जशीट दी जाएगी।

सड़कों के निर्माण में तेजी और गुणवत्ता पर जोर-बैठक के दौरान सांगोद विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की विशेष समीक्षा की गई। सांगोद में बपावर रोड पर निर्माण कार्य में हो रही देरी और गति की सुस्ती पर ऊर्जा मंत्री ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सड़क का निर्माण कार्य हर हाल में 31 दिसंबर से पहले पूरी तरह से पूर्ण हो जाना चाहिए। साथ ही, सांगोद-श्यामपुर रोड, कुंदनपुर रोड, भौरा-सुल्तानपुर रोड और भांडाहेडा-सुहाना सड़क सहित अन्य सभी पैंडिंग कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि यदि कोई ठेकेदार समय पर काम शुरू नहीं करता है, तो उसे तुरंत टर्मिनेट कर ब्लैक लिस्ट किया जाए और नए सिरे से टेंडर जारी किए जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सड़कों के दोनों ओर उगे हुए जंगली पौधे और गाजर घास का उचित ट्रीटमेंट किया जाए।

ग्रामीण विकास को गति देते हुए मंत्री नागर ने कहा कि खेतों के रास्ते के निर्माण से जुड़े सभी प्रस्तावों की स्वीकृतियां फरवरी माह तक जारी हो जाएं और मार्च तक धरातल पर कार्य प्रारंभ कर दिए जाएं। जरूरत पड़ने पर विधायक कोटे से भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, स्कूलों के रिपेयरिंग कार्यों, मुक्तिधाम के विकास कार्यों और वहां तक पहुंच मार्ग की सड़कों को लेकर भी चर्चा की गई। मंत्री नागर ने स्पष्ट किया कि सड़कों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जहां भी गारंटी पीरियड में सड़क उखड़ी है, वहां केवल पैचवर्क करने के बजाय उन्हें पूरी तरह उखाड़कर दोबारा बनाया जाए। बैठक में पीडब्ल्यूडी एसई अशोक सनाढ च, एक्सईएन सांगोद दिनेश धाकड़, सुल्तानपुर एक्सईएन गोविंद मिश्रा, बीडीओ सांगोद भानुप्रताप मौर्य, बीडीओ सुल्तानपुर बंशीलाल मीणा, जिला परिषद एडिशनल चीफ लोकेश गुप्ता, एक्सईएन हरिमोहन बैरवा, हितेंद्र मेहरा, पीएचईडी एडिशनल चीफ प्रोजेक्ट अरविंद खींची, एक्सईएन हरिओम सैनी और समसा प्रोजेक्ट से एईएन कृष्णमोहन पांडे सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

लूट व हत्या के तीन बाल अपचारी डिटेन

उदयपुर, (निसं)। दीपावली की रात में लूट की नियत से चाकू मार कर युवक की हत्या कर नकदी लूटने वाले फरार तीन विधी से संघर्षरत तीन बाल अपचारियों को डिटेन कर इनके कब्जे से लूटी गई नकदी, मोबाईल तथा वारदात में प्रयुक्त दूसरी बाइक बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर गोगला की नाल निवासी कालु लाल कसोटिया ने 9 नवंबर को रिपोर्ट दी कि 8 नवंबर को मेरा पुत्र बाइक लेकर झाड़ोल गया था नहीं लौटा। दूसरे दिन खेल मैदान की बाउण्ड्री के पास उसका शव मिला। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर झाड़ोल, फलासिया बाघपुरा पुलिस तथा उदयपुर साईबर सेल की मदद से मामले में फरार

सीकर जिले से एक नाबालिग और दो युवतियां लापता

नाबालिग के लापता होने में युवक पर शक जताया

सीकर, (निसं)। जिले में एक 17 साल की नाबालिग और दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। नाबालिग के केस में परिवार ने युवक पर शक जताया है। पुलिस तीनों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की के लापता होने के केस में उसके भाई ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 13 नवंबर की दोपहर उसकी छोटी बहन घर से निकली थी। इसके बाद बहन का कुछ पता नहीं चल पाया। जब उसे कॉल किया था मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ मिला। पड़ोसी का एक रिश्तेदार उसकी बहन को अपने साथ ले जा सकता है। वहीं 19 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके चाचा ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी बेटी सीकर जिले की एक कोचिंग में पढ़ती है, जो 14 नवंबर की सुबह वह अपनी भतीजी को कोचिंग छोड़कर आए थे। इसके बाद भतीजी शाम को वापस नहीं लौटी। जब कोचिंग में पता किया तो पता चला कि भतीजी आज कोचिंग भी नहीं पहुंची थी। फिलहाल पुलिस युवती की तलाश कर रही है। 18 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके भाई ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी बहन सीकर में कोचिंग करती है। 14 नवंबर की शाम वह घर पर ही पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान शाम को वह आराम करने लग गई। बाद में बहन घर पर नहीं मिली। पड़ोस और रिश्तेदारी में भी काफी मालूम किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

सार-समाचार

विद्यार्थियों को स्वरोजगार के बारे में दी उपयोगी जानकारी

चौमूं / कालाडेरा । सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में राजस्थान राज्य महिला नीति प्रभाग के तत्वावधान में स्वयं सहायता समूह एवं एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महिला सशक्तीकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार तथा उद्यमिता के विभिन्न अवसरों से परिचित कराना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयं सहायता समूह विषय पर मुख्य वक्ता डॉ. मंजू वर्मा ने विद्यार्थियों को स्वयं सहायता समूहों की अवधारणा, गठन, कार्यप्रणाली एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को संगठित कर उनमें बचत, आर्थिक सहयोग, सामूहिक निर्णय क्षमता तथा स्वरोजगार की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। इनके माध्यम से महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त बनने के साथ सामाजिक स्तर पर भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। द्वितीय विषय सत्र में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) पर मुख्य वक्ता डॉ. श्रेया भार्गव ने विद्यार्थियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से एमएसएमई की अवधारणा, महत्व, उद्यम स्थापना की संभावनाओं तथा स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने, रोजगार सृजन करने तथा युवाओं को उद्यमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को नवीन विचारों के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डॉ. दीपा वर्मा ने विद्यार्थियों को कौशल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विभिन्न कौशलों के विकास, व्यावहारिक दक्षता, व्यक्तित्व निर्माण तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए आवश्यक क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने कौशल को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य महिला नीति प्रभाग की समिति सदस्य डॉ. नीतू यादव, डॉ. नीलम कृष्णिया एवं डॉ. रेखा बिश्नोई व डॉ. जितेन्द्र लोढ़ा मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. रेखा बिश्नोई ने किया तथा अंत में डॉ. दीपा वर्मा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रसादम अभियान के तहत जरूरतमंदों को कराया भोजन

कोटपूतली । यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में स्वयंसेवी संस्था 'आओ साथ चलें' द्वारा संचालित 'प्रसादम अभियान' के तहत सोमवार को सेवा और समर्पण की अनूठी मिषाल देखने को मिली। इस अवसर पर दो परिवारों ने अपनों के जन्मदिन की खुशियां जरूरतमंदों और मरीजों के तीमारदारों को भोजन कराकर साझा कीं। कस्बा निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अष्वनी गोयल के पुत्र डॉ. ईशान गोयल के जन्मदिन पर परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। वहीं बैंक कॉलोनी, अलवर निवासी स्वाती गर्ग ने अपनी सास सुनीता गर्ग के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अस्पताल परिसर में भंडारे का आयोजन कर उनका दीर्घायु जीवन कामना के साथ जन्मदिवस मनाया। उल्लेखनीय है कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल की प्रेरणादायक पहल पर यह 'प्रसादम अभियान' 05 जुलाई 2019 से निरंतर संचालित हो रहा है। संस्था के स्थानीय संयोजक आनंद मित्तल ने बताया कि इस पवित्र मुहिम से प्रेरित होकर क्षेत्र के नागरिक अब अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि और अन्य मांगलिक अवसरों पर फिजूलखर्ची के बजाय भंडारा आयोजित कर सेवा का पुण्य अर्जित कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों द्वारा इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की जा रही है और बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं। भंडारे के दौरान मरीजों और उनके परिजनों ने श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर राहुल सैनी सहित संस्था के अन्य कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

सांभर में विशेष लोक अदालत की तैयारी के लिए बैठक

सांभरझील, (निसं) । यहां आगामी लोक अदालत की तैयारी को लेकर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा0 नीलम जैन किसान निधि में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। आगामी 21 नवंबर को आयोजित होने वाली द्वितीय विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सोमवार को समस्त बैंक/वित्तिय संस्थानों के अधिकारियों, प्रतिनिधियों के साथ एन.आई. एक्ट 1881 की धारा 138 से संबंधित प्रकरणों को प्री लिटिगेशन के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों को रखने प्रस्तुत करने व निस्तारण हेतु चर्चा की गई, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजीनामे के माध्यम से प्रकरणों के निस्तारण हेतु पूर्ण प्रयास कर इस साल की द्वितीय विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु फोकस किया गया। बैठक में श्वेता मीणा, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैक/वित्तिय संस्थान के अधिकारिगण प्रतिनिधिगण उमेश अठावाल, योगेश कुमार मीणा, राजेन्द्र पंवार, विजय मीणा, गणेश, राघवेन्द्र, नरेंद्र कुमार, टीकम चंद, नरेंद्र, शौहरत अली, मुकेश अजमेरा आदि उपस्थित रहे।

भक्तों ने जीमी पंगत प्रसादी

नरैना(निसं)। श्री विश्वेश्वर प्रदोष सेवा समिति के तत्वावधान में खाक चौक स्थित श्री विश्वेश्वर महादेव मंदिर में अन्नकूट का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन समिति के पवन सोनी, मुकेश अठावाल, पियूष सोनी ने बताया कि अन्नकूट के अवसर पर सांय मंदिर पुजारी ओमप्रकाश बोरायड़ा ने सुगंधित पुष्पों से शिव परिवार का नयनाभिराम श्रंगार किया। श्रंगार के पश्चात अन्नकूट का भोग लगाकर महाआरती का आयोजन कर उपस्थित सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने शुद्ध घृत से निर्मित गरमा-गरम स्वादिष्ट व सात्विक अन्नकूट प्रसादी ठाहण की। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष पवन कुमावत, मुरारी पटेल, राजेश बोरायड़ा, दिनेश राव,अमित भटनागर सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

लखारा समाज का अन्नकूट महोत्सव कल

चित्तौड़गढ़ । आदर्श लखारा समाज सेवा संस्थान चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में बुधवार को लालजी महाराज मंदिर, लखारी घाटी पर अन्नकूट महोत्सव एवं छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी सत्यनारायण लखारा ने बताया कि शहर की लखारी घाटी स्थित लखारा समाज के भगवान श्रीलाल जी महाराज मंदिर पर बुधवार को प्रात: 10 बजे महाआरती व 56 भोग के पश्चात् प्रसाद वितरण होगा। इस धार्मिक आयोजन सम्पूर्ण आयोजन की व्यवस्था संस्थान अध्यक्ष गोपाल लाल सहित विजय कुमार, कौशल कुमार, उपाध्यक्ष कैलाशचन्द्र, अनिल कुमार, दुर्गेश कुमार कन्नोज की ओर से की जाएगी। आयोजन को लेकर महामंत्री मदनलाल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम, महासचिव दुर्गेश पुठोली, युवा संगठन अध्यक्ष सुधीर कुमार, महामंत्री धीरज गणेशपुरा, दुर्गेश चिकारड़ा, संगठन मंत्री सुरेश, सत्यनारायण गांधीनगर सहित समस्त लखारा समाजजनों द्वारा तैयारियां की जा रही है।

सबलपुरा सरपंच ने पदभार संभाला

उदयपुर । ग्राम पंचायत सबलपुरा के नव निर्वाचित सरपंच पारस पटेल ने सोमवार को विधिवत रूप से सरपंच पद का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने उपस्थित होकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित सरपंच पारस पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सबलपुरा का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी।

बजट घोषणाओं के कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयावधि में पूरा करें : कलेक्टर

कोटपूतली । जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं, बजट घोषणाओं की प्रगति, जनसुनवाई प्रकरणों के निस्तारण, निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा प्रदूषण नियंत्रण संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बजट घोषणाओं के तहत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनमें गति लाएं तथा निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क 2.0 पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जिला कलक्टर ने निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप-3) के तहत निर्धारित प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी निगरानी रखते हुए ग्रेप-3 के प्रावधानों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत द्वारा पल्स पोलियो एवं एचपीवी टीकाकरण अभियान की जानकारी दी गई। जिला कलक्टर ने टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने, निर्धारित लक्षित आयु वर्ग तक पहुंचे।



जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

- पल्स पोलियो एवं एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा, लक्ष्य हांसिल करने के निर्देश

400 गोमाताओं को खिलाई 5 क्विंटल लापसी

उदयपुर । लाभ पंचमी पर घसियार स्थित प्रसिद्ध श्रीनाथजी मंदिर में वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान, उदयपुर एवं समस्त सनातनी गोभक्तों के संयुक्त सहयोग से भव्य गोसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में लगभग 400 गोमाताओं को 5 क्विंटल लापसी एवं हरी घास खिलाकर गोसेवा का पुण्य लाभ अर्जित किया गया। इस कार्यक्रम से गोसेवा करने के लिए प्रेरित करने का भी उददेश्य है। इस अवसर पर वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान द्वारा घसियार श्रीनाथजी मंदिर में एक इलेक्ट्रॉनिक दीवार घड़ी भी भेंट की गई। संस्थान की इस सेवा पहल का उद्देश्य मंदिर परिसर में उपयोगी सुविधा उपलब्ध करवाना एवं धार्मिक स्थलों पर सेवा कार्यों को प्रोत्साहित करना रहा। इस पुनीत सेवा कार्य में सनातनी गोभक्त कमला शर्मा,मंजू खंडेलवाल, मधु खंडेलवाल,मेहुल शाह एवं रतन जोशी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

समाज की एकजुटता पर दिया जोर

फुलेरा। श्री खांडल विप्र महासभा शाखा फुलेरा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह रविवार शाम को श्री खांडल विप्र भवन, नरेना रोड फुलेरा में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नर नारायण जमदग्नि द्वारा समाज के संरक्षक कुंदन लाल मुछवाल, यादराम जोशी एवं बजरंगलाल जोशी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत देव पूजन करवाकर किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष आशुतोष जमदग्नि ने सभी समाज बंधुओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय का विवरण समाज के समक्ष प्रस्तुत किया।

यादराम जोशी के सानिध्य में समाज के सदस्यों ने पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से हिसाब प्रस्तुत करने पर कार्यकारिणी की सराहना करते हुए बधाई दी। शाखा मंत्री कपूरचंद रिणवा ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष नर नारायण जमदग्नि ने नगर पालिका चुनाव में विप्र समाज की ऐतिहासिक विजय के लिए फुलेरा के मतदाताओं का आभार जताया। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने जनप्रतिनिधि विद्यासागर जोशी द्वारा पिछले छह वर्षों से प्रशासनिक कार्यों को निर्विघ्न संपन्न करवाने में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

20 नवम्बर को होगी मतगणना, जिला प्रशासन ने की पुख्ता तैयारी

अलवर। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 हेतु जिला परिषद सदस्य एवं जिले में समाविष्ट 11 पंचायत समितियों के सदस्य पद हेतु मतों की गणना 20 नवम्बर को दो चरणों में स्थानीय बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर स्थित निर्धारित मतगणना कक्षों पर सम्पन्न होंगी, जिसमें प्रथम चरण में प्रात: 8 बजे से प्रात: 11:30 बजे तक पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए तथा द्वितीय चरण में अपराह्न 12:15 बजे से मतगणना समाप्ति तक जिला परिषद सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना होगी।

उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य में नियोजित स्टाफ प्रात: 7 बजे तक मतगणना स्थल पर प्रवेश कर सकेंगे तथा अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल में प्रवेश प्रात: 6:30 बजे से दिया जाएगा। जिला नगर पालिका निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य हेतु पंचायत समितिवार मतगणना कक्ष निर्धारित किए गए हैं, जिनमें पंचायत समिति रामगढ के लिए मतगणना कक्ष 27 में 8 टेबिलों पर मतगणना होगी। इसी प्रकार पंचायत समिति कठूमर के लिए मतगणना कक्ष 1 में 11 टेबिलों, पंचायत समिति खेडली-सौंखर के लिए मतगणना कक्ष 18 में 8 टेबिलों, पंचायत समिति गोविन्दगढ के लिए मतगणना कक्ष 9 में 8 टेबिलों, पंचायत समिति मुबारिकपुर के लिए मतगणना कक्ष 20 में 8 टेबिलों, पंचायत समिति रैणी के लिए मतगणना कक्ष 4 में 11 टेबिलों, पंचायत समिति उमरैण के लिए मतगणना कक्ष 101 में 11 टेबिलों, पंचायत समिति मालाखेडा के लिए मतगणना कक्ष 103 में 11 टेबिलों, पंचायत समिति लक्ष्मणगढ के लिए मतगणना कक्ष 120 में 9 टेबिलों, पंचायत समिति राजगढ के लिए मतगणना कक्ष 127 में 11 टेबिलों एवं पंचायत समिति थानागाजी के लिए मतगणना कक्ष 118 में 11 टेबिलों में मतगणना होगी।

उन्होंने बताया कि डाक मतपत्रों की गणना की कार्यवाही उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक द्वितीय (प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट) के निर्देशन में की जावेगी। उन्होंने बताया कि गणन सुपरवाईजर और गणन सहायक सहित अन्य समस्त राजकीय कार्मिकों के प्रवेश के लिये महाविद्यालय के खेल मैदान के दक्षिणी द्वार (गेट नं. 3) से होते हुए मतगणना भवन के चैनल गेट नं. 2 (प्रिंसिपल कक्ष) से प्रवेश करेंगे। मतगणना कार्य से जुडे समस्त अधिकारीगण महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार (गेट नं. 2) से होते हुए मतगणना भवन के चैनल गेट नं. 1 से प्रवेश करेंगे। अभ्यर्थियों के गणन अभिकर्ता महाविद्यालय के मैदान परिसर के गेट नं. 4 (दशहरा मैदान की ओर) से होते हुए मतगणना भवन में पंचायत समिति राजगढ, कठूमर, खेडली-सौंखर, गोविन्दगढ, मुबारिकपुर एवं रैणी जिनकी मतगणना भूतल पर स्थित मतगणना कक्षों में होगी के गणना अभिकर्ता महाविद्यालय भवन के कमरा नंबर 21 के पिछले द्वार (मैदान की तरफ खुलता हुआ) से तथा पंचायत समिति उमरैण, मालाखेडा, लक्ष्मणगढ, राजगढ एवं थानागाजी जिनकी मतगणना भूतल पर स्थित मतगणना कक्षों में होगी के गणना अभिकर्ता महाविद्यालय भवन के कुएं के पास स्थित चैनल गेट से प्रवेश करेंगे।

सर्वप्रथम प्रथम चरण में पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना कार्यवाही होने से पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्रवार निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों/उनके निर्वाचन अभिकर्ता/गणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल पर प्रवेश दिया जावेगा।

- मतगणना कार्य में नियोजित स्टाफ प्रातः 7 बजे तक मतगणना स्थल पर प्रवेश कर सकेंगे

सार-समाचार

मतदान व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों की सराहना की

सवाई माधोपुर । पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के चतुर्थ चरण के तहत सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए हुए मतदान के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी पंचायत समिति क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मच्छीपुरा, मैनपुरा एवं अजनोटी सहित अन्य मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदाताओं के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के शांतिपूर्ण संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। निर्वाचन आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों, मतदाताओं एवं प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों के सदस्यों से उनके कार्य-दायित्व और भूमिका के बारे में चर्चा की तथा उन्हें पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं की पहचान जांचने, व्यवस्थित प्रवेश एवं निकास, भीड़ नियंत्रण तथा मतदान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं होने देने पर जोर दिया। राजेश्वर सिंह ने मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों के सदस्यों के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से ठहर ने, भोजन-पानी तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मतदान कार्मिकों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के उपलब्ध होने की पुष्टि करने पर प्रशासन की सराहना की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम तथा पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी से जिले में निर्वाचन प्रक्रिया एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

जुड़वां पोते-पोती के जन्म पर चांदी की गदाएं भेंट

कपासन । कपासन के प्रसिद्ध शनि धाम श्री शनिमहाराज आली में सोमवार को धार्मिक आयोजन हुआ। स्थानीय निवासी मदन सिंह राणावत ने जुड़वां पोते-पोती के जन्म की खुशी में भगवान शनिदेव को 466 ठाम चांदी से बनी दो गदाएं भेंट कीं। मंदिर में छप्पन भोग भी लगाया गया। मंदिर ट्रस्ट के सचिव कालू सिंह ने बताया कि मदन सिंह राणावत, चेन सिंह के पुत्र हैं। वे ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान सदस्य भी हैं। सोमवार सुबह 9 बजे राणावत परिवार के सदस्य और रिश्तेदार 56 भोग की मिठाइयों की थालियां लेकर राणावत भवन से जुलूस के रूप में मंदिर पहुंचे। वे डीजे की धुन पर नाचते-गाते आए।

सुबह 10 बजे विधि-विधान से शनिदेव को छप्पन भोग अर्पित किया गया और चांदी की दोनों गदाएं भेंट की गईं। मंदिर के पुजारी ने अलग-अलग मिठाइयों से भोग तैयार किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। आयोजन में केसर सिंह, संपत सिंह, मदन सिंह, नाथु सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, छोटू सिंह, गजेंद्र सिंह, शंकर सिंह, नारायण सिंह, गोविंद सिंह, अर्जुन सिंह, शक्ति सिंह, अजय सिंह, देवेंद्र सिंह, कान सिंह और प्रेम सिंह सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 4253 जाहिर आम सूचना दिनांक 09.10.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 164/243 (EWS), (एरिया 36.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री शंकर लाल हिंगोरानी पुत्र श्री किशन चन्द हिंगोरानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4563 दिनांक 31.10.2000 को जारी किया गया। श्री शंकर लाल हिंगोरानी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 22.03.2012 को उप पंजीयक जयपुर-अष्टम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री शंकर लाल हिंगोरानी द्वारा श्री मुरारी लाल गुप्ता पुत्र स्व. श्री मनोहरी लाल गुप्ता को दिनांक 22.03.2012 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री मुरारी लाल गुप्ता द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 29.08.2012 के द्वारा श्रीमती अनिता गुप्ता पत्नी श्री अशोक गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर- द्वितीय के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती अनिता गुप्ता पत्नी श्री अशोक गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती अनिता गुप्ता पत्नी श्री अशोक गुप्ता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय योजना बरकत नगर टोंक फाटक जयपुर के प्लाट नम्बर 998 के असल दस्तावेजो पर ऋण प्राप्त कर जैनेन्द्र कुमार जैन के द्वारा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में रहन किये गये थे। जैनेन्द्र कुमार जैन का निधन दिनांक 05/01/2018 को हो गया जिनकी मृत्यु के पश्चात उसके कानूनी वारिसान में उनकी पत्नी पिश्ता देवी, पुत्र विमल कुमार जैन एवं पुत्रियां कमलेश जैन, राजुल जैन एवं लता अग्रवाल तथा एक मृतक पुत्र अजित कुमार जैन के वारिसान इन्द्रा जैन, आदित्य जैन एवं गरिमा जैन ही जैनेन्द्र कुमार जैन के एक मात्र कानूनी वारिसान बताये गये हैं तथा सभी ने उपरोक्त सम्पत्ति के दस्तावेजों को विमल कुमार जैन को दिये जाने के सन्दर्भ में अपनी सहमति दे दी है इसलिये उपरोक्त सम्पत्ति के असल दस्तावेज विमल कुमार जैन को दिया जाना है यदि इसमें किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास लिखित में मय सबूत सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। सूचित रहे।

दिनांक 16/11/2026 सतीश चन्द्र गुप्ता (एडवोकेट) मो. 9414056003

कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर
जोन नगर निगम जयपुर
(बड़ी चौपड़ पुराना पुलिस मुख्यालय जलेबी चौक जयपुर)
Email ID: dchmw.jmc@gmail.com
Phone No. 0141-2329953
क्रमांकः F51()Dept/comm./H.M.A.Z/2026/993

अनापत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक-14/10/26

श्रीमती रेखा सैनी पत्नी श्री रमेश चन्द सैनी निवासी भूखण्ड संख्या / सर्वे नम्बर 106/2004, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर द्वारा शहरी सेवा शिविर 2026 में आवेदन कर भूखण्ड संख्या / सर्वे नम्बर 106/2004, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। भूखण्ड संख्या/सर्वे नम्बर 106/2004, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर का पट्टा नगर निगम द्वारा श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री मेघराज सैनी को जारी किया गया था। श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री मेघराज सैनी द्वारा जरिये पंजीकृत उपहार पत्र के उक्त भूखण्ड को श्रीमती चित्रा सैनी पत्नी श्री बाबूलाल सैनी एवं श्रीमती मुन्ना उर्फ रेखा सैनी पत्नी श्री रमेश चन्द सैनी को उपहार किया गया। श्रीमती चित्रा सैनी पत्नी श्री बाबूलाल सैनी के द्वारा जरिये पंजीकृत उपहार पत्र के उक्त भूखण्ड को श्रीमती मुन्ना उर्फ रेखा सैनी पत्नी श्री रमेश चन्द सैनी को उपहार किया गया। श्रीमती मुन्ना उर्फ रेखा सैनी पत्नी श्री रमेश चन्द सैनी द्वारा उक्त उपहार पत्र के आधार पर भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण चाहा है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम हस्तान्तरण जारी होने के संबंध मे आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे 07 दिवस मे आपत्ति पेश करे अन्यथा 07 दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड का नामहस्तान्तरण जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, हवामहल जोन, नगर निगम, जयपुर

तुलसीपुरा में बाबा कुंदनदास क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

पावटा। तुलसीपुरा में आयोजित बाबा कुंदनदास क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में निमावता की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज नवलपुरा की टीम को 38 रनों से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं राज नवलपुरा की टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबले में निमावता की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राज नवलपुरा की टीम 97 रन ही बना सकी। इस तरह निमावता ने 38 रनों से शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राजेन्द्र डाला को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से सम्मानित किया गया। जहां अतिथियों द्वारा निमावता विजेता टीम को 1 लाख 23 हजार 456 व उपविजेता टीम राज नवलपुरा को 55 हजार 555 राशि का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा एवं पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं में अनुशासन, आपसी भाईचारे एवं खेल भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर रामनिवास यादव, शीशराम दायमा, मेहर सिंह, थानवीर यादव, धर्मेंद्र गोयल, मुकेश सिंह शेखावत (बड़नगर), कौशल, राजेश यादव, हेमंत यादव (सरपंच ग्रैकरिया), जितेन्द्र सिंह शेखावत (सरपंच मंढा), ओपी बायला एवं केएल स्वामी, विक्रम सारण, रवि सैन, अमित गजराज, धर्मेंद्र गिग्रला सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजन में टीम करतार सिंह पावटा का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया तथा विजेता एवं उपविजेता टीम को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



पावटा के तुलसीपुरा में बाबा कुंदनदास क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह पूर्वक हुआ।

कोटपुतली : सीएनसी शील्ड में स्काउट ने हासिल किया प्रथम स्थान

कोटपूतली । भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मंच पर राजस्थान राज्य ने एक बार फिर अपनी संगठनात्मक गतिविधियों और उत्कृष्ट कार्यों की छाप छोड़ी है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित 76 वीं वार्षिक आमसभा (एनुअल जनरल मीटिंग) के दौरान वर्ष 2025 की चीफ नेशनल कमिश्नर (सीएनसी) शील्ड के तहत राजस्थान राज्य को स्काउट विभाग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि गाइड विभाग ने द्वितीय स्थान हांसिल किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से राज्य संगठन आयुक्त स्काउट पूरण सिंह शेखावत, राज्य संगठन आयुक्

पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य निर्वाचन की मतगणना 20 को

- मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति के लिए 18 नवम्बर तक करें आवेदन
- मतगणना अभिकर्ताओं के प्रवेश पास 19 नवम्बर तक होंगे जारी

भरतपुर (निसं)। पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य निर्वाचन-2026 की मतगणना 20 नवम्बर को मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। मतगणना को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतगणना कक्षों एवं टेबलों की व्यवस्था निर्धारित कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य की मतगणना वार्डवार की जाएगी। प्रत्येक वार्ड की मतगणना संबंधित मतगणना कक्ष में निर्धारित एक ही टेबल पर होगी। इस व्यवस्था के तहत पंचायत समिति सदस्य के प्रत्येक अभ्यर्थी को एक मतगणना अभिकर्ता (काउंटिंग एजेंट) नियुक्त करने का अधिकार होगा। उन्होंने जिला परिषद सदस्य की मतगणना भी वार्डवार होगी, लेकिन एक वार्ड की मतगणना संबंधित मतगणना कक्ष में स्थित सभी निर्धारित टेबलों पर एक साथ की जाएगी। अत: जिला परिषद सदस्य के प्रत्येक अभ्यर्थी को संबंधित मतगणना कक्ष में उपलब्ध टेबलों की संख्या के अनुसार मतगणना अभिकर्ता नियुक्त करने का अधिकार रहेगा। जिन वार्डों का क्षेत्राधिकार दो पंचायत समितियों में आता है, उनकी मतगणना संबंधित दोनों पंचायत समितियों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता नियुक्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्वाचन नियमों के नियम 70 के तहत निर्धारित प्रारूप-10 में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

पालिका प्रशासन की कार्यशैली से नाराज पार्षदों ने ईओ के खिलाफ खोला मोर्चा

- पालिका की तालाबंदी कर धरने पर बैठे जनप्रतिनिधि
- ईओ पर लिखित पत्रों की अनदेखी और जनसमस्याओं को लंबित रखने का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर एक बार फिर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई।

पावटा। पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर एक बार फिर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। वार्डों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होने और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की ओर से बार-बार लिखित में अवगत करवाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नाराज नगरपालिका उपाध्यक्ष सोमवती मीणा प्रतिनिधि महेश मीणा सहित मुकेश सिंह, रवि दत्त, पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि कौशल, विक्रम सारण ने सोमवार को पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तालाबंदी करते हुए धरना शुरू कर दिया। पार्षदों ने अधिशाषी अधिकारी पर घोर उदासीनता बरतने तथा जनप्रतिनिधियों के लिखित पत्रों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। धरने पर बैठे जनप्रतिनिधियों ने पालिका क्षेत्र की लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान एवं जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए पावटा उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। पालिका की तालाबंदी व धरना प्रदर्शन करते हुए बताया गया कि एक माह से अधिक समय से उपाध्यक्ष एवं विभिन्न वार्डों के पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर अधिशाषी अधिकारी को लगातार लिखित पत्र दे रहे हैं, लेकिन आज तक किसी भी पत्र पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। वही तालाबंदी व धरना प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे भाजपा पार्षद राजा राव, महिपाल यादव, विनोद सिंह, राव मनोज, सुरेश मीणा, रामसिंह सिसोदिया सहित भाजपा पार्षद भी मौके पर पहुंचे व बिना सूचना के पालिका की तालाबंदी व धरना प्रदर्शन का विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक सरगर्मी देखने को मिली।

पालिका परिसर में तालाबंदी और विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही क्षेत्र की राजनीति में हलचल मच गई। प्रदर्शनकारी पार्षदों का आरोप है कि लंबे समय से वार्डों की मूलभूत समस्याओं को लेकर अधिशाषी अधिकारी को लिखित में अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। जनप्रतिनिधियों के पत्रों की अनदेखी और पालिका प्रशासन की कार्यशैली से नाराज होकर उन्हें तालाबंदी और धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा।

रेजांगला के 120 वीर अहीर सपूतों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर : यादव

- भव्य 'शौर्य दिवस श्रद्धांजलि सभा' का आयोजन, पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने वीर शहीदों को अर्पित किए श्रद्धासुमन,
- 86 वर्षीय जीवित योद्धा कप्तान रामचंद्र की उपस्थिति ने सभा में भरा राष्ट्रभक्ति का जोश

कोटपूतली । मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले रेजांगला युद्ध के 120 वीर अहीर सैनिकों की अमर शौर्यगाथा को नमन करने के लिए रविवार को राजधानी जयपुर में 'रेजांगला शौर्य दिवस' अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया गया। रेजांगला शौर्य समिति के तत्वाधान में आयोजित इस भव्य श्रद्धांजलि सभा में पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष शिरकत की।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों व समाजबंधुओं ने पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह यादव का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने रेजांगला के वीरों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि रेजांगला युद्ध का इतिहास भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम का सबसे स्वर्णिम अध्याय है।

माइनस डिग्री तापमान और विषम परिस्थितियों में भी हमारे 120 वीर अहीर सपूतों ने अंतिम सांस तक लड़ते हुए दुश्मन के दांत खट्टे कर दिए थे। इन वीर सपूतों का यह बलिदान केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की अमूल्य धरोहर है। इनका अदम्य शौर्य, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमर प्रेरणा बना रहेगा।

पूर्व मंत्री यादव ने आयोजन के लिए रेजांगला शौर्य समिति की सराहना करते हुए समाज से आ ान किया कि वे अपने गौरवशाली इतिहास और शहीदों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं। श्रद्धांजलि सभा का सबसे विशेष आकर्षण रेजांगला युद्ध के जीवित महानायक 86 वर्षीय कप्तान रामचंद्र की उपस्थिति रही। मंच पर उनके सान्निध्य ने उपस्थित जनसमूह को सीधे इतिहास के उस गौरवशाली क्षण से जोड़ दिया।

पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह यादव सहित सभी अतिथियों ने कप्तान रामचंद्र का अभिनंदन किया और उनके अनुभवों को सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। इस दौरान वीर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर दिनेश यादव, हरीश यादव, मुकेश यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथियों, समाज के प्रबुद्धजनों व हजारों की संख्या में उपस्थित समाजबंधुओं ने एक स्वर में वीर शहीदों के अद्वितीय पराक्रम को याद करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और शहीदों के जयकारों से गूंज उग्रा।

शिव विवाह व सती कथा प्रसंग से श्रद्धालु भावविभोर हुए

- श्रीमद्भागवत कथा उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

पावटा। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर परिसर में केशवानंद आशीष गर्ग द्वारा व बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के सौजन्य में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अनूग्र संगम देखने को मिला। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा स्थल पर भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक बृजेश पाठक ने सर्वप्रथम विधिवत पूजन कर कथा का शुभांरभ किया। श्रीमद्भागवत के तीसरे दिन विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कथा के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए 2 कथावाचक बृजेश पाठक महाराज ने दक्ष की पुत्री सती का प्रसंग सुनाया। पाठक महाराज ने कहा कि महाराज दक्ष की पुत्री सती को शैलपुत्री भी कहा जाता था। दक्ष का राज्य कश्मीर इलाके में था। मां सती ने एक दिन शिव के दर्शन किए और उनके प्रेम में पड़ गई। सती ने दक्ष की इच्छा के विरुद्ध भगवान शिव से विवाह कर लिया। दक्ष इस विवाह से संतुष्ट नहीं थे। दक्ष ने एक विराट यज्ञ का आयोजन किया। लेकिन उन्होंने दामाद शिव और पुत्री को यज्ञ का निमंत्रण नहीं भेजा। फिर भी सती दक्ष के यज्ञ में पहुंच गई। दक्ष ने पुत्री के यज्ञ में आने पर उपेक्षा का इजहार किया और शिव के विषय में सति के सामने ही अपमानजनक बातें कीं। सती यह अपमान सहन नहीं कर सकी। और इस अपमान की कुंग्र वंश यज्ञ कुंड में कूद कर अपनी जान दे दी। बस यही से सति के शक्ति बनने की कहानी शुरु होती है।

'शाहपुरा को नारे नहीं, काम करने वाला नेतृत्व चाहिए'

- 2 साल 10 महीने में 35 विकास कार्य पूरे करने का दावा, बोले-आने वाले दिनों में होंगे कई महत्वपूर्ण कार्य

शाहपुरा। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने कहा कि उनका मकसद केवल सत्ता या कुर्सी हासिल करना नहीं, बल्कि क्षेत्र की व्यवस्था में बदलाव लाकर आमजन के जीवन में खुशहाली लाना है। उन्होंने कहा कि तख्त और ताज बदलने की बातें बहुत लोगों ने की हैं, लेकिन शाहपुरा का भविष्य बदलने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है।

इस दौरान कुंवर दिगराज सिंह ने अपने कार्यकाल के 2 साल 10 महीने में 35 विकास कार्य पूरे करवाने का दावा करते हुए कहा कि जिन कार्यों के लिए जनता को वर्षों तक इंतजार करना पड़ा, उनमें से कई कार्य निर्धारित समय में पूरे करवाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा और आने वाले दिनों में शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शाहपुरा अब केवल नारों की राजनीति नहीं, बल्कि काम करने वाला नेतृत्व चाहता है। जनता के विश्वास को मजबूत बनाने के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं, सड़क, पानी, बिजली सहित विभिन्न विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

कुंवर दिगराज सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और आने वाले समय में भी शाहपुरा के विकास को प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाएंगे।

मतदान केंद्रों का सघन निरीक्षण किया

टोंक। पंचायती राज आम चुनाव के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना ने सोमवार को टोंक पंचायत समिति क्षेत्र के पालडा एवं गेदिया मतदान केंद्रों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस जाब्ते की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा मतदाताओं के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर उन्होने बताया कि पुलिस एवं प्रशासन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध एवं सतर्क है।

कोटपूतली: सड़क हादसों के 297 मृतकों को श्रद्धांजलि दी

- यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया
- परिवहन विभाग ने शुरू की जागरूकता की मुहिम, जारी की 08 सूत्रीय चेतावनी
- अधिकारियों ने कहा तेज गति, ओवरलोडिंग और नशा बन रहे हादसों की मुख्य वजह

कोटपूतली । सड़क यातायात पीड़ितों की स्मृति में 'विष्व स्मृति दिवस' एवं 'राज्य सड़क सुरक्षा दिवस' के अवसर पर जिला परिवहन कार्यालय, पनियाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। परिवहन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए लोगों को 02 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा घायलों व उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

10 महीनों में 297 मौतें: कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़े बेहद चिंताजनक रहे। रिपोर्ट के अनुसार कोटपूतली-बहरोड़ जिले में जनवरी 2026 से अक्टूबर 2026 के बीच कुल 297 व्यक्तियों की सड़क दुर्घटनाओं में असमय मृत्यु हुई है। इस वर्ष दिवस की थीम एक ज्योति जो हमें जोड़ती है और मुख्य संदेश याद करें, सहयोग करें, कार्य करें रखा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अधिकांश सड़क हादसे तेज गति, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाने, नशे की हालत में ड्राईविंग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाईल फोन के उपयोग के कारण होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हर वाहन चालक यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे तो इन अकाल मौतों को रोका जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा में डीटीओ सुनिल कुमार सैनी, पनियाला एसएचओ रविन्द्र कुमार, परिवहन निरीक्षक अमित शर्मा, नरेश कुमार स्वामी, अनुप सिंह, ट्रैफिक उपनिरीक्षक छोटेलाल सहित परिवहन विभाग के कर्मचारी, वाहन चालक व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, ओवरस्पीडिंग से बचें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, शराब पीकर वाहन कतई ना चलाएं, ड्राइविंग के दौरान मोबाईल फोन का इस्तेमाल ना करें, वाहन के फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और अन्य कागजात हमेशा पूरे रखें । स्कूली वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को ना बैग्रएं, सड़क पर पैदल यात्रियों, बच्चों और बुजुर्गों को हमेशा प्राथमिकता दें।

निर्वाचन अधिकारी ने मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने 12 मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण
- मतदान दलों एवं पुलिस जवानों का बढ़ाया उत्साह

भरतपुर(निसं)। पंचायत आम चुनाव के तहत सरपंच एवं वार्डपंचों के निर्वाचन के लिए मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के साथ सोमवार को जिले के सेवर, उच्चौन और रूपवास पंचायत समिति क्षेत्र के 12 मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा मतदान कार्मिकों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के व्यवस्थित प्रवेश एवं मतदान की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने तथा वैध पहचान दस्तावेजों की जांच के बाद ही मतदाताओं को प्रवेश देने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित नहीं होने देने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने सेवर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुनारी, बहनेरा एवं उच्चौन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आघापुर, कल्याणपुर, एक्टा, खैरैरा, मुढेरा एवं रूपवास पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत कंजौली, माडापुर, रूदावल, खेड़ा ग्रकुर एवं महलपुरचूरा के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा कर मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदाताओं की सुविधाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने जिले की तीनों पंचायत समिति क्षेत्रों के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का विशेष रूप से निरीक्षण किया।

मुसाखेड़ा से नवनिर्वाचित सरपंच मोना गोयल ने पदभार संभाला

- मोना ने संभाला सरपंच का पदभार बोली -पद नहीं जिम्मेदारी है, काम कागजों मे नही जमीन पर होगा
- पूर्व सरपंच सुरेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों समर्थक रहे मौजूद, एम.ए. शिक्षित युवा सरपंच ने विकास का वादा किया



किशनगढ़बास में सरपंच मोना गोयल ने पदभार संभाला।

किशनगढ़ बास।पंचायत समिति किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत मुसाखेड़ा से नवनिर्वाचित सरपंच मोना गोयल ने सोमवार को पदभार संभाला। इस दौरान परिवार व पूर्व सरपंच सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। 55 साल बाद परदादा रामसहाय गोयल की विरासत को आगे बढ़ाते हुए मोना भावुक हो गईं और बोलीं मेरे लिए पद नहीं जिम्मेदारी है, काम कागजों मे नही जमीन पर होगा।

पदभार संभालने से पहले नवनिर्वाचित सरपंच ने गांव के शिव मंदिर में ढोक लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गांव की खुशहाली और उन्नित के लिए कामना की। इसके बाद पंचायत भवन पहुंची नई बनी सरपंच को पंचायत सचिव आकाश बेनीवाल ने उन्हे पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण के दौरान गांव में खुशी का उत्साह था। समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिग्रई बांटी। ग्रामीणों ने कहा मोना शिक्षित हैं, युवा हैं और विकास की सोच के साथ उन्होंने गांव की बागडोर संभाली है। उम्मीद है कि शिक्षित और युवा सरपंच गांव की तस्वीर बदलेगी।

सरपंच मोना गोयल ने कहा55 साल बाद परदादा की विरासत संभाली है,बहुत भावुक हूं। परदादा रामसहाय गोयल ने गांव की सेवा की थी। आज 55 साल बाद गांव ने उसी परिवार की बेटी को फिर से मौका दिया है। यह मेरे लिए पद नहीं, जिम्मेदारी होगी।उन्होंने ने कहा वह सबसे पहले गांव की साफ-सफाई, पीने के पानी, सड़क और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सही कराने का काम करेगी। गांव का कोई भी काम अब कागजों में नहीं, जमीन पर दिखेगा।

सरपंच ने कहामैं शिक्षित हूं एम.ए. हूं, इसलिए सरकारी योजनाओं को समझती हूं। मेरा प्रयास रहेगा कि हर योजना का लाभ गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। गांव मेरा परिवार है। मैं किसी की सरपंच नहीं, सबकी बेटी बनकर काम करूंगी। विकास में सबका साथ चाहिए। गांव को आदर्श पंचायत बनाना ही मेरा लक्ष्य है।

सार-समाचार

महिला नीति के तहत सराहनीय पहल



कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड स्थित पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने महिला नीति के अंतर्गत पहल करते हुए कस्बे के वार्ड नं. 03 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। खेल-खेल में सिखाए साफ-सफाई के गुण :- भ्रमण के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने बच्चों के साथ संवाद करते हुए उन्हें दैनिक जीवन में स्वच्छ रहने के फायदे बताए। छात्राओं ने बेहद सरल और रोचक अंदाज में बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने, शारीरिक साफ-सफाई रखने, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन करने तथा शुद्ध पेयजल के महत्व के बारे में समझाया। साथ ही बच्चों को बचपन से ही अच्छी स्वास्थ्य आदतें अपनाने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की महिला नीति प्रभारी डॉ. कमलेश यादव एवं डॉ. प्रिया खंगरावत ने बच्चों को संबोधित करते हुए रोजमर्रा की जिंदगी में स्वच्छ आदतों को शामिल करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही स्वास्थ्य, स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई के प्रति जागरूकता विकसित करना है, ताकि सामाजिक सहभागिता के जरिए एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता यादव ने आभार व्यक्त किया।

घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पर की गई कार्रवाई

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में रसद विभाग की टीम द्वारा घरेलू गैस की अवैध रिफलिंग एवं व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग करने पर 8 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 1 बांसुरीनुमा यंत्र जब्त करने की कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी महेश शर्मा ने बताया कि नयाबास स्थित दौलत डिपार्टमेंटल स्टोर पर घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध गैस रिफलिंग का कार्य किया जा रहा था। जिस पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध होने के कारण 8 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 1 बांसुरीनुमा यंत्र जब्त का कब्जेरात लिया गया एवं सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स अलवर गेसेज रामगंज के प्रतिनिधि श्री मिश्री लाल की सुपुर्दगी में दिया गया। उन्होने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, श्रीमती निर्मला चौधरी एवं प्रवर्तन निरीक्षक श्री अशोक कुमार शर्मा मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने 10 मतदान केंद्रों के 38 बूथों का किया निरीक्षण

डीग भरतपुर (निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के चौथे एवं अंतिम चरण के तहत सोमवार को जिले की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान जारी रहा। मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने डीग क्षेत्र के 10 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुल 38 बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिदावली के 2 बूथ, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुहाना के 3 बूथ, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोह के 3 बूथ, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जटेरी के 3 बूथ तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ा के 3 बूथों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कुम्हेर क्षेत्र के शहीद मोहन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पैंगोर के 3 बूथ, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुम्हा के 4 बूथ, शहीद राहुल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुनसारा के 5 बूथ, शहीद वीरेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजान के 6 बूथ तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ररह के 6 बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज आम चुनाव का यह चौथा एवं अंतिम चरण है। जिले में पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पदों के चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं तथा सोमवार को जिले की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान कराया जा रहा है। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी भी तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मोबाइल पुलिस पार्टी नियुक्त की गई है। इसके साथ ही जोनल एवं एरिया मजिस्ट्रेट के रूप में एसडीएम एवं तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। अब तक मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही है तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। प्रशासन एवं पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद सोमवार रात्रि में होने वाली मतगणना के लिए भी सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतगणना स्थल पर पर्याप्त रोशनी, जनरेटर एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जो मतदाता अभी तक अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाए हैं, वे मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाएं।

20 हजार नकदी सहित चांदी के जेवर और बैट्री चोरी

टोंक। बरोनी थाना क्षेत्र के ककराज खुर्द गांव में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए की नकदी, चांदी के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरों ने वारदात को बड़े ही शातिर अंदाज में अंजाम दिया। सोमवार सुबह करीब 4 बजे परिवार को चोरी की जानकारी मिली तो घर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रोशन किर के मकान में रखे बक्से से चोर करीब 20 हजार रुपए नकद, लगभग पाव भर चांदी की पायजेब, अंगूठियां, चांदी के छोटे-मोटे आभूषण तथा एक झटका मशीन की बैट्री चोरी कर ले गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने लकड़ी और तारों की मदद से सीढ़ीनुमा जुगाड़ बनाकर मकान में प्रवेश किया और वारदात को अंजाम दिया। सुबह गांव के ही मनराज कोली शौच के लिए जा रहे थे। इस दौरान उन्हें घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर दो बक्से पड़े मिले। बक्सों में शादी होने वाले लड़के-लड़कियों की फोटो मिलने पर उन्होंने रोशन किर के घर पहुंचकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद चोरी की वारदात का पता चला। परिजनों के अनुसार रोशन किर की दो बेटियों की शादी देवउठनी के अवसर पर कुछ ही दिनों में होनी थी। शादी की तैयारियों के लिए घर में नकदी और जेवरात रखे हुए थे। चोर शादी के लिए रखे सामान को भी चुरा ले गए। घटना से परिवार की खुशियों के बीच चिंता का माहौल बन गया।

दिवंगत डॉ.जसवंत सिंह यादव के चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित

कोटपूतली। संसदीय कार्य तथा विधि एवं विधिक कार्य विभाग मंत्री जोगाराम पटेल एवं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी तथा राज्यसभा सांसद डॉ. अल्का गुर्जर ने बहरोड विधायक एवं पूर्व मंत्री दिवंगत डॉ. जसवंत सिंह यादव के निधन पर उनके अलवर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर भावभानी श्रृद्धाजंलि अर्पित की तथा शोक संतृप्त परिवारजनों को ढाढस बंधाया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, रामगढ विधायक सुखवंत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने बहरोड विधायक एवं पूर्व मंत्री दिवंगत डॉ. जसवंत सिंह यादव को श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।



मैंने अखिल भारतीय टेनिस संघ के चुनावी मैदान में व्यवस्था को ठीक करने, संगठन की छवि बहाल करने और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के स्पष्ट एजेंडे के साथ कदम रखा है। - लिएंडर पेस

पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी, एआईटीए उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

कपिल देव



पूर्व कप्तान कपिल देव ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेट में विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसले पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका मानना है कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट छोड़कर बड़ी गलती की है और उन्हें अपने इस फैसले पर 10 साल बाद पछतावा हो सकता है। कपिल ने कोहली की फिटनेस का हवाला देते हुए कहा कि वह आज भी 25 साल के किसी युवा खिलाड़ी को फिटनेस के मामले में चुनौती दे सकते हैं। विराट कोहली को अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिए था।

क्या आप जानते हैं ?... न्यूजीलैंड की धरती पर सबसे ज्यादा वनडे जीतने वाली विदेशी टीमों में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरे स्थान पर है (नवंबर 2026 तक 17 जीत)।

इंग्लैंड ने स्पेन को उसी के घर में 3-2 से हराया, 43 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान थमा

मैड्रिड, 16 नवंबर। इंग्लैंड ने रविवार को नेशंस लीग मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए यूरो और विश्व कप विजेता स्पेन को उसी के घरेलू मैदान पर 3-2 से हरा दिया। इस हार के साथ ही स्पेन का लगातार 43 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान समाप्त हो गया। टीम को मार्च 2024 में कोलंबिया के खिलाफ 0-1 की हार के बाद पहली बार शिकस्त झेलनी पड़ी है। इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ पूरे मुकाबले में आक्रामक दबाव बनाए रखा। विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी इंग्लिश टीम की तेज प्रेसिंग के सामने स्पेनिश खिलाड़ी लगातार परेशानी में नजर आए। इंग्लैंड की ओर से कप्तान हैरी केन ने पेनल्टी पर गोल किया। यह इंग्लैंड के लिए उनका 93वां गोल रहा। इसके अलावा डिफेंडर एजरी कोंसा और बेन व्हाइट ने भी गोल दागे। स्पेन की ओर से मिकेल ओयारजाबल ने पेनल्टी पर गोल किया, जबकि निको विलियम्स ने दूसरा गोल किया। बार्सिलोना के स्टार खिलाड़ी लामिन यामल की इन दोनों गोलों में अहम भूमिका रही। मुकाबले के अंतिम चरण में स्पेन ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स ट्रैफर्ड ने कई शानदार बचाव कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। क्वार्टर फाइनल का ड्रॉ शुक्रवार को निकाला जाएगा।

दोहा विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने रचा इतिहास, 2028 ओलंपिक के लिए पहले ही मुकाबले में मिले तीन कोटा

नई दिल्ली, 16 नवंबर। भारतीय निशानेबाजों ने दोहा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 के लिए तीन कोटा स्थान हासिल किए हैं। इसके साथ ही भारत ने कम से कम पिछले पांच ओलंपिक चक्रों में अपनी सबसे शानदार शुरुआती ओलंपिक क्वालीफिकेशन उपलब्धि दर्ज की है। लंदन ओलंपिक-2012 से लेकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 तक के पांच लगातार ओलंपिक चक्रों में यह पहला अवसर है, जब भारतीय निशानेबाजों ने पहले ही क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में तीन कोटा हासिल किए हैं। खास बात यह है कि तीनों कोटा राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धाओं में विश्व चैंपियनशिप के पदक जीतकर मिले हैं। जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। इसके बाद नीरज कुमार ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक हासिल किया, जबकि विवान कपूर ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत को तीसरा ओलंपिक कोटा दिलाया।

सृष्टि ने स्केटिंग में जीते चार स्वर्ण पदक



जयपुर, 16 नवंबर। जयपुर की सृष्टि सिंह ने जगतपुरा स्थित खेल सिटी में आयोजित राज्यस्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीते। सृष्टि ने 1000 मीटर, 1 लैप, 500 मीटर एवं 1000 मीटर इनलाइन स्केटिंग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। चारों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही सृष्टि ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कोच अश्विनी और पिता सुंदर सिंह को दिया।

बेल्ट रेसलिंग विश्व चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान के चार पहलवानों का भारतीय टीम में चयन



जयपुर, 16 नवंबर। गोवा में 14 से 20 दिसंबर 2026 तक आयोजित होने वाली यूडब्ल्यूडब्ल्यू बेल्ट रेसलिंग विश्व चैंपियनशिप के लिए दिल्ली में 14 और 15 नवंबर को आयोजित ट्रायल में राजस्थान के चार पहलवानों ने भारतीय टीम में जगह बनाई है। चयनित खिलाड़ियों में दिगम्बर (74 किग्रा), नोमान (100 किग्रा), अंडर-17 वर्ग में जिशान अली (54 किग्रा) और आमिर खान (110 किग्रा) शामिल हैं। राजस्थान के इन चारों पहलवानों के भारतीय टीम में चयन पर राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष दुर्गा और सचिव इमरान ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका स्वागत किया तथा विश्व चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

अंडर-14 मानसून कप : एनसीसी क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत



जयपुर, 16 नवंबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में एनसीसी क्रिकेट अकादमी ने डीएसए क्रिकेट अकादमी को 151 रन से हराया। एनसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.1 ओवर में 237 रन बनाए। पंकज सैनी ने 28, जबकि सिमरन और सैम ने 25-25 रन का योगदान दिया। डीएसए की ओर से लवेश जांगिड़ ने तीन तथा अनुराज सिंह, कुणाल जांगिड़ और आदित्य शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए क्रिकेट अकादमी की टीम 22 ओवर में 86 रन पर सिमट गई। यश जांगिड़ ने सर्वाधिक 19 रन बनाए। एनसीसी की ओर से रुद्र प्रताप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए छह विकेट झटके, जबकि लक्ष्य यादव ने दो विकेट लिए। रुद्र प्रताप को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आईसीसी का बड़ा फैसला : भारत करेगा 2029 चैम्पियंस ट्रॉफी और 2031 विश्व कप की मेजबानी

नई दिल्ली, 16 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड ने रविवार को 2035 तक होने वाले मुख्य पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की 'विंडो' को मंजूरी दे दी जिसके अंतर्गत भारत नौ से 28 अक्टूबर 2029 तक चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा जबकि 2031 में नौ अक्टूबर से 23 नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेगा।

भारत 2006 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही आईसीसी ने 2031 में वनडे विश्व कप की भारत में वापसी की भी पुष्टि कर दी है। भारत ने इससे पहले अक्टूबर-नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी। वहीं 2027 का वनडे विश्व कप भी अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। भारत और बांग्लादेश 2031 में होने वाले वनडे विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

हालांकि 2031 के बाद होने वाले टूर्नामेंट के मेजबान देशों की घोषणा नहीं की गई है लेकिन उनके आयोजन की तारीखें सार्वजनिक कर दी गई हैं। आईसीसी का यह निर्धारित कार्यक्रम 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप से शुरू होकर 2035 में होने वाले वनडे विश्व कप तक जारी रहेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा, "आईसीसी के टूर्नामेंटों का पोर्टफोलियो और कार्यक्रम क्रिकेट के वैश्विक ढांचे के महत्वपूर्ण हिस्से हैं।

ये इस खेल को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के साथ-साथ पूरे क्रिकेट जगत को एक बेहतर दिशा और संदर्भ प्रदान करते हैं।" उन्होंने कहा, "हम खिलाड़ियों और सदस्य देशों को इन टूर्नामेंटों के बारे में लंबे समय पहले जानकारी उपलब्ध कराने के महत्व को भी समझते हैं। इससे खिलाड़ियों के विकास के लिए बेहतर योजनाएं, उच्च प्रदर्शन वाले कार्यक्रम और व्यवस्थित क्रिकेट कैलेंडर तैयार करने में मदद मिलेगी।

इसके बाद 2035 में होने वाले वनडे विश्व कप का आयोजन भी तय कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट अक्टूबर-नवंबर के दौरान खेला जाएगा, हालांकि इसके मेजबान देश का फैसला अभी नहीं हुआ है। 2028 का टी20 विश्व कप 12 अक्टूबर से 12 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित होगा।

फिर इसके अगले चरण का आयोजन 2030 में होगा जिसकी संयुक्त मेजबानी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और आयरलैंड करेंगे। इसके बाद 2032 और 2034 में भी टी20 विश्व कप आयोजित किए जाएंगे। हालांकि, इन दोनों टूर्नामेंट के मेजबान देशों और आयोजन स्थलों की घोषणा अभी नहीं की गई है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 2035 तक हर दो साल में जून महीने में आयोजित होता रहेगा। इंग्लैंड 2029 और 2031 के फाइनल की मेजबानी करेगा जबकि 2033 और 2035 के फाइनल के मेजबान देशों की घोषणा बाद में की जाएगी।

जय शाह लगातार दूसरी बार निर्विरोध आईसीसी अध्यक्ष नियुक्त, बोर्ड ने जताया भरोसा



नई दिल्ली, 16 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जय शाह को लगातार दूसरी बार अपना अध्यक्ष नियुक्त किया है। बाली में हुई आईसीसी बोर्ड की बैठकों के दौरान निदेशकों के प्रस्ताव के बाद शाह को निर्विरोध दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया। इस फैसले से वैश्विक क्रिकेट के नेतृत्व में निरंतरता बनी रहेगी। आईसीसी बोर्ड का यह निर्णय शाह के नेतृत्व में उसके भरोसे को दर्शाता है। क्रिकेट के वैश्विक विस्तार, प्रशंसकों की संख्या बढ़ाने और व्यावसायिक विकास के लिहाज से यह खेल के लिए महत्वपूर्ण दौर है। क्रिकेट लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 में वापसी की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही आईसीसी ने प्रतियोगिताओं के लिए दीर्घकालिक कार्यक्रम का विस्तार भी घोषित किया है, जिससे अधिक खिलाड़ियों को भागीदारी और विकास के अवसर मिल सकेंगे। बोर्ड ने क्रिकेट की बुनियाद मजबूत करने, महिला क्रिकेट के विकास को समर्थन देने, एसोसिएट सदस्यों के लिए अवसर बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की विश्वसनीयता बनाए रखने और खेल के दीर्घकालिक भविष्य के लिए टिकाऊ व्यावसायिक अवसर विकसित करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। दूसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त होने पर जय शाह ने आईसीसी के हवाले से कहा, आईसीसी बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सभी निदेशकों के निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए मैं उनका दिल से आभार व्यक्त करता हूं। आईसीसी अध्यक्ष के रूप में काम करना मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं दुनिया भर में क्रिकेट के हितों को आगे बढ़ाने के लिए अपने सदस्यों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा, हम अपने खेल के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण और रोमांचक दौर में प्रवेश कर रहे हैं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 में क्रिकेट की वापसी हमारे खेल को नए दर्शकों तक पहुंचाने और खिलाड़ियों तथा प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करने का असाधारण अवसर है।

जसप्रीत बुमराह की वापसी, कुलदीप यादव बाहर

नई दिल्ली, 16 नवंबर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बहुप्रतीक्षित दो मैचों की टेस्ट सीरीज का मंच पूरी तरह से तैयार है। टी 20 और वनडे सीरीज में शानदार जीत दर्ज करने के बाद, अब भारतीय क्रिकेट टीम की निगाहें टेस्ट फॉर्मेट में भी ब्लैक कैप्स (न्यूजीलैंड) को उन्हीं की धरती पर मात देने पर टिकी हैं। सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार, 19 नवंबर 2026 से वेलिंगटन के ऐतिहासिक बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जाएगा। इस अहम दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बेहद संतुलित और मजबूत स्क्वाड की घोषणा की है। खास बात यह है कि न्यूजीलैंड की तेज और उछाल भरी पिचों को ध्यान में रखते हुए चुनी गई यह टीम, श्रीलंका के खिलाफ पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज खेलने वाली भारतीय टीम से काफी अलग नजर आ रही है। गौरतलब है कि सीरीज से पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बोर्ड ने ब्लैक कैप्स (न्यूजीलैंड) के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद के साथ एक मजबूत टीम चुनी है। खास बात यह है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने वाली भारतीय टीम, श्रीलंका के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज खेलने वाली टीम से काफी अलग है। उदाहरण के लिए, न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप और कंबोज, टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज सुदर्शन, और ऑलराउंडर नीतीश और सुंदर को शामिल किया गया है।

आंद्रीवा ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब, शारापोवा के बाद सबसे कम उम्र की चैम्पियन बनी



इंडियन वेल्स, 16 नवंबर। रूस की 19 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी मिर्रा आंद्रीवा ने अपने पहले ही प्रयास में डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। उन्होंने रविवार को खिताबी मुकाबले में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-3 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ आंद्रीवा 2004 में मारिया शारापोवा के बाद डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। आंद्रीवा ने एक घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। वह टूर्नामेंट में एक भी सेट गंवाए बिना चैंपियन बनीं। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर साल का समापन भी सुनिश्चित कर लिया। अब 2027 सत्र की शुरुआत में उनके पास विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनने का मौका होगा। आंद्रीवा ने 2026 का समापन शानदार प्रदर्शन के साथ किया। उनके नाम इस सत्र में टूर स्तर पर 55 जीत और चार खिताब रहे। डब्ल्यूटीए फाइनल्स के अलावा उन्होंने एडिलेड, लिंज और फ्रेंच ओपन में भी खिताब जीते।

लक्ष्य बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में जगह पक्की करने उतरेंगे

नई दिल्ली, 16 नवंबर। भारत के लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी शानदार लय जारी रखते हुए सत्र के अंत में होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में जगह पक्की करने के इरादे से उतरेंगे। हाइलो ओपन और कुमामोतो मास्टर्स जापान में लगातार दो खिताब जीतने वाले 25 वर्षीय लक्ष्य ने विश्व टूर रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचकर चीन के हांगझोउ में होने वाले सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में जगह लगभग पक्की कर ली है। हालांकि उनकी जगह अभी पूरी तरह सुनिश्चित नहीं हुई है क्योंकि कोकी वातानाबे और कुनलावुत वितिदसर्न भी शीर्ष आठ में जगह बनाकर दिसंबर में होने वाले सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में शामिल हैं।

सचिन तेंदुलकर ने ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट के साथ खेला गली क्रिकेट

मुंबई, 16 नवंबर। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने सोमवार सुबह ब्रिटेन के प्रिंस ऑफ वेल्स विलियम और प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट के साथ मुंबई में गली क्रिकेट खेला। बल्लार्ड एस्टेट में आयोजित इस खास सत्र के दौरान वहां मौजूद स्कूली बच्चों ने तीनों का उत्साह बढ़ाया और क्रिकेट का आनंद लिया। सचिन ने सड़क पर बल्ले और गेंद दोनों से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले प्रिंस विलियम के खिलाफ बल्लेबाजी की और बाद में प्रिंसेस केट को गेंदबाजी भी की। इस दौरान विलियम और केट ने भी बल्ला थामकर क्रिकेट खेला। वहां मौजूद बच्चों को भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने का मौका मिला। बच्चों ने अतिथियों के सामने अपना खेल दिखाने की कोशिश की। क्रिकेट सत्र से पहले सचिन ने प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट के साथ कुल्हड़ वाली चाय का आनंद भी लिया। तीनों को पास की एक दुकान से कुल्हड़ में चाय पीते हुए देखा गया।

आईपीएल 2027 में शमी राजस्थान से खेलेंगे

लखनऊ और राजस्थान के बीच 3 खिलाड़ियों की अदला-बदली, हर्षल चार करोड़ में गुजरात से जुड़ेंगे



नई दिल्ली, 16 नवंबर। आईपीएल 2027 से पहले राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच तीन खिलाड़ियों का ट्रेड हुआ है। मोहम्मद शमी राजस्थान और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन लखनऊ की टीम में जाएंगे। वहीं, लखनऊ के लेफ्ट आर्म स्पिनर एम. सिद्धार्थ भी राजस्थान से जुड़ेंगे। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल गुजरात टाइटंस में शामिल होंगे। गुजरात ने इस ऑल-कैश ट्रेड के लिए 4 करोड़ रुपए देने पर सहमति जताई है।

राजस्थान को पिछले सीजन प्लेऑफ में जगह बनाने के बावजूद पावरप्ले में गेंदबाजी की कमजोरी से जूझना पड़ा था। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में 10.14 रन प्रति ओवर दिए थे। ऐसे में मोहम्मद शमी को टीम में शामिल करना पावरप्ले की गेंदबाजी मजबूत करने की कोशिश मानी जा रही है। उनकी जोड़ी जोफ्रा आर्चर के साथ बन सकती है। 36 साल के शमी ने आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 13 मैचों में 12 विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 9.00 रहा। 2024 से अब तक उन्होंने पावरप्ले में 14 विकेट लिए हैं और इस दौरान 8.76 की इकोनॉमी से रन दिए हैं। वहीं, 2026 में लखनऊ की पावरप्ले गेंदबाजी का इकोनॉमी रेट 8.71 रहा था। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में 23 विकेट लिए थे, जिसमें शमी की अहम भूमिका रही।

लखनऊ को सैम से ऑलराउंडर का विकल्प मिलेगा

लखनऊ को सैम करन के रूप में ऐसा ऑलराउंडर मिलेगा, जो बल्लेबाजी में अलग-अलग नंबरों पर उतरने के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकता है।

करन पंजाब और चेन्नई के लिए खेल चुके हैं। लखनऊ उनकी तीसरी फ्रेंचाइजी होगी। वे चोट के कारण आईपीएल 2026 में नहीं खेल पाए थे।

इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने 2022 में टीम को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें टूर्नामेंट का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

करन लखनऊ की कप्तानी के दावेदार भी हो सकते हैं। ऋषभ पंत के दिल्ली कैपिटल्स में लौटने के बाद टीम को नए कप्तान की जरूरत है। हालांकि, कप्तानी की दौड़ में एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस के नाम भी शामिल हैं।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : रजत के तूफानी शतक की बदौलत मध्य प्रदेश की 131 रन से जीत



नई दिल्ली, 16 नवंबर। रजत पाटीदार की 48 गेंदों में नाबाद 135 रन की तूफानी पारी की बदौलत मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में सोमवार को असम को 131 रन से करारी शिकस्त दी। दिन के अन्य मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश ने भी जीत दर्ज की। न्यू चंडीगढ़ के पीसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 250 रन बनाए। पाटीदार ने अपनी विस्फोटक पारी में विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उन्हें शिवांग कुमार का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 38 गेंदों में 61 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार साझेदारी कर मध्य प्रदेश को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। अंकुश सिंह ने 13 गेंदों में 23 और अक्षत रघुवंशी ने 11 गेंदों में 19 रन का योगदान दिया। असम की ओर से आकाश सेनगुप्ता ने तीन और मृण्मय दत्ता ने दो विकेट लिए। जवाब में असम की टीम 17.4 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। सिबशंकर रॉय ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, जबकि साहिल जैन ने 20 और प्रद्युम्न सैकिया ने 18 रन का योगदान दिया। मध्य प्रदेश की ओर से कुमार कार्तिकेय ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। आवेश खान और राहुल बाथम ने दो-दो विकेट हासिल किए।

जम्मू-कश्मीर ने तमिलनाडु को छह रन से हराया

इंदौर के होलकर स्टेडियम में जम्मू-कश्मीर ने रोमांचक मुकाबले में तमिलनाडु को छह रन से शिकस्त दी। जम्मू-कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाए। कमरान इकबाल ने 37 गेंदों में 70 और शुभम खजूरिया ने 34 गेंदों में 53 रन की पारी खेली।

पाक के खिलाफ खिताबी मुकाबले में भारत की नजरें ऐतिहासिक हैट्रिक पर

ढाका, 16 नवंबर। गत चैंपियन भारतीय फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी। भारतीय टीम की नजरें लगातार तीसरी बार खिताब जीतकर इतिहास रचने और अपना 10वां खिताब हासिल करने पर होंगी। भारत ने अब तक रिकॉर्ड नौ बार सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीता है। टीम ने 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015, 2021 और 2023 में यह उपलब्धि हासिल की है। हालांकि, भारतीय टीम अब तक लगातार तीन संस्करणों में खिताब नहीं जीत सकी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की वेबसाइट के अनुसार, भारत ने 15 संस्करणों में से 14 में शीर्ष दो में जगह बनाई है। केवल 2003 में टीम फाइनल तक नहीं पहुंच सकी थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान पहली बार सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। टीम इससे पहले चार बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी, जिसमें पिछला मौका 2018 में आया था। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने मेजबान बांग्लादेश को 1-0 से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब्दुल समद ने 86वें मिनट में निर्णायक गोल किया।

आईएसपीएल : चौथे सत्र की नीलामी में आठों टीमों का मूल्य 10.40 करोड़ के पार

अभिषेक डालहोर सबसे महंगे खिलाड़ी, सरोज परमानिक रहे सबसे महंगे नए खिलाड़ी

मुंबई, 16 नवंबर। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के चौथे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में आठों फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमें पूरी कर ली हैं। टेनिस बॉल से खेले जाने वाले इस टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट की नीलामी में कुल 144 खिलाड़ियों पर बोली लगी और सभी टीमों का संयुक्त मूल्य 10.40 करोड़ रुपये से अधिक रहा। अहमदाबाद लायंस ने ऑलराउंडर सरोज परमानिक को 28.55 लाख रुपये में खरीदकर नीलामी का सबसे महंगा नया खिलाड़ी बनाया। माझी मुंबई के रिटेन किए गए ऑलराउंडर अभिषेक डालहोर 34.65 लाख रुपये के मूल्य के साथ सभी खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। माझी मुंबई ने राइट टू मैच विकल्प का इस्तेमाल करते हुए पिछले सत्र के कप्तान विजय पावले को 23.40 लाख रुपये में दोबारा टीम में शामिल किया। फाल्कन राइजर्स हैदराबाद ने गेंदबाज अनुराग सरशर को 22 लाख में खरीदा, जबकि ऑलराउंडर प्रवीण कुमार को आरटीएम के जरिए 21.50 लाख रुपये में टीम में वापस लाया गया। अहमदाबाद लायंस ने अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करते हुए फर्डीन काजी को 20.50 लाख और संजय कनोजिया को 20.25 लाख रुपये में खरीदा। चेन्नई सिंगम्स ने आरटीएम विकल्प का इस्तेमाल कर केतन म्हात्रे को 20.05 लाख रुपये में फिर से टीम में शामिल किया।

राजस्थान ने झारखंड को 55 रन से हराया, विजय मर्चेंट ट्रॉफी में भी पहली पारी की बढ़त

जयपुर, 16 नवंबर। बीसीसीआई की सीनियर सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड को 55 रन से पराजित किया। मुंबई में खेले गए मुकाबले में राजस्थान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 166 रन पर ऑलआउट हो गई। कार्तिक शर्मा ने 39, रोहन राजभर ने 35 और महिपाल लोमरोड़ ने 20 रन बनाए। जवाब में झारखंड की टीम राजस्थान के गेंदबाजों के सामने 111 रन पर सिमट गई। झारखंड की ओर से सुशांत मिश्रा ने नाबाद 40 और पंकज कुमार ने 24 रन बनाए। राजस्थान के लिए मानव सुथार ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि दीपक चाहर, राहुल चाहर और हिमांशु राणा ने 2-2 विकेट हासिल किए। रोहन राजभर को एक विकेट मिला। वहीं, बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान और गोवा के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। राजस्थान ने पहली पारी में बढ़त हासिल की। गोवा के 228 रन के जवाब में राजस्थान ने कप्तान कुमार वासुदेव की शानदार 153 रन की पारी की बदौलत 386 रन बनाए। गोवा की ओर से शौर्य छोडांकर ने 74 रन देकर 5 विकेट लिए। गोवा ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 157 रन बनाए। वंश कुद्तारकर ने नाबाद 59 रन बनाए। राजस्थान के लिए लवमीत गुर्जर ने 4 और निलय अरोड़ा ने 2 विकेट लिए।



अंडर-23 टी-20 के अभ्यास मैच 17 नवंबर से : राजस्थान अंडर-23 पुरुष टी-20 टीम के अभ्यास मैच 17 से 21 नवंबर तक जयपुर में खेले जाएंगे। राजस्थान और पंजाब के बीच चार मुकाबले होंगे। इसके अलावा टीम ए और टीम बी के बीच भी चार अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे। मुकाबले जयपुरिया ग्राउंड और एएम स्क्वायर ग्राउंड पर खेले जाएंगे।

अंपायर और मैच रेफरी विवाद की जांच के लिए आरसीए ने बनाई तीन सदस्यीय समिति : अंडर-23 बॉयज टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में 15 नवंबर को केएल सैनी स्टेडियम में टीम-डी और टीम-जे के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान अंपायर जी. वशिष्ठ और मैच रेफरी अतुल भाटिया के बीच हुए विवाद की जांच के लिए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। आरसीए प्रशासक की ओर से गठित समिति में वरिष्ठ चयन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र यादव को चेयरमैन, प्रणय शर्मा को सदस्य तथा आरसीए स्टाफ और मैच के ग्राउंड इंचार्ज ओम शर्मा को सदस्य बनाया गया है। समिति दोनों अधिकारियों की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट और बयान की समीक्षा करेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके पक्ष सुनकर अपनी जांच रिपोर्ट और सिफारिशें सौंपेगी। जांच पूरी होने तक अंपायर जी. वशिष्ठ और मैच रेफरी अतुल भाटिया की आरसीए की किसी भी क्रिकेट गतिविधि में भागीदारी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

अजीम गोल्ड कप : इंस्पायर और सोलफिल फाइटर्स फाइनल में

अमन की 91 रन की पारी से इंस्पायर जीती, राहुल के 79 रन से सोलफिल फाइटर्स ने बनाई जगह







जयपुर, 16 नवंबर। रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे अजीम गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में इंस्पायर क्रिकेट अकादमी ने रेलवे क्रिकेट अकादमी को 33 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इंस्पायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 205/6 रन बनाए। अमन सिंह शेखावत ने 91 और कुलवंत खेजरोलिया ने नाबाद 40 रन बनाए। जवाब में रेलवे क्रिकेट अकादमी की टीम 172 रन पर सिमट गई। लखन भारती ने 50 रन बनाए। गेंदबाजी में सज्जन शर्मा, मोहित और सलीम ने दो-दो विकेट लिए। अमन सिंह शेखावत मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे सेमीफाइनल में सोलफिल फाइटर्स ने अब्बास क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब्बास अकादमी ने 20 ओवर में 214/7 रन बनाए। मितेश ने 57, जसवंत चौहान ने नाबाद 55 और दिव्यांश तंवर ने 53 रन बनाए। जवाब में सोलफिल फाइटर्स ने 18.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राहुल खंडेलवाल ने 79 और जयंत तांबी ने 40 रन बनाए। विनय चौधरी ने चार विकेट लिए। राहुल खंडेलवाल मैन ऑफ द मैच रहे। अब फाइनल में इंस्

पाँच साल बाद सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ा- मुख्यमंत्री भजनलाल

उन्होंने कहा कि नीति और नीयत को धरातल पर उतारने से सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता बढ़ी

जयपुर, 16 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक भविष्य की आधारशिला बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके लिए शिक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार करते हुए, सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता, समान अवसर, सुरक्षा और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

राज्य सरकार ने नीति और नीयत से धरातल पर परिणाम उतारकर दिखाए हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का सबसे मजबूत आधार शिक्षक और विभागीय कार्मिक हैं। इसी दृष्टि से विभिन्न संवर्गों में अब तक कुल 48,465 नई नियुक्तियां दी गई हैं। विद्यालयों में 19,000 सहायक कर्मचारियों की पदस्थापना की है। साथ ही, 66,047 पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं, जो पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल में की गई 58,339 पदोन्नतियों से अधिक हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष कक्षा 10 का परिणाम 94 प्रतिशत से अधिक रहा। राज्य की कुल 23 प्रतिशत बालिकाओं और 20 प्रतिशत बालकों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए उठाए गए इन कदमों से सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ कर 73 लाख हुआ है। नए सत्र के साथ ही, कक्षा 1 से 12 तक 4.42 करोड पाठ्य-पुस्तकें समय पर वितरित की गई हैं। विद्यालयों की आधारभूत संरचना पर अब तक 2,723 करोड रुपये से अधिक व्यय किए जा चुके हैं।

सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को समान समय पर प्रारम्भ करने तथा राजकीय विद्यालयों में और अधिक नामांकन बढ ाने के उद्देश्य से शैक्षिणक सत्र 2026-27 की शुरुआत 1 अप्रैल से की गई। कक्षा 10 और 12 के परिणाम मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में जारी किए गए, ताकि विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए इंतजार न करना पडे। कोविड के बाद लगातार गिरते नामांकन की प्रवृत्ति को पहली बार पलटते हुए राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या गत वर्ष के लगभग 72.50 लाख से बढ कर 73 लाख हो गई है।

इस वर्ष कक्षा 10 का बोर्ड परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत से अधिक रहा। 23 प्रतिशत से अधिक बालिकाओं तथा 20 प्रतिशत बालकों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 में विज्ञान और कला वर्ग का परिणाम 97.5 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग का परिणाम 93.5 प्रतिशत रहा।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत, राज्य सरकार के कार्यकाल में निजी विद्यालयों को कुल 2,146.35 करोड रुपये का पुनर्भरण किया गया है। सत्र 2025-26 में 2.37 लाख नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिया गया तथा सत्र 2026-27 में 4.39 लाख नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश से जोडने की कार्रवाई की गई है।

यूक्रेन ने एक रात में रूस पर 1336 ड्रोन दागे

मॉस्को, 16 नवंबर। रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ने वाले कर्च ब्रिज पर यूक्रेन ने एक बार फिर हमला किया है। इस बार समुद्र के ऊपर बने इस ब्रिज पर ड्रोन से हमला किया गया। रूस के अनुसार, हमले से ब्रिज को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है और उससे होकर वाहनों का आवागमन जारी है।

रविवार-सोमवार की रात यूक्रेन ने रूस पर लगभग पांच वर्ष के युद्धकाल का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। इस हमले में 1,336 हमलावर ड्रोन रूस के 16 इलाकों में छोड़े गए, लेकिन इससे हुए नुकसान का ब्योरा सामने नहीं आया है।

- रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ने वाले कर्च ब्रिज को यूक्रेन ने निशाना बनाया।

यूक्रेन का हिस्सा रहे क्रीमिया पर 2014 में कब्जे के बाद रूस ने कर्च स्ट्रेट के ऊपर 19 किलोमीटर लंबे इस ब्रिज का निर्माण कराया था। रूस और क्रीमिया को सड़क और रेलमार्ग से जोड़ने वाला यह अकेला साधन है। युद्ध के दौरान इस ब्रिज पर सबसे पहले 2022 में हमला हुआ था, तब इसे ज्यादा नुकसान हुआ था। उसके बाद मरम्मत के लिए कई महीने तक वाहनों के आवागमन के लिए इसे बंद रखा गया था। लेकिन इसके बाद हुए हमलों में ब्रिज को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। क्रीमिया के गवर्नर सर्गेई अकस्योनोव ने बताया है कि ताजा हमले के चलते ब्रिज के जरिये आवागमन कुछ घंटों के लिए रोका गया, लेकिन नुकसान के आकलन के बाद इसे पुन: वाहनों के लिए खोल दिया गया।

भारी भरकम धनराशि खर्च करने के बाद भी यमुना का प्रदूषण बढ़ा

सुप्रीम कोर्ट ने नदी किनारे बसे शहरों, कस्बों व गांवों के प्रशासन को विफलता का जिम्मेदार माना

नई दिल्ली, 16 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने यमुना नदी की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सफाई पर भारी-भरकम धनराशि खर्च किए जाने के बावजूद, नदी में प्रदूषण कम होने के बजाय और बढ़ गया है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल नये सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट बनाने से नदी साफ नहीं होगी, औद्योगिक कचरा और बिना उपचारित सीवरेज को स्रोत पर ही देखना होगा।

जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस स्थिति के लिए नदी किनारे बसे शहरों, कस्बों और गांवों के नागरिक प्रशासन की विफलता को जिम्मेदार ठहराया। न्यायालय ने यमुना बेसिन से जुड़े सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों को दो सप्ताह के भीतर वरिष्ठ नोडल अधिकारी नियुक्त करने का आदेश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी, 2027 को निर्धारित की गई है।

सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने टिप्पणी की कि यमुना की खराब सेहत और इसमें गंदा पानी छोड़ने वाले 520 नाले, नदी के किनारे पर बसे क्षेत्रों की लचर नागरिक व्यवस्था का आईना हैं।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाने से नदी साफ नहीं होगी, बल्कि औद्योगिक कचरे और बिना उपचारित सीवेज को उनके स्रोत पर ही रोकना होगा।

न्यायालय ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को निर्देश दिया है कि वह हर राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश और जिले में यमुना तथा प्रमुख नालों के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर पानी की गुणवत्ता की निगरानी करे। यदि किसी राज्य या जिले से गुजरते समय पानी की गुणवत्ता खराब होती है, तो संबंधित प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर पर्यावरणीय जुर्माना लगाया जाएगा।

सोनिया गांधी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिससे उन्हें बहुत इम्पॉर्टेंस मिली।

भाजपा में शामिल हो चुके कैप्टन अमरिंदर सिंह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, क्योंकि सोनिया गांधी के साथ उनके करीबी संबंध हैं।

दिलचस्प बात यह भी है कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी वहां मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए सोनिया गांधी के खिलाफ खुलकर बगावत की थी। इसके बावजूद, वे पूर्व मुख्यमंत्रियों के लिए निर्धारित कोटे में वहाँ मौजूद थे।

यह एक दिलचस्प आयोजन था, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से इसका कोई खास प्रभाव नहीं दिखा, क्योंकि राजनीतिक मुद्दों को पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर दिया गया था।

कुलगाम में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये

मृतकों में एक लश्कर तैयबा का कमांडर, लतीफ भट होने की संभावना

कुलगाम, 16 नवंबर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

- कश्मीर ज़ोन पुलिस ने पिछले सप्ताह सीआरपीएफ नाके पर हुए हमले के बाद से बड़ा अभियान चला रखा था। सुरक्षा बलों की घेराबंदी के बाद मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये।

यह मुठभेड़ जिले के मीर बाजार इलाके में पिछले सप्ताह सीआरपीएफ चौकी पर आतंकवादियों की गोलीबारी के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जिसमें तीन जवान घायल हो गए थे।

कश्मीर ज़ोन पुलिस ने आज सुबह बताया कि सीआरपीएफ नाके पर पिछले सप्ताह हुए हमले के बाद से बड़ा अभियान चल रहा था, जिसमें तीन जवान घायल हो गए थे। कुलगाम में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जिले के लारू इलाके में घेराबंदी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। पूरे इलाके को घेर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक स्थानीय सहित, दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान की जा रही है। माना जा रहा है कि साउथ कश्मीर के लारू कुलगाम में पुलिस और दूसरी फोर्स के साथ एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों में एक लश्कर तैयबा का कमांडर लतीफ भट भी शामिल है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

राम मंदिर की यात्रा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में सामने आया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के दीपोत्सव में बोलते हुए कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले, संतों पर लाठीचार्ज कराने वाले और अयोध्या की उपेक्षा करने वाले लोगों को माफी मांगने और पश्चाताप करने के बाद ही वहां जाना चाहिए। भाजपा नेताओं ने इस दौरे को अपने हिंदुत्व नैरेटिव को कमजोर करने की देर से की गई एक अवसरवादी कोशिश बताया है। उनका कहना है कि यह यात्रा सपा पर लम्बे समय से लगाये जा रहे इस आरोप को हल्का करने की कोशिश है कि जनवरी 2024 में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद समाजवादी पार्टी ने मंदिर से दूरी बनाए रखकर लंबे समय से "तुष्टीकरण की राजनीति" की है।

समाजवादी पार्टी ने इसके जवाब में मंदिर में चढ़ावे की चोरी के आरोपों को मुद्दा बनाया है। पार्टी ने, खास तौर पर अयोध्या के नेता पवन पांडेय और खुद अखिलेश यादव के जरिए, चढ़ावे के प्रबंधन में गड़बड़ियों को उजागर किया था। विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच के बाद, आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया, करीब 80 लाख रुपये बरामद किए गए और चंपत राय सहित, मंदिर ट्रस्ट के कुछ प्रमुख पदाधिकारियों को इस्तीफा देना पड़ा। जांचकर्ताओं ने नकदी को बिना अनुमति हटाने या छिपाने के कई मामले सामने आने की बात कही। यादव ने बार-बार भाजपा पर "चंदा चोरी" का आरोप लगाया है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया है कि मुख्यमंत्री के बार-बार अयोध्या जाने के बावजूद, इस तरह की लापरवाही कैसे हुई। इस तरह उन्होंने इस मुद्दे को चुनाव में एक प्रभावशाली मुद्दा बना दिया है तथा मंदिर निर्माण और प्रबंधन पर भाजपा के नैतिक अधिकार के दावे को चुनौती दी है।

'ग्यारह साल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को साबित कर सके। अदालत ने कहा कि आजकल वैवाहिक विवादों के दौरान अनुचित मांगों को मनवाने और दबाव बनाने के लिए दहेज प्रताडना की धारा को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। अस्पष्ट और सामान्य आरोपों की यदि समय पर जांच न हो, तो यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग बन जाता है। अदालत ने कहा कि झूठे और सामान्य आरोपों के आधार पर लंबा आपराधिक मुकदमा चलने के बाद यदि अंत में आरोपी बरी भी हो जाए, तो भी यह लंबी न्यायिक प्रक्रिया व्यक्ति के मानसिक और सामाजिक जीवन पर गहरे जख्म छोड जाती है, जिसे हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

केस से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सुराणा ने बताया कि उदयपुर निवासी याचिकाकर्ता की शादी 23 जून 2004 को जयपुर निवासी युवती से हुई थी। दोनों के बीच वैवाहिक मतभेद और विवाद होने पर पत्नी ने 2 दिसंबर 2015 को जयपुर के महिला थाने में पति और उसके परिवार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया था। इस मामले में आरोप तय होने के बाद, पति ने हाईकोर्ट में एफआईआर को रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी।

'उचित चिकित्सा नहीं मिली तो शायद जिंदा नहीं लौट सकूं'

इस्लामाबाद, 16 नवंबर। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को देश की शीर्ष अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों से अपने और पत्नी बुशरा बीबी के लिए उचित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी बिगड़ती सेहत जानलेवा साबित हो सकती है। इमरान ने पहले दिए गए अदालती आदेशों को लागू करने और जेल में बेहतर सुविधाएं देने की मांग भी की है।

- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शीर्ष अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र लिखा।

इमरान खान के वकील, बैरिस्टर सलमान सफदर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनका यह खुला पत्र साझा किया। उन्होंने पिछले सप्ताह अदियाला जेल में इमरान खान से मुलाकात की थी।

74 वर्षीय इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट और इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को संबोधित पत्र में अपनी सेहत को लेकर चिंता जताई। उन्होंने लिखा, "74 साल की उम्र में यह लगातार बनी हुई स्थिति मुझे ऐसी जगह ले जा रही है, जहां से शायद मैं जिंदा वापस न लौट सकूं।"

'सन्नी देओल की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नकारात्मक चरित्र चित्रण किया गया है। इससे चिकित्सकों और मरीजों के बीच सालों से बना विश्वास का रिश्ता प्रभावित हो सकता है।

इसके अलावा इससे चिकित्सकों की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है और स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति हिंसा को बढ ावा मिलने की आशंका है। याचिका में आपत्ति दर्ज की गई कि इसमें चिकित्सकों को पेशेवर नैतिकता के बजाए कमीशन से प्रेरित दिखाया गया है। याचिका में कहा गया कि उन्हें रचनात्मक आपत्ति से विरोध नहीं है, लेकिन इस अभिव्यक्ति के नाम पर चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास से समझौता न किया जाए। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में उचित स्तर पर अभ्यावेदन पेश कर आपत्ति भी दर्ज कराई है।

वहीं, केन्द्र सरकार की ओर से एएसजी भरत व्यास ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व सक्षम स्तर पर देखा जाएगा तथा लोक व्यवस्था, शालीनता और नैतिक मानदंडों के आधार पर विचार किया जाएगा और याचिकाकर्ता की ओर से पेश अभ्यावेदन पर भी विचार किया जाएगा। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने फिल्म निर्माता को नोटिस जारी करते हुए बिना प्रमाण पत्र फिल्म का प्रदर्शन नहीं करने को कहा है।

सोनिया गांधी ने अपने "बुक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सोनिया गांधी की बहनों ने भी उनकी मदद की। सोनिया की दो बहनों, नाडिया और अनुष्का ने भी अतीत की यादों को फिर से जोड़ने में उनकी मदद की।

उनकी छोटी बहन नाडिया, जिन्हें सोनिया परिवार की "रिकॉर्ड कीपर" (घटनाओं का लेखा-जोखा रखने वाली) बताती हैं, ने संस्मरण के लिए परिवार की तस्वीरें भेजीं। जब भी सोनिया को किसी घटना या बात को याद करने में मदद की जरूरत होती थी, उनकी दोनों बहनें, नाडिया और बड़ी बहन अनुष्का उपलब्ध रहती थीं।

सोनिया याद करती हैं कि जब वे अपने जीवन के पुराने पलों को फिर से याद करने की कोशिश करती थीं, तो उनकी दोनों बहनें उनके बार-बार पूछे जाने वाले सवाल "ती रिकोरदी...?" का तुरंत जवाब देती थीं। इतालवी भाषा के इस वाक्य का अर्थ है, "क्या तुम्हें याद है...?"

परिवार की एक और, नई पीढ़ी ने भी इस किताब में योगदान दिया है।

सोनिया गांधी के नाती रेहान वाड्रा और उनकी मंगेतर अवीवा बेग ने संस्मरण के पिछले कवर पर छपी तस्वीर खींची है।

दिल्ली में खींची गई इस तस्वीर में सोनिया साड़ी पहने, कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती नजर आ रही हैं। उनके चांदी जैसे सफेद बाल पीछे की ओर समेटे हुए हैं और उन पर एक हेयरबैंड लगा है।

दिलचस्प बात यह है कि किताब के आगे और पीछे, दोनों कवर पर छ: दशकों का एक खास फैमिली कनैक्शन है। किताब के आगे के कवर पर छपी ब्लैक एंड वाइट तस्वीर 1966 में इटली के ट्यूरिन में राजीव गांधी ने खींची थी। उस समय सोनिया केवल 20 वर्ष की थीं। वहीं, पीछे के कवर पर छपी रंगीन तस्वीर छह दशक बाद रेहान और अवीवा ने खींची।

जब राजीव गांधी ने युवा सोनिया की तस्वीर खींची थी, तब वे नेहरू-गांधी परिवार का हिस्सा भी नहीं बनी थीं। वहीं, उनके नाती और उनकी मंगेतर ने इस यादगार किताब के लिए उनकी फोटो खींची जो उनके असाधारण सफर को दिखाती है।

'दो सप्ताह में न्यू ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर अतिक्रमण हटाने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि अतिक्रमण से जुड़ी 93 आपत्तियों को क्षेत्राधिकार के चलते नगर निगम भेजा है। इसके अलावा, जेडीए की ओर से मौके से अतिक्रमण हटाने के लिए 13 नवंबर को कार्रवाई करना तय किया गया था। मौके पर विरोध की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर पुलिस बल की मांग की गई थी, लेकिन वर्तमान में पंचायत चुनाव होने के चलते पुलिस बल नहीं मिल पाया। ऐसे में उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जाए। वहीं, करीब एक दर्जन प्रभावितों की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर पक्षकार बनाने की गुहार की गई, जिसे कोर्ट ने अस्वीकार करते हुए इंटरवीनर के तौर पर अपना पक्ष रखने की छूट दी है। जनहित याचिका में कहा गया कि शहर के मास्टर प्लान में सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक की रोड सौ फीट चौड़ी है। यहां स्थित विश्वानगर की रोड भी तीस फीस चौडी है। मौके पर अतिक्रमण और पार्किंग से रोड की चौड़ाई घटकर काफी कम रह गई है। जिससे यहां आए दिन ट्रैफिक जाम रहता है।

बिलकीस बानो केस के दो दोषियों की उम्रकैद पर रोक

नई दिल्ली, 16 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में दो दोषियों की उम्रकैद की सजा पर रोक लगाने के साथ ही, उन्हें जमानत दे दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने गौर किया कि

- सुप्रीम कोर्ट ने, 17 साल से जेल में रह रहे दोनों दोषियों को जमानत दी।

दोनों दोषी 17 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले के दोषियों, बिपिन चंद्र जोशी और प्रदीप मोर्डिया को जमानत दी। न्यायालय ने इस पर भी गौर किया कि अपीलकर्ताओं में से एक का नाम एफआईआर में नहीं था और उसे लगभग तीन साल बाद इस मामले में फंसाया गया था।

समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारा सम्मानजनक होना चाहिए - राहुल गांधी

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की सर्व समन्वय समिति की बैठक में सभी चुनावी मुद्दों पर चिंतन किया

नई दिल्ली, 16 नवंबर। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस की आज दिल्ली में बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) से सीट बंटवारे को लेकर कहा कि यह सम्मानजनक होना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि सबको साथ लेकर चलना होगा। समाजवादी पार्टी हमारी महत्वपूर्ण अलायंस पार्टनर है।

इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा, सांसद इमरान मसूद और प्रभारी राजन्द्र पाल गौतम मौजूद रहे।

सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 5 सदस्यीय कमेटी बनाई है, जो अखिलेश यादव के साथ सीटों के बंटवारे से लेकर, बाकी तमाम विषयों पर मंथन और समन्वय स्थापित करेगी। इस कमेटी में प्रियंका गांधी, के सी वेणुगोपाल, राजेन्द्र पाल गौतम, इमरान मसूद और अराधना मिश्रा मोना होंगे।

- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन दो बातों पर अटल रहा है। पहला सीटों की संख्या तथा दूसरा स्वामी प्रसाद मौर्य की गठबंधन में वापसी।

खड़गे ने बैठक के बाद एक्स पोस्ट में कहा कि आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर गहन चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव देश की राजनीति को नई दिशा देंगे। प्रदेश की जनता परिवर्तन की ओर देख रही है और सामाजिक न्याय, समान अवसर तथा वंचित वर्गों के अधिकारों को मजबूत होते देखना चाहती है।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की जनता के सामने एक मजबूत विकल्प प्रस्तुत करेगी। कांग्रेस की ये बैठक ऐसे समय में हुई है, जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में दो अहम मसलों पर लंबे समय से पेंच फंसा है। पहला है, सीटों का बंटवारा और दूसरा गठबंधन में स्वामी प्रसाद मौर्य को शामिल करने की कांग्रेस की कवायद।

पिछले दिनों अखिलेश यादव ने दावा किया कि कांग्रेस ने 403 में 181 सीटों की डिमांड की है। साथ ही अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य को गठबंधन में लाने से इनकार कर चुके हैं। मौर्य की राहुल गांधी से मुलाकात के बाद, गठबंधन में शामिल होने की अटकलें शुरू हुई थी।

यूपी के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी खराब रहा है। 2022 में वह मात्र दो सीटें जीती थी और उसे 2.33 फीसदी वोट मिले थे। 2017 में 6.25 फीसदी वोट मिले थे और पार्टी सात सीटें जीती थी।

चीन ने पूर्णतय ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संचालन की सुरक्षा जैसे मुद्दे बेहद महत्वपूर्ण बने रहेंगे। फिलहाल, सीई-25ए की पहली मानव-संचालित उड़ान को व्यावसायिक क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि के बजाय एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए।

लेकिन यह उड़ान यह संकेत जरूर देती है कि बैटरी से चलने वाले रीजनल पैसेंजर एविएशन की संभावना अब धीरे-धीरे प्रयोग के स्तर से निकलकर व्यावहारिक इस्तेमाल की दिशा में बढ़ रही है।

अमेरिका ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ युद्धपोतों का एक समूह भी रहता है, जिसे कैरियर स्ट्राइक ग्रुप कहा जाता है।

थियोडोर रूजवेल्ट को अमेरिका ने ऐसे समय पर भेजा है, जब उसका ईरान के साथ तनाव बढ़ रहा है। ईरान ने सप्ताहांत में दावा किया कि उसने बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। ईरान ने शुक्रवार को दावा किया था कि उसने बहरीन में अमेरिका के शुरुआती चेतावनी देने वाले रडार सिस्टम को निशाना बनाया।

सिंधु घाटी सभ्यता की कांस्य प्रतिमा "डांसिंग गर्ल" युगे युगैन भारत म्यूज़ियम में रखी जायेगी

साढ़े चार हज़ार वर्ष पुरानी प्रतिमा "अर्ली आइडियाज़ ऑफ अडॉर्नमैंट" खंड में प्रदर्शित की जायेगी

नई दिल्ली, 16 नवंबर। सिंधु घाटी सभ्यता की करीब 4500 वर्ष पुरानी कांस्य प्रतिमा "डांसिंग गर्ल" जल्द ही दुनिया के सबसे बड़े म्यूजियम "युगे युगैन भारत" की पहली गैलरी में स्थापित होगी। नए संग्रहालय में प्रतिमा अर्ली आइडियाज ऑफ अडॉर्नमेंट (आभूषण और अलंकरण की प्रारंभिक अवधारणाएं) नामक खंड में प्रदर्शित की जाएगी। इस खंड में निजाम के आभूषण, तक्षशिला के प्राचीन आभूषण (गहने), जो भारतीय उपमहाद्वीप की समृद्ध और उत्कृष्ट स्वर्णकारी एवं धातु-शिल्प कला का बेहतरीन उदाहरण है, इसके साथ गांधार के आभूषण प्रदर्शित किए जाएंगे।

केन्द्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी इस प्रतिमा को युगे युगैन भारत संग्रहालय की पहली गैलरी में स्थानांतरित किया जाएगा। इस गैलरी में देश भर के संग्रहालयों में रखे सभ्यतागत आभूषणों को स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा राष्ट्रीय संग्रहालय का भी कायाकल्प किया जाएगा इसके तहत, संग्रहलाय में रखी 90 प्रतिशत से अधिक पुरातन, ऐतिहासिक धरहरों को वहां प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही, यहां से कई प्राचीन धरोहर को युगे युगैन भारत संग्रहालय में शिफ्ट किया जाएगा। अगले साल तक इस संग्रहालय की पहली गैलरी आम जनता के लिए खोल दी जाएगी।

- केन्द्रीय संस्कृति सचिव के अनुसार इस गैलरी में देश भर के संग्रहालयों में रखे सभ्यतागत आभूषणों को स्थानांतरित किया जायेगा।

डांसिंग गर्ल सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे प्रसिद्ध कलाकृतियों में से एक है। लगभग 4500 वर्ष पुरानी यह कांस्य प्रतिमा प्राचीन भारत की धातु शिल्पकला, कलात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण उदाहरण मानी जाती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908